सूर्योदय 6:49 सूर्यास्त 5:24

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.8 न्यू | 17.0 अधि |
| धर्मशाला | 8.9 न्यू | 22.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77155.79 |
| निफ्टी | 23349.90 |
| सोना 77,950 | चांदी 93,091 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



वाका में टीम इंडिया के सामने कठिन चुनौती

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 22 नवंबर 2024 | 7 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 336, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### केजरीवाल को लगा झटका सुनवाई पर रोक से इनकार



**नई दिल्ली।** हाईकोर्ट ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल के खिलाफ सुनवाई पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया। केजरीवाल दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 से जुड़ी अनियमितताओं के मामले में आरोपी हैं। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने केजरीवाल की उस याचिका पर जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय से जवाब मांगा, जिसमें आरोपपत्र पर संज्ञान लिए जाने के निचली आदेश को चुनौती दी गई है। इस मामले की सुनवाई 20 दिसंबर को होगी।

### जेएंडके में 8 जगहों पर एनआईए की छापेमारी



**जम्मू।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने आतंकवादी घुसपैठ के मामलों की जांच के सिलसिले में वीरवार को रियासी, उधमपुर और रामबन समेत जम्मू क्षेत्र के आठ स्थानों पर छापेमारी की। सूत्रों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी आतंकवादियों की घुसपैठ से जुड़े मामलों के दर्ज किए जाने के बाद तलाशी ली जा रही है। उन्होंने कहा कि संभाग में नौ स्थानों पर छापेमारी की जा रही है।

### दिल्ली के बीकानेर हाउस की होगी कुर्की



**नई दिल्ली।** दिल्ली की पटियाला हाउस अदालत ने दिल्ली के बीकानेर हाउस की कुर्की का वारंट जारी किया है, जिसका स्वामित्व राजस्थान की नगर पालिका नोखा के पास है। कोर्ट ने संपत्ति की कुर्की का वारंट जारी कर दिया है। जूनियर डिवीजन (जेडी) अधिकारी को 29 नवंबर को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया गया है। यह आदेश मेसर्स इंफ्रा इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में पारित एक मध्यस्थता पुरस्कार के निष्पादन मामले में पारित किया गया है।

### एक्शन: 17 हजार व्हाट्सऐप अकाउंट को किया ब्लॉक



**नई दिल्ली।** देशभर में डिजिटल अरेस्ट और साइबर क्राइम के मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। ऐसे में साइबर क्राइम पर लगाम लगाने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 17 हजार व्हाट्सएप अकाउंट को ब्लॉक कर दिया है। इन संदिग्ध अकाउंट के तार डिजिटल अरेस्ट और साइबर फ्रॉड के मामलों से जुड़ा होना बताया जाता है। जिन नंबरों को बंद किया है, उनमें से ज्यादातर नंबर कंबोडिया, म्यामांर लाओस और थाईलैंड से एक्टिव थे।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- हिमाचल में 25 तक बारिश और बर्फबारी के आसार नहीं -पेज 3
- पुलिस ने पकड़ी लाखों रुपए की हेरोइन, दो आरोपी काबू -पेज 4
- सुक्खू सरकार की नाकामी ने प्रदेश को किया शर्मसार: गोविंद ठाकुर -पेज 11
- रूस ने यूक्रेन में पहली बार दागीं बैलिस्टिक मिसाइलें -पेज 13
- एडीलेड में रोहित की वापसी से व्यवधान की संभावना: पोंटिंग-पेज 14

# अडानी के खिलाफ आरोपों पर सियासी संग्राम

अमेरिकी अदालत की ओर से उद्योगपति गौतम अडानी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करते ही देशभर में सियासी संग्राम छिड़ गया है। उन पर सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को रिश्वत देने और अमेरिकी निवेशकों से धोखाधड़ी का आरोप है। कांग्रेस ने इस मामले में प्रधानमंत्री मोदी पर अडानी को बचाने का आरोप लगाया है। वहीं, विपक्षी दलों को जल्द ही शुरू होने जा रही संसद के शीतकालीन सत्र में मोदी नीत सरकार को घेरने का बड़ा मुद्दा मिल गया है। हालांकि, सत्ताधारी भाजपा मुकाबला करने के लिए रणनीति तैयार कर रही है।

एजेंसी, नई दिल्ली

**देश** के मशहूर उद्योगपति गौतम अडानी पर अमेरिका में रिश्वत और धोखाधड़ी के आरोप लगे हैं। अमेरिकी अदालत ने इस मामले में अडानी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी किया है। कांग्रेस ने 'एक्स' पर पूरे मामले को लेकर पीएम मोदी को घेरा।

कांग्रेस का आरोप है कि अमेरिका में कॉन्ट्रैक्ट पाने के लिए अडानी ने 2,200 करोड़ रुपए की घूस दी। कांग्रेस ने कहा कि जब इस मामले की जांच होने लगी तो जांच रोकने की साजिश भी रची गई। पार्टी ने कहा कि अब अमेरिका में अडानी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है। कांग्रेस ने 'एक्स' पर लिखा कि अजीब बात है... कांग्रेस लगातार अडानी और इससे जुड़े घपलों की जांच की बात कह रही है, लेकिन नरेंद्र मोदी पूरी ताकत से अडानी को बचाने में लगे हैं। वजह साफ है कि अडानी की जांच होगी तो हर कड़ी नरेंद्र मोदी से जुड़ेगी। अडानी के खिलाफ वारंट का जिक्र करते हुए कांग्रेस नेता मनीष तिवारी ने भी ट्वीट किया है। उन्होंने संयुक्त संसदीय समिति की जांच की बात कही है।



**आरोप- अमेरिका में कॉन्ट्रैक्ट पाने के लिए अडानी ने दी घूस**

### क्या है मामला

अमेरिका में कोर्ट में अडानी से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान फेडरल प्रोसिक्यूटर ने आरोप लगाया कि दुनिया के सबसे अमीर लोगों में से एक अडानी और अन्य प्रतिवादियों ने सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट जीतने के लिए भारतीय सरकारी अधिकारियों को 25 लाख डॉलर से अधिक की रिश्वत देने का वादा किया था। साथ ही अमेरिकी निवेशकों से धन जुटाने की कोशिश करते समय उन्होंने इस योजना को छुपाया था।

### अडानी समूह ने आरोपों को निराधार बताया

**अडानी** समूह ने अमेरिकी अधिकारियों के रिश्वतखोरी के आरोपों को खारिज करते हुए इन्हें निराधार बताया और कहा कि समूह सभी कानूनों का अनुपालन करता रहा है। उद्योगपति गौतम अडानी पर अमेरिकी अभियोजकों ने भारत में सौर बिजली के ठेके हासिल करने के लिए अनुकूल शर्तों के बदले भारतीय अधिकारियों को रिश्वत देने का आरोप लगाया है। समूह ने कहा कि वह इस मामले में सभी कानूनी विकल्पों का इस्तेमाल करेगा। अडानी समूह के प्रवक्ता ने बयान में कहा कि अमेरिकी न्याय विभाग और अमेरिकी प्रतिभूति एवं विनिमय आयोग (एसईसी) की ओर से अडानी ग्रीन के निदेशकों के खिलाफ लगाए गए आरोपों को खारिज करते हैं।

## गौतम अडानी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जाए : राहुल गांधी

एजेंसी, नई दिल्ली



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उद्योगपति गौतम अडानी के खिलाफ अमेरिकी अभियोजकों की ओर से लगाए गए आरोपों को लेकर वीरवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला।

उन्होंने कहा कि अडानी को तत्काल गिरफ्तार किया जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि अडानी की गिरफ्तारी नहीं होगी, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी और अडानी 'एक' हैं और इसीलिए दोनों 'सेफ' हैं। राहुल गांधी ने कहा कि संसद के शीतकालीन सत्र में नेता प्रतिपक्ष के रूप में वह और पूरा विपक्ष अडानी से जुड़े मामले को उठाएगा। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की प्रमुख माधवी पुरी बुच को उनके पद से तत्काल हटाकर जांच शुरू होनी चाहिए। अमेरिकी अभियोजकों ने अडानी और उनके भतीजे सागर अदानी पर आरोप लगाया है कि उन्होंने भारतीय सरकारी अधिकारियों को रिश्वत देकर सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट हासिल किए। इस कथित योजना के तहत 2020 से 2024 तक रिश्वत दी गई।

**बोले- मोदी और अडानी 'एक' हैं, इसीलिए दोनों 'सेफ' हैं**

## मोदी की छवि खराब करने की कोशिश : संबित पात्रा




**भाजपा** ने अमेरिकी अभियोजकों की ओर से उद्योगपति गौतम अडानी पर रिश्वतखोरी के आरोप लगाए जाने के बाद राहुल गांधी के बयान को लंबे समय से प्रधानमंत्री मोदी की छवि खराब करने के प्रयासों का हिस्सा करार दिया। भाजपा प्रवक्ता और सांसद संबित पात्रा ने स्पष्ट किया कि जहां तक अडानीसमूह के खिलाफ आरोपों का सवाल है, तो यह कंपनी पर है कि वह स्पष्टीकरण जारी करके अपना बचाव करे। पात्रा ने कहा कि कानून अपना काम करेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी, सोनिया गांधी प्रधानमंत्री मोदी की छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं।

### एनएसई ने मांगा जवाब

**गौतम** अडानी को लेकर अमेरिका से आई खबर ने भूचाल मचा दिया। शेयर तो गिरे ही, ग्रुप को अपना बांड भी रद्द करना पड़ा। अमेरिका में रिश्वर और धोखाधड़ी के मामले में गौतम अडानी समूह के 7 लोगों पर आरोप लगे हैं। खबर के आने के बाद अडानी के शेयरों में ऐसा भूचाल आया कि वो 20 फीसदी तक गिरकर लोअर सर्किट पर लग गए। अडानी समूह का मार्केट कैप 2.53 लाख करोड़ तक स्वाहा हो गया। एनएसई ने अडानी से जवाब मांगा है। वहीं, केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने अडानी समूह के साथ हुए उस समझौते को रद्द करने का आदेश दिया है, जिसके तहत देश के मुख्य हवाई अड्डे का नियंत्रण भारतीय समूह को सौंपा जाना था।

### अडानी पर रिश्वत के आरोप साख की दृष्टि से नकारात्मक : मूडीज



**साख** निर्धारित करने वाली एजेंसी मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि वह गौतम अडानी पर लगे रिश्वतखोरी के आरोपों के मद्देनजर समूह की पूंजी जुटाने की क्षमता का आकलन करते समय इसकी संचालन व्यवस्था पर गौर करेगी। मूडीज ने कहा कि बंदरगाह से लेकर ऊर्जा क्षेत्र में कार्यरत अडानी समूह के चेयरमैन गौतम अडाणी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ रिश्वतखोरी के मामले में अभियोग समूह की कंपनियों की साख की दृष्टि से नकारात्मक हैं। अमेरिकी अभियोजकों ने गौतम अडानी पर कथित तौर पर सौर ऊर्जा अनुबंधों के लिए अनुकूल शर्तों के बदले रिश्वत देने की योजना का हिस्सा होने का आरोप लगाया है। मूडीज ने कहा कि अडानी समूह का आकलन करते समय हमारा मुख्य ध्यान समूह की कंपनियों की नकदी की जरूरतों को पूरा करने के लिए पूंजी तक पहुंचने की क्षमता और इसके कामकाज के संचालन पर रहेगा।

## शिमला में ठंड से व्यक्ति की मौत

**शिमला।** हिमाचल में बारिश और बर्फबारी न होने से सूखी ठंड जानलेवा बन गई है। राजधानी शिमला में ठंड से एक व्यक्ति की मौत हो गई। शिमला के साथ लगते मशोबरा के मुंगर गांव में 60 वर्षीय व्यक्ति मृत मिला है। लोगों के मुताबिक, वह पिछले कुछ दिनों से यहां घूम रहा था और खुले में कंबल के सहारे सो रहा था। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि रात के समय ठंड लगने से उसकी मौत हुई है। शिमला में ठंड से इस सीजन में यह पहली मौत है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हुई है। राज्य में पिछले कई दिनों से सर्दी का प्रकोप देखा जा रहा है।

# कुल्लू जिले में पीएम हेल्थ कार्ड के नाम पर 4 .50 लाख की ठगी

## पंचायत प्रधान और बीमा एजेंट को बनाया साइबर ठगी का शिकार, एपीके फाइल पर क्लिक करते ही अकाउंट खाली

जितेंद्र गुप्ता, आनी



**हिमाचल** प्रदेश में ऑनलाइन ठगी का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने इस बार पीएम हेल्थ कार्ड को ठगी का जरिया बनाया है।

साइबर ठगों ने पीएम हेल्थ कार्ड के नाम की एंड्रोइड पैकेजिंग किट (एपीके) फाइल लोगों के व्हाट्सऐप पर भेजकर कुल्लू जिले के एक पंचायत प्रधान और एक बीमा एजेंट के खातों से चार लाख से ज्यादा पैसे उड़ा लिए। पुलिस ने दोनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, पोखरी पंचायत के प्रधान भीमसैन को जान पहचान के किसी व्यक्ति ने व्हाट्सऐप पर पीएम हेल्थ कार्ड की जानकारी से जुड़ी एपीके फाइल साझा की। भीमसेन ने जैसे ही इस पर क्लिक किया, उसके खाते से उसी समय 3 लाख 30 हजार और 900 रुपए निकाल दिए गए। ठीक इसी तरह बीमा कंपनी के एजेंट महेंद्र सिंह को भी एक एपीके फाइल का लिंक मिला। महेंद्र ने जैसे ही इस लिंक पर क्लिक किया, उसके खाते में जमा 93 हजार और 28 हजार निकाले गए। दोनों पीड़ितों ने तुरंत इसकी शिकायत पुलिस को की।

**पीड़ितों ने दर्ज करवाई शिकायत जांच जारी**

पुलिस ने इस मामले को साइबर सेल के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि भीमसेन को बीते 28 अक्तूबर को पीएम हेल्थ कार्ड का लाभ उठाने से जुड़ा मेसेज आया था। इसे ओपन करते ही उसके मोबाइल नंबर पर ओटीपी आते रहे और कुछ ही देरी में खाते में जमा नकदी निकल गई। डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि पुलिस ने भीम सेन और महेंद्र सिंह की शिकायत पर ठगी का मामला दर्ज कर लिया है। (अनंत ज्ञान)

### एपीके फाइल दिखे तो हो जाएं अलर्ट

**डीएसपी** आनी चंद्रशेखर कायथ ने सचेत किया कि अगर आपके फोन पर कोई ई-कार्ड या कोई इन्विटेशन आए, तो पहले भेजने वाले का नंबर जरूर चेक करें। अगर अनजान नंबर है तो ऐसे मैसेज को ओपन करने से बचें। फाइल एपीके है, तो इसे डाउनलोड न करें। एपीके यानी एंड्रोइड पैकेजिंग किट में एक एप्लिकेशन कोड होता है। इस फाइल से फोन में वायरस इंस्टॉल किया जाता है। इससे आपके फोन का कॉन्टैक्ट लिस्ट, बैंकिंग डिटेल, गैलरी और जरूरी जानकारी तक का ठगों को एक्सीस मिल जाता है।

## इसराइल के पीएम नेतन्याहू के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय (आईसीसी) के न्यायाधीशों ने इसराइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के साथ-साथ हमास के सैन्य कमांडर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए हैं। बयान में कहा कि एक प्री-ट्रायल चैंबर ने अदालत के अधिकार क्षेत्र में इसराइल की चुनौतियों को खारिज कर दिया था और बेंजामिन नेतन्याहू और योआव गैलेंट के लिए वारंट जारी किए थे। मोहम्मद देइफ के लिए भी वारंट जारी किया गया था।

# दिल्ली विस चुनाव: 'आप' ने जारी की 11 प्रत्याशियों की पहली लिस्ट

## भाजपा व कांग्रेस से 'आप' में शामिल छह नेताओं पर दिखाया भरोसा

एजेंसी, नई दिल्ली

**आम** आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली में अगले साल फरवरी में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए वीरवार को अपने 11 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी।

भाजपा और कांग्रेस से हाल ही में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली 'आप' में शामिल हुए छह नेताओं के नाम भी सूची में शामिल हैं। 'आप' ने तीन मौजूदा विधायकों का टिकट काट दिया और हाल ही में भाजपा तथा कांग्रेस से आए छह नेताओं पर भरोसा दिखाया है। दिल्ली विधानसभा की 70 सीट के लिए चुनाव फरवरी में होने हैं। पार्टी ने किराड़ी से विधायक ऋतुराज झा, मटियाला से गुलाब सिंह यादव और सीलमपुर से अब्दुल रहमान का टिकट काटा है। पार्टी ने छतरपुर से ब्रह्म सिंह तंवर, किराड़ी से अनिल झा और लक्ष्मी नगर से बीबी त्यागी को मैदान में उतारा है। तीनों हाल ही में भाजपा छोड़कर आप में शामिल हुए हैं। कांग्रेस के पूर्व नेता चौधरी जुबैर अहमद को सीलमपुर से मैदान में उतारा गया है, जबकि पूर्व विधायक वीर सिंह धींगान को सीमापुरी और सोमेश शौकीन को मटियाला से टिकट दिया गया है। अहमद, धींगान और शौकीन कांग्रेस से आम आदमी पार्टी में शामिल हुए थे। संवाददाता सम्मेलन में पार्टी की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय ने कहा कि आठ में से छह निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा के विधायक हैं।

**तीन मौजूदा विधायकों का काटा टिकट**

## राहुल, खड़गे व प्रियंका को न्योता देने सीएम सुक्खू दिल्ली रवाना



**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू दिल्ली रवाना हो गए हैं। वह बिलासपुर जिले में सरकार के दो साल पूरे होने पर आयोजित वाले कार्यक्रम के लिए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को हिमाचल आने का न्योता देंगे। इस दौरान सीएम सुक्खू कांग्रेस प्रदेश कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला से भी मुलाकात कर सकते हैं। इस वजह से प्रदेश की सियासत को गरमा दिया है, क्योंकि प्रदेश में कांग्रेस की नई कार्यकारिणी का गठन होना है।

# खैबर-पख्तूनख्वा में आतंकी हमला; 50 की मौत, 20 घायल

एजेंसी, पेशावर



**पाकिस्तान** के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में वीरवार को आतंकवादियों ने यात्रियों को ले जा रहे तीन वाहनों को निशाना बनाकर हमला किया, जिसमें कम से कम 50 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 अन्य लोग घायल हो गए।

आतंकवादियों ने अफगानिस्तान की सीमा से लगे प्रांत के कुर्रम जिले में वाहनों पर घात लगाकर हमला किया। ये वाहन पाराचिनार से खैबर पख्तूनख्वा की राजधानी पेशावर की ओर आ रहे थे, तभी बंदूकधारियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। जिला अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि हमले में छह महिलाओं और तीन बच्चों समेत 50 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। तालिबान के प्रभुत्व वाले इलाकों में वाहनों पर घात लगाकर हमला किया गया। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन खान गंडापुर ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए प्रांत के कानून मंत्री, क्षेत्र के सांसदों और मुख्य सचिव के एक प्रतिनिधिमंडल को स्थिति का आकलन करने और एक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए तुरंत कुर्रम जाने का निर्देश दिया।

उन्होंने अधिकारियों को प्रांत में सभी सड़कों पर सुरक्षा बढ़ाने के लिए एक प्रांतीय राजमार्ग पुलिस इकाई बनाने का भी निर्देश दिया। गंडापुर ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और पीड़ितों के परिवारों के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा की। उन्होंने कहा कि निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाना बेहद दुखद और निंदनीय है। इस वारदात में शामिल लोग कानून की पकड़ से बच नहीं पाएंगे।

**गठन** 32 सदस्यीय ट्रस्ट में 13 नॉन ऑफिशियल और 19 स्पेशल इनवाइटी सदस्य शामिल

# सात माह बाद दियोटसिद्ध मंदिर ट्रस्ट गठित

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

**उत्तर** भारत के मशहूर सिद्धपीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में लंबे समय के बाद प्रदेश सरकार ने ट्रस्ट गठित कर दिया है। इसमें कुल 32 सदस्य शामिल किए गए हैं। 19 स्पेशल इनवाइटी सदस्य, जबकि नॉन ऑफिशियल सदस्य 13 होंगे।

प्रदेश में ऑपरेशन लोटस घटनाक्रम के बाद ट्रस्ट को भंग कर दिया था। बड़सर विधानसभा क्षेत्र में भी पॉलीटिकल हलचल हुई थी और तत्कालीन कांग्रेस के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल की विधायकी जाने के बाद वह भाजपा में चले गए। अब वहां से विधायक हैं, लेकिन नए ट्रस्ट को गठित करने में करीब 7 माह का समय लग गया। इस दौरान मंदिर की व्यवस्था में कई तरह के विवाद भी जुड़े। गड़बड़झाले भी हुए, व्यवस्थागत खामियां भी सामने आईं। (अनंत ज्ञान)



### नॉन ऑफिशियल सदस्य

**उपचुनाव** में कांग्रेस के पार्टी प्रत्याशी रहे सुभाष ढटवालिया, अरविंद्र कौर, निक्काराम पवन कालिया, नरेश लखनपाल, विपिन ढटवालिया, सेवानिवृत्ति कैप्टन सुरेंद्र कुमार सोनी, रोशन लाल चौधरी, रिटायर्ड इंस्पेक्टर हरिकृष्ण शर्मा, पूर्व कप्तान पुरुषोत्तम शर्मा, सतीश कुमार सोनी, राकेश रतन और धनी जायसवाल शामिल हैं।

### स्पेशल इनवाइटी सदस्य

**महंत** राजेंद्र गिरि, नितिन शर्मा, कमल पठानिया, पूर्व कर्नल प्यार चंद अत्री, किशोरी लाल, शमशेर शर्मा, राकेश कुमार, लेखराज, अशोक ठाकुर, यशपाल शर्मा, मुख्तियार सिंह, बलदेव चंद्र शर्मा, जसवंत सिंह ढटवालिया, कुलवंत सिंह चंदेल, वीरेंद्र पटियाल, पुरुषोत्तम चंद्र शर्मा, जसवीर सिंह, पवन कुमार शर्मा और सुरजीत सिंह शामिल हैं।

### सिर्फ चेहरे बदले

ट्रस्ट में जितने सदस्य भंग किए गए ट्रस्ट में शामिल थे, उतने ही शामिल किए गए हैं। नॉन ऑफिसिशिल सदस्यों की सूची पहले भी 13 थी, अब भी 13 ही रखी गई है। स्पेशल इनवाइटी सदस्यों में भी 19 का ही आंकड़ा है। कुछ सदस्य पहले के भंग ट्रस्ट में भी शामिल थे, इसमें भी उन्हें जगह मिली है।

### पारिश्रमिक को लेकर विवाद

**कुछ** समय पहले बाबा बालक नाथ के ट्रस्टी पारिश्रमिक को लेकर विवादों से घिरे थे। इसके बाद पारिश्रमिक बंद कर दिया था। इस व्यवस्था पर भी किंतु-परंतु है, लेकिन इस बार भी सदस्यों की संख्या अच्छी खासी हो गई है।

# मणिपुर: 3 जिलों में 5 घंटे कर्फ्यू में ढील

एजेंसी, इंफाल

11 नवंबर को जिरीबाम में हुई हिंसा के बाद मणिपुर के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर हिंसक विरोध-प्रदर्शन हुआ। इसमें बाद सरकार ने कर्फ्यू लगा दिया था। हालांकि, लोगों की जरूरत को देखते हुए मणिपुर सरकार ने रोजाना सुबह पांच बजे से 10 बजे तक पांच घंटे कर्फ्यू में ढील देने का ऐलान किया है।

पिछले हफ्ते जिरीबाम जिले में कांग्रेस और बीजेपी दफ्तर में तोड़फोड़ के बाद राज्य में हिंसा बढ़ गई है। भीड़ ने तीन बीजेपी विधायकों और कांग्रेस विधायक के घर में आग लगा दी। वहीं, सीआरपीएफ की आठ कंपनियां पहुंच गई हैं, जिन्हें संवेदनशील एंव सीमांत क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा।

## मणिपुर के पहाड़ी जिलों में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए 104.66 करोड़ मंजूर

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने कहा कि केंद्र ने राज्य के पहाड़ी जिलों में स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए 104.66 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं।

मणिपुर के विकास में सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री जेएम सिंधिया को धन्यवाद दिया। उन्होंने 'एक्स' पर कहा कि पहली बार चंदेल, उखरुल, जिरीबाम, सेनपति और तामेंगलोंग जैसे पहाड़ी जिलों में सीटी स्कैन, एमआरआई, आईसीयू सेवाएं और सुपर-स्पेशियलिटी देखभाल जैसी उन्नत चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी। लोगों को घर के नजदीक ही स्वास्थ्य सेवाएं मिल पाएंगी।

# शिमला-बिलासपुर



## न्यूज ब्रीफ

### मरीजों के किए गायनी संबंधी निशुल्क ऑपरेशन

**दशमी रावत, रोहडू।** रोहडू के सिग्नेचर बार एंड रैस्टोरैंट में गायनी एंडोस्कोपी सोसायटी हिमाचल प्रदेश की ओर से 2 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में हिमाचल प्रदेश चंडीगढ़, हरियाणा, उतराखंड से 40 स्त्री रोग विशेषज्ञों ने भाग लिया। वहीं रोहडू के प्रसिद्ध निजि अस्पताल न्यू लाइफ में इस शिविर के दौरान 11 मरीजों के लिए निशुल्क दूरबीन द्वारा गायनी संबंधी विभिन्न प्रकार के आपरेशन किए गए। इस मौके पर न्यू लाइफ के एमडी डा. पवन झाल्टा ने बताया कि न्यू लाइफ अस्पताल रोहडू में अपनी तरह का एकमात्र ऐसा निजि अस्पताल है जहां पर अत्याधुनिक तरीके से गायनी व अन्य रोंगों से संबंधित आप्रेशन और इलाज किए जाते है।

### अब कैन की पैकिंग में आएगा एचपीएमसी का सिरका

**अनंत ज्ञान, शिमला।** एचपीएमसी अब सिरका की पैकिंग में बदलाव करने जा रहा है। इसके तहत एचपीएमसी का सिरका कैन की पैकिंग में आएगा। इसको लेकर निगम ने तैयारियां शुरू कर दी है। इसके तहत निगम कैन के डिजाईन बनाने में जुट गया है। सभी प्रक्रिया पूरी होने के बाद इसे जल्द ही बाजार में उतारा जाएगा।

प्रदेश सरकार ने एचपीएमसी को अधिक मुनाफे में लाने के लिए प्रयास तेज किए हुए हैं। इस कड़ी में निगम जहां सेब से जूस व जेम के साथ-साथ वाईन व शराब तैयार कर रहा है। वहीं वह अपने उत्पाद आकर्षक पैकिंग में बाजार में उतार रहा है। इसी कड़ी में एचपीएमसी सिरका की पैकिंग कैन में करने जा रहा है। वर्तमान में सिरका बोतल में आता है।

### हिमाचल ठोडा खेल व सांस्कृतिक संघ की बैठक 24 को

**चौपाल, नेरवा।** हिमाचल प्रदेश ठोडा खेल एवं सांस्कृतिक संघ की चौपाल आंचल की सक्रिय समिति के गठन बारे एसडीएम मीटिंग हॉल में प्रातः रविवार 24 नवम्बर को सुबह 11 बजे बैठक निर्धारित की गई है। संघ के संयोजक नरवीर दिलाइक ने चौपाल तहसील के सभी जोन के ठोठा दलों के प्रधान, सचिव एवं अन्य पदाधिकारियों से आग्रह किया जाता है कि आप इस महत्व पूर्ण बैठक में अपनी उपस्थिति अवश्य सुनिश्चित करे।

### शिमला में क्रिसमस की तैयारियां शुरू



**अनंत ज्ञान, शिमला।** राजधानी शिमला में क्रिसमस की तैयारियां शुरू हो गई हैं। रिज मैदान स्थित क्राइस्ट चर्च को रंग-रोगन और सफाई कर चमकाया जा रहा है। चर्च के रंग में बदलाव नहीं होगा और यह पीले रंग में ही नजर आएगा।क्राइस्ट चर्च की पादरी वनिता रॉय ने बताया कि चार साल बाद चर्च का रंग-रोगन किया जा रहा है, जिसमें 20 लाख के आसपास खर्चा आ रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार गरीब बच्चों के साथ क्रिसमिस मनाने की सोच रहे हैं और उनकी जरूरत की चीजों को देकर उनकी खुशियां बढ़ाएंगे।

क्रिसमस से चार रविवार पहले पहली दिसंबर को एडवेंट संडे मनाया जाएगा, जो प्रभु यीशु मसीह के आगमन की तैयारी होती है। एडवेंट बैंगनी रंग में होगा और इस दिन बाइबल पाठ, प्रार्थना और भजन होंगे। इसके साथ ही कैरोल सिंगिंग भी शुरू हो जाएगी। 24 दिसंबर की रात को मिड नाइट प्रार्थना होगी और 25 दिसंबर को सुबह बाइवल पाठ होगा। भजन और प्रार्थनाएं गाई जाएंगी और देश और प्रदेश में सुख-शांति के लिए परमेश्वर से प्रार्थना की जाएगी। क्रिसमस पर लोगों और सैलानियों की सुविधा के लिए देररात तक चर्च खोला जाएगा।

### 'लोकगीतों में जनजीवन' पुस्तक की भेंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** वरिष्ठ साहित्यकार रामलाल पाठक ने अपनी हाल ही में प्रकाशित पुस्तक 'लोकगीतों में जनजीवन' वीरवार को उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक, पुलिस अधीक्षक संदीप धवल और अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. निधि पटेल को भेंट की। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारियों ने पुस्तक के लिए रामलाल पाठक की सराहना करते हुए इसे लोक संस्कृति और परंपराओं को सहेजने का उत्कृष्ट प्रयास बताया। उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने पुस्तक की प्रशंसा करते हुए कहा कि ष्लोकगीतों में जनजीवनष् पुस्तक जिला बिलासपुर की युवा पीढ़ी को समृद्ध सांस्कृतिक धरोहरए लोकगीतए लोकनृत्य और लोक परंपराओं से परिचित कराने का अनूठा प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक हमारी संस्कृति के विविध आयामों को समझने और उसे संजोने में सहायक सिद्ध होगी। रामलाल पाठक का यह प्रयास प्रेरणादायक है और आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने में मदद करेगा। पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने लेखक को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारी संस्कृति और रीति-रिवाजों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है।



### आंगन में खड़ी की मोटरसाइकिल चोरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** थाना बरमाणा के तहत आने वाले सोसन से घर के आंगन में खड़ी एक मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस ने जागेंद्र सिंह निवासी सोसन डाकघर नम्होल तहसील सदर जिला बिलासपुर की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत में कहा है कि उसने अपनी मोटरसाइकिल को घर के आंगन मे खड़ा किया था। सुबह जब उठकर देखा तो मोटरसाइकिल गायब ही थी। अशंका जाहिर की कोई उसकी मोटरसाइकिल को चुराकर ले गया होगा। पुलिस प्रवक्ता डीएएसण्पीण् बिलासपुर मदन धीमान ने बताया कि थाना बरमाणा पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है।

### रणधीर ने सरकार के जश्न कार्यक्रम पर उठाए सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** नयनादेवी विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश भाजपा मीडिया संयोजक रणधीर शर्मा ने प्रदेश सरकार के जश्न कार्यक्रम को लेकर सवाल उठाए हैं। बिलासपुर सर्किट हाउस में आयोजित प्रेसवार्ता में रणधीर शर्मा ने कहा कि सरकार अपने दो साल में कोई भी ऐसी उपलब्धि बताएं, जिसमें प्रदेश की जनता को लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने महज संस्थान बंद करने, महंगाई करने के अलावा और कुछ भी नहीं किया है। उन्होंने कहा कि इसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। वही प्रदेश की जनता सरकार की मनमानी के चलते त्रस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी महंगे कर दिए गए हैं। इसके अलावा शौचालय टैक्स भी किसी से छुपा नहीं है, इस टैक्स को भाजपा के विरोध के बाद वापस लिया गया। विरोध नहीं होता तो जनता पर इस टैक्स को भी थोप दिया जाता। उन्होंने कहा कि सरकार की कथनी और करनी में फर्क है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस जश्न कार्यक्रम को मनाने का कोई हक नहीं है। उन्होंने यह भी कहा है कि आज प्रदेश की जनता कांग्रेस सरकार के हालों को पूरी तरह से जान चुकी है। सरकार विकास कार्यों को नहीं, बल्कि संस्थानों को बंद करने और अपनों को फायदा देने में जुटी हुई है।



### नगरोटा के 8 रोवर-रेंजर ने पास की निपुण परीक्षा



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय महाविद्यालय नगरोटा बगवां के रोवर-रेंजर दल के 8 छात्रों ने राज्य स्तरीय निपुण परीक्षा पास कर महाविद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। यह परीक्षा हिमाचल प्रदेश भारत स्काउट एंड गाइड कमिश्नर, शिमला के सौजन्य से मंडी स्थित रिवाल्सर मुख्यालय में आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में प्रदेश के 145 महाविद्यालयों के छात्रों ने भाग लिया था।

# ठियोग में 86 करोड़ की लागत से स्थापित होगी वाइनरी : मुख्यमंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश बागवानी उपज विपणन एवं प्रसंस्करण निगम (एचपीएमसी) शिमला जिला के ठियोग के पराला में वाइनरी स्थापित करेगा।

प्रदेश सरकार की 86 करोड़ रुपए की इस महत्वकांक्षी परियोजना से प्रदेश में बागवानी क्षेत्र को प्रोत्साहन मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने वाइनरी स्थापित करने के लिए एचपीएमसी को लाइसेंस प्रदान किया है। इस परियोजना के साकार होने से प्रदेश के फल उत्पादकों विशेषकर सेब, आड़ू, और प्लम बागवानों को उनके उत्पादों के और अधिक लाभकारी मूल्य हासिल होंगे। उन्होंने कहा कि बागवानी उत्पादों के मूल्य संवर्द्धन की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे बागवानों की आर्थिकी सुदृढ़ होने के साथ-साथ हिमाचल, देश में फल आधारित गुणवत्तापूर्ण उत्पादों के हब के रूप में स्थापित होगा।



**वाइनरी स्थापित के लिए एचपीएमसी को प्रदान किया लाइसेंस**

उन्होंने कहा कि यह परियोजना प्रदेश के कृषि एवं बागवानी क्षेत्र को मजबूत करने की सरकार की परिकल्पना को पूरा करेगी और इस क्षेत्र में प्रदेश में आधुनिक अधोसंरचना और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। राजस्व के स्रोतों को बढ़ाने के साथ-साथ यह परियोजना उत्पाद, प्रसंस्करण विपणन और संबंधित उद्योगों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाएगी। प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों का सतत् विकास सुनिश्चित कर किसानों और बागवानों की आय में वृद्धि करने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल के अधिकतर जनसंख्या गांवों में बसती है और कृषि एवं बागवानी क्षेत्र लोगों की आजीविका का मुख्य साधन है। प्रदेश सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में अनेक नवाचार कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियों के फलस्वरूप हिमाचल को देश के फल राज्य के रूप में जाना जाता है और सरकार राज्य के फल आधारित उत्पादों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने के लिए प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना को बढ़ावा दे रही है।

उन्होंने कहा कि सेब उत्पादकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकार ने लम्बित यूनिवर्सल कॉर्टन की मांग को पूरा किया है। इसके अतिरिक्त मंडी मध्यस्थता योजना के अन्तर्गत किसानों को 163 करोड़ रुपये की राशि वितरित कर लाभान्वित किया गया जिसमें से अधिकतर लम्बित बकाया राशि पिछली भाजपा सरकार से विरासत में मिली थी। वर्तमान सरकार ने सेब उत्पादकों के लिए फफूंदनाशक और कीटनाशकों पर मिलने वाली सब्सिडी को बहाल किया है जिससे बागवानों का कल्याण सुनिश्चित हो रहा है।

राज्य सरकार ने फलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य में भी ऐतिहासिक वृद्धि की है और फल उत्पादकों को लम्बित राशि का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया है। सरकार के यह सभी प्रयास किसानों और बागवानों के कल्याण और उत्थान के प्रति सरकार की प्राथमिकता को प्रदर्शित करते हैं।

# पुलिस ने शाही महात्मा गैंग के एक ही दिन में 16 चिट्टा तस्कर किए गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, शिमला**

जिला शिमला में चिट्टा तस्करों का पर्दाफाश करने के लिए पुलिस ने शिकंजा कसा है। पुलिस ने एक ही दिन में एक्टिव इंटर स्टेट चिट्टा तस्कर शाही महात्मा गिरोह के 16 तस्करों को गिरफ्तार किए है। अब तक पुलिस इस गिरोह के 62 तस्करों को गिरफ्तार कर चुकी है। यह गिरोह पिछले लंबे समय से इलाके में पेशेवर तरीके से तस्करी को अंजाम दे रहे थे। एसडीपीओ ठियोग सिद्धार्थ शर्मा और कोटखाई एवं ठियोग के एसएचओ की अगुआई में विशेष सेल इस केस की पड़ताल कर रहा है।

पुलिस ने मामले की गहन जांच के बाद शाही महात्मा गैंग के अन्य सदस्यों की पहचान की और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की। यह ड्रग रैकेट पिछले 3-4 वर्षो से रोहडू और चिड़गांव क्षेत्र में सक्रिय था, जिसमें ड्रग मनी का आंकड़ा करीब 7-8 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका था। पुलिस द्वारा किए गए वित्तीय जांच और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर गैंग के 16 सदस्यों की पहचान की गई और उन्हें गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में रोहडू निवासी यशवंत सिंह (53 वर्ष), प्रदीप चौहान (25 वर्ष), ललित ठाकुर (29 वर्ष), बृज मोहन (35 वर्ष), प्रशांत राठौर (30 वर्ष), साहिल ठाकुर (29 वर्ष), हितेश ठाकुर (27 वर्ष), हर्ष धंता (29 वर्ष), सार्थक सूद (27 वर्ष), कुणाल शद्रू (27 वर्ष), जतिन ठाकुर (27 वर्ष) और जुब्बल निवासी श्रेयर मेहता (27 वर्ष), चिड़गांव निवासी अमन नेगी (24 वर्ष), रवेश (32 वर्ष), विजेन्द्र रावत (35 वर्ष) और मोहित ठाकुर (25 वर्ष) शामिल हैं।

पुलिस के मुताबिक शाही महात्मा गैंग के प्रमुख की भी गिरफ्तारी हो चुकी है, जिससे यह अंतरराज्यीय ड्रग रैकेट पूरी तरह से बेनकाब हो गया है। अब तक इस गिरोह के 62 सदस्यों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जो ड्रग्स के अवैध कारोबार में शामिल थे।

> चिट्टा तस्करों पर पुलिस की कारवाही जारी है। शीघ्र ही जिला शिमला को नशा मुक्त बनाया जाएगा। चिट्टा तस्करों को बिलकुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
>
> -संजीव गांधी, एसपी शिमला।

## कार्यों के लिए आवंटित बजट को किया जाए खर्च : विक्रमादित्य

**अनंत ज्ञान, शिमला**



अधिकारियों से बैठक करते विक्रमादित्य।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने वर्चुअल माध्यम से लोक निर्माण विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभिन्न जिलों में चल रहे निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि विभिन्न कार्यों के लिए आवंटित किए गए बजट को समयबद्ध खर्च किया जाए, ताकि अतिरिक्त बजट की आवश्यकता होने पर सरकार के ध्यान में यह मामला लाया जा सके।

उन्होंने अधिकारियों को कार्यों की प्रगति रिपोर्ट का विवरण दो दिनों के भीतर अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक अनुमति एवं बिना बजट प्रावधान के कोई भी निर्माण कार्य न किया जाए। यदि ऐसा हुआ तो जिम्मेदार अधिकारियों की जबावदेही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि एफआरए के अंतर्गत किसी निर्माण कार्य में बाधा आ रही है तो संबंधित अधिकारियों को तुरंत अवगत करवाया जाए।

## वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए ट्रायल 25 को

**शिमला।** युवा सेवा एवं खेल विभाग द्वारा 21वीं अखिल भारतीय डॉ. वाईएस परमार स्मारक वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 29 नवंबर से 1 दिसंबर 2024 तक डॉ. भीमराव अंबेडकर ग्राऊंड पचरुखी, जिला कांगड़ा में करवाया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देश व हिमाचल प्रदेश की 8 पुरुष टीमें भाग लेंगी। एक प्रवक्ता ने बताया कि इस प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा 29 नवंबर 2024 को किया जाएगा व समापन समारोह की अध्यक्षता आयुष, युवा सेवा एवम् खेल, कानून एवं विधि परामर्शी मंत्री यादवेंद्र गोमा करेंगे। चयन के लिए ट्रायल युवा सेवा एवं खेल विभाग द्वारा 25 नवंबर को इंदिरा गांधी राज्य खेल परिसर, दी माल शिमला में प्रात: 9.00 बजे से आयोजित करवाए जाएंगे।

## हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति 23 को मनाएगी स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति आगामी 23 नवंबर को अपना 34वां स्थापना दिवस हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के विज्ञान सभागार में मनाएगी।

ज्ञान विज्ञान समिति के राज्य सचिव सत्यावान पुंडीर ने बताया कि इस समारोह की अध्यक्षता चिकित्सा जगत में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पद्मश्री डॉ. ओमेश भारती करेंगे, जबकि प्रगतिशील किसान नेकराम शर्मा व आईजीएमसी शिमला से सेवानिवृत्त हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पीसी नेगी को बतौर विशिष्ट अतिथि आमंत्रित किया गया है।

इस समारोह में प्रदेश भर से समिति के कार्यकर्ता, कला जत्था से जुड़े कलाकार शामिल होंगे। समारोह में समिति 80 वर्ष और इससे बड़ी उम्र के अपने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को जन विज्ञान आन्दोलन में उनके योगदान के लिए 'ज्ञान विज्ञान सम्मान' प्रदान किया जाएगा।

लोगों को साक्षर बनाने के अलावा पर्यावरण, पेयजल एवं स्वच्छता, स्वास्थ्य, जेंडर, बेटी बचाओ अभियान, वैज्ञानिक दृष्टिकोण के प्रचार-प्रसार, नशे के खिलाफ अभियान जैसे विभिन्न सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यों को आमजन तक पहूंचाने में अहम भूमिका निभाई गई। नशे की बढ़ती समस्या से चिंतित हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति इन दिनों युवाओं को नशे से बचाने के लिए युवा बचाओ अभियान आरंभ किया गया है।

## जलशक्ति विभाग अधीक्षक की मौत

**चौपाल, नेरवा।** जलशक्ति विभाग नेरवा मंडल में अधीक्षक के पद पर सेवारत हर्ष नंटा पुत्र स्व. दौलत राम नंटा, निवासी शीलकायण, ग्राम पंचायत मशडोह के आकस्मिक निधन से पूरे चौपाल उपमंडल में शोक की लहर दौड़ गई है।



एक साल पूर्व ही उनके पिता समाजसेवी सेवानिवृत वन परिक्षेत्राधिकारी एवं चौपाल, नेरवा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्तंभ रहे दौलत राम नंटा का निधन हो चुका है। हर्ष अपने पीछे बुजुर्ग मां, पत्नी व दो नन्हीं बेटियां छोड़ गए है।

बीते सप्ताह हर्ष अपने घर में ही गिर गए थे एवं उन्हें सर पर चोट लगी थी। इलाज के दौरान उनका बुधवार की रात निधन हो गया ।

# कायाकल्प के तहत बिलासपुर अस्पताल पहुंची टीम शौचालयों में गंदगी देख नाराज

## टीम ने प्रत्येक वार्ड में जाकर जांची व्यवस्थाएं, मरीजों से भी की बातचीत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में वीरवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक टीम पहुंची। कायाकल्प के तहत जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया, जिसमें दो सदस्यीय टीम ने अस्तपाल में स्वास्थ्य सुविधाएं जांची। टीम ने ओपीडी भवन से लेकर वार्ड, मैस, सहित अन्य कक्षों में जाकर सारी व्यवस्थाएं देखीं। जिला अस्पताल में शौचालयों में गंदगी व यहां पर सही व्यवस्था न होने के चलते टीम काफी नाराज भी दिखी। इस अवसर पर टीम ने अस्पताल प्रशासन को कुछ निर्देश भी जारी किए और अव्यवथाओं को सही करने को कहा गया।

वीरवार सुबह करीब 10 बजे टीम क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर पहुंच गई थी। अस्पताल में तैनात एमओएच डॉ. परविंद्र सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. भूपेंद्र सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें। जानकारी के अनुसार टीम ने सबसे पहले एमसीएच सेंटर का निरीक्षण किया।



कायाकल्प के तहत जिला अस्पताल का निरीक्षण करने क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम।

**अस्पताल प्रशासन को दिए व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश**

वहीं, यहां पर मरीजों को मिल रही सुविधाओं से टीम खुश भी नजर आई। वहीं, टीम ने मेडिकल वार्ड में पहुंचकर मरीजों से भी बात की और मरीजों से स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर पूछा गया।

ऐसे में टीम को काफी पॉजिटिव रिस्पांस मिला। हालांकि शौचालयों में सफाई व्यवस्थाओं को लेकर टीम नाराज भी दिखी। वहीं, शौचालयों के बाहर लगे साइन बोर्ड व वाशवेशन में गंदगी को लेकर टीम ने इनको साफ रखने के आदेश किए। साइन बोर्ड में सफाई कर्मचारियों को पूरा ब्यौरा देने की भी टीम ने बात कही और कहा कि प्रत्येक 2 घंटे बाद शौचालयों को साफ किया जाए। क्योंकि अस्पताल में अगर शौचालय ही साफ नहीं होंगे तो अन्य व्यवस्थाओं का कोई फायदा नहीं।

टीम में वरिष्ठ अधिकारी डॉ. कवि राज ने बताया कि स्वास्थ्य निदेशालय की ओर से जारी आदेशानुसार बिलासपुर अस्पताल का निरीक्षण किया गया है। वहीं, इस निरीक्षण की सारी रिपोर्ट तैयार करके निदेशालय को सौंप दी जाएगी। प्रत्येक वर्ष प्रदेश के अस्पतालों का कायाकल्प किया जाता है। जिसके तहत अस्पताल को ग्रेडिंग दी जाती है। साथ ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं और अन्य व्यवस्थाएं बेहतर पाए जाने पर अस्पताल प्रशासन को इनामी राशि दी जाती है, जो अस्पताल के विकास कार्यों पर खर्च की जाए।

इस संदर्भ में जब बिलासपुर एमओएच डॉ. परविंद्र सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि वीरवार को टीम अस्पताल में पहुंची हुई थी। टीम ने पूरे अस्पताल का विजिट किया गया है। कायाकल्प के तहत यह टीम अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंची हुई थी।

# पुलिस ने दो मामलों में पकड़ा 4 .2 ग्राम चिट्टा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला में पुलिस ने दो स्थानों पर 4.2 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पहले मामले में थाना शाहतलाई पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक से कल्लर रेन शेल्टर के पास 1.7 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार थाना शाहतलाई पुलिस द्वारा गत रात को गश्त की जा रही थी। जब पुलिस कल्लर रेन शेल्टर के पास पहुंची तो एक युवक संदिग्ध परिस्थितियों में घूमता हुआ दिखा। जिस पर पुलिस ने उसकी शक के आधार पर तलाशी ली तो उससे यह चिट्टा बरामद किया। आरोपी की पहचान 28 वर्षीय मोहित कुमार निवासी बरठीं तहसील झंडूता जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध थाना शाहतलाई में मामला दर्ज कर लिया है तथा आरोपी को हिरासत में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, दूसरे मामले में थाना झंडूता पुलिस ने गश्त के दौरान संपर्क सड़क समोह-औहर के पास दो युवकों से 2.5 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार थाना झंडूता पुलिस द्वारा गत देर रात क्षेत्र में गश्त की जा रही थी। जब पुलिस समोह से औहर संपर्क सड़क के पास पहुंची तो दो युवक संदिग्ध परिस्थितियों में दिखे, जिस पर पुलिस को उन पर शक हुआ। पुलिस ने जब शक के आधार पर उनकी तलाशी ली तो यह चिट्टा मिला। पुलिस ने थाना झंडूता में मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है।

### दो आरोपियों से 412 ग्राम चूरा पोस्त बरामद

**बिलासपुर।** थाना कोट कहलूर पुलिस ने गश्त के दौरान मोटरसाइकिल पर सवार पंजाब के दो लोगों से 412 ग्राम चूरा पोस्त बरामद किया है। जानकारी के अनुसार थाना कोट कहलूर पुलिस गत रात को गश्त कर रही थी तो एक मोटरसाइकिल को रुकने कोकहा, लेकिन चालक ने बाइक को भगाने का प्रयास किया। पुलिस ने कुछ दूरी पर जाकर मोटरसाइकिल को रोका। जब मोटरसाइकिल के पीछे बैठे व्यक्ति के बैग की तलाशी ली तो तीन थैलियों में चूरा पोस्त पाया गया। इसमें से एक थैली में 214 ग्राम, दूसरी में 98 ग्राम व तीसरी में 100 ग्राम पाया गया। थाना कोटकहलूर पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया तथा दोनों को हिरासत में ले लिया है। डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है।

## सरकार पेंशनर्स की मांगों को लेकर गंभीर नहीं : इंद्र ठाकुर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश पेंशनर महासंघ की बैठक का आयोजन बिलासपुर जिला परिषद हॉल में किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता पेंशनर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष इंद्र ठाकुर ने की। बैठक में पेंशनरों की मांगों को लेकर चर्चा की गई। प्रदेश अध्यक्ष इंद्र ठाकुर ने कहा कि सरकार पेंशनरों की मांगों को लेकर गंभीर नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा कि पेंशनरों की कई मांगें हैं, लेकिन इन मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को पेंशनरों की मांगों को लेकर उचित कदम उठाने चाहिए, लेकिन पेंशनरों की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने कहा कि जल्द ही सरकार की ओर से उचित कदम नहीं उठाए गए तो पेंशनर आंदोलन से भी गुरेज नहीं करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार की होगी। इस दौरान डॉ. केएस वर्मा ने कहा कि पेंशनरों की मांगों को लेकर सरकार को गंभीरता दिखानी चाहिए। इस दौरान अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

**समारोह** | वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्हाणी में मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

# विवेक कुमार ने नवाजे सुन्हाणी स्कूल के होनहार

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता उपमंडल की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्हाणी में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इसके मुख्यातिथि विवेक कुमार पहुंचे। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई उसके बाद विवेक कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। पाठशाला की बच्चियों ने स्वागत गाकर मुख्यातिथि का स्वागत किया।

स्कूल प्रधानाचार्य ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और पाठशाला की समस्यायों के बारे में मुख्यातिथि को अवगत करवाया। मुख्यातिथि ने हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। समारोह में विद्यालय के छात्र और छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी गई।



वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुन्हाणी में मेधावी बच्चों के साथ मुख्यातिथि विवेक कुमार।

इसमें विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत गिद्दा व नाटी ने खूब वाहवाही लूटी साथ ही चलाओ ना नैनो से बाण रे, कबूतर आ कबूतर जा जा और चलो इश्क लड़ाए हिंदी गानों की अनेक प्रस्तुतियां प्रस्तुत की कार्यक्रम में बच्चों द्वारा पंजाबी गानो की बहुत सारी प्रस्तुतियां दी गईं। अंत में मुख्यातिथि ने मेधावी छात्र-छात्राओं को पारितोषिक वितरित किए।

### बच्चों के लिए खास होता है आज का दिन

**मुख्यातिथि** विवेक कुमार ने कहा कि आज जो यहां पर प्राथमिक और माध्यमिक पाठशाला के बच्चों ने प्रस्तुतियां यहां पर दी हैं, वह काबिले तारीफ हैं। इतनी छोटी सी उम्र में मंच पर आना ही बड़ी बात है। इस तरह की प्रस्तुतियां इन छोटे बच्चों ने दी हैं, उससे भी बड़ी बात है। उन्होंने बच्चों को कहा कि यह शुरुआत यहां से हुई है, आगे आपको और भी बड़े आयाम स्थापित करने है। ये जो मंच है, इसकी आगे भी आपको सहायता मिलेगी। मैं समझता हूं कि यह जो वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह होता है इसका इंतजार बच्चे पूरा वर्ष भर करते हैं। पूरा साल जो बच्चों ने कमाया होता है, उसका फल उन्हें आज यहां मिलना होता है।

## न्यूज ब्रीफ

### टांडा रेंज में आज होगा फायरिंग अभ्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सहायक आयुक्त सुभाष गौतम ने बताया कि टांडा फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय सेना द्वारा 22 नवंबर प्रातः 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक फायरिंग का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने ग्राम पंचायत कोहाला, कच्छयारी, खोली, घुरकड़ी के लोगों से इस दौरान फायरिंग रेंज में न जाने की अपील की है।

### डॉ. राका शर्मा ने संभाला प्राचार्या का कार्यभार

**अनंत ज्ञान, डरोह।** महाराजा संसार चंद मेमोरियल राजकीय महाविद्यालय थुरल में डॉ. राका शर्मा ने प्राचार्या के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने महाविद्यालय



के कर्मचारी वर्ग के साथ बैठक कर महाविद्यालय के विकासात्मक कार्यों की समीक्षा की और कहा कि भविष्य में भी महाविद्यालय के विकास में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। इससे पहले डॉ. राका शर्मा ने प्रोफेसर के रूप में कॉलेज पालमपुर, नौरा, हमीरपुर और मंडी में अध्यापन कार्य में कुशल सेवाएं प्रदान की हैं। इस मौके पर शिक्षक वर्ग, गैर शिक्षक वर्ग और केंद्रीय छात्र परिषद ने नव नियुक्त प्राचार्य को कार्यभार संभालने पर बधाई दी है। इस अवसर पर प्रो. रवि सिंह पालसरा, डॉ. अमित शर्मा, प्रो. लेख राम नेगी, प्रो. पवन राणा, डॉ. संजीव शर्मा, डॉ. विशाल वालिया, डॉ. शिशुपाल, प्रो. नविता, प्रो. प्रेमलता, प्रो. अजय, पुस्तकालय सहायक रणजीत सिंह राणा आदि उपस्थित रहे।

### एयरपोर्ट प्रभावितों के बनने लगे एफिडेविट

**अनंत ज्ञान, गगल।** कांगड़ा एयरपोर्ट से प्रभावित हुए ग्रामीणों के वीरवार को ग्राम पंचायत सनोरा के कार्यालय में कांगड़ा के तहसीलदार की देखरेख में एफिडेविड



बनाए गए। तहसीलदार ने कहा कि सनोरा,भेड़ी और ढुगयारी के प्रभावित ग्रामीणों के फाइनल एफिडेविट बनाए जा रहे हैं। जिन लोगों के एफिडेविड तैयार हो जाएंगे, वे एफिडेविट कांगड़ा के एसडीएम इशांत जसवाल के कार्यालय में जमा करवा दिए जाएंगे। उसके बाद एसडीएम इन सभी एफिडेविट को वेरीफाई करके बैंक में भेज दिए जाएंगे और इसके आधार पर लोगों को पैसे मिलना शुरू हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी एफिडेविट फाइनल के आधार पर ही बन रहे हैं जिसमें किसी को भी आपत्ति नहीं है। कुछ ग्रामीणों के मामले कोर्ट में चले हुए हैं, उन्हें इस कैम्प में नहीं बुलाया है। उन की कार्रवाई अगले कैंप में होगी।

### आंगनबाड़ी वर्कर्स के लिए 18 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** बाल विकास परियोजना पंचरुखी के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं के रिक्त पदोंको भरने हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। बाल विकास परियोजना पंचरुखी के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र अपर भरमात, कैलाशपुर, अंबोटू, पंतेहड़ व पंचायत लदोह में एक-एक पद आंगनबाड़ी सहायिका का तथा अंबोटू में कार्यकर्ता के रिक्त एक पद को भरने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए हैं। इच्छुक उम्मीदवार 18 दिसंबर सायं 5 बजे तक बाल विकास परियोजना अधिकारी पंचरुखी में सादे कागज पर आवश्यक प्रमाण पत्रों सहित आवेदन कर सकते हैं। महिला ही इन पदों के लिए आवेदन कर सकती हैं, जिनकी आयु 18- 35 वर्ष के बीच हो। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बाहरवीं या समकक्ष अनिवार्य है। परिवार रजिस्टर की नकल अनुसार प्रार्थी की वार्षिक आय समस्त साधनों से 50000 रुपए से अधिक न हो। साक्षात्कार की तिथि 24 दिसंबर निर्धारित की गई है।

### बिजली बिलों का 25 से पहले करें भुगतान

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल ढलियारा के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि अपने नवंबर माह के बिजली के बिलों का भुगतान 25 नवंबर या इससे पहले कर दें अन्यथा आपके बिजली के कनेक्शन किसी पूर्व सूचना के अस्थायी तौर पर काट दिए जाएंगे। यह सूचना सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल ढलियारा ई. मनीष कुमार संधू ने दी है।

# पंचरुखी को 31 दिसंबर से पहले मिलेगा तहसील का दर्जा : गोमा

## मंत्री ने खुरड़पट्ट में 35 लाख से निर्मित स्वास्थ्य भवन लोगों को किया समर्पित

**अजय पाल, पंचरुखी**

आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने ग्राम पंचायत भरवाना के खुरड़पट्ट में 35 लाख से निर्मित स्वास्थ्य भवन लोगों को समर्पित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए, गोमा ने कहा कि प्रदेशवासियों को उत्तम एवं अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवाने के लिए सरकार कटिबद्ध है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा आयुष विभाग द्वारा दुर्गम, दूर-दराज तथा गांव स्तर तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि अगले 31 दिसंबर से पहले सब-तहसील पंचरुखी को तहसील का दर्जा दिया जाएगा।

गोमा ने खुरडपट्ट के मैदान के लिए अगले वित्तीय वर्ष में 15 लाख, पांच संपर्क मार्गों के लिए 5 लाख, वार्ड 4 में पुली के लिए डेढ़ लाख, अष्ठभुजा मंदिर के लिए एक लाख, किचन शेड निर्माण के लिए 1 लाख, खुरडपट्ट गाहर सड़क की टारिंग की घोषणा की। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया कि नई बसें आने के बाद इस क्षेत्र के लिए सुबह शाम एक बस सेवा और स्वास्थ्य उपकेंद्र की चारदीवारी का कार्य किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



खुरड़पट्ट में 35 लाख से निर्मित स्वास्थ्य भवन का लोकार्पण करते मंत्री गोमा।

### सीएम 29 को करेंगे वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ

**खेल** मंत्री गोमा ने बताया कि प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ. यशवंत सिंह परमार स्मृति में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन 29 नवंबर से पहली दिसंबर तक पंचरुखी में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे और इसमें राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा निर्धारित मापदंड पूर्ण होने पर राजकीय उच्च विद्यालय भरवाना को स्तरोन्नत कर 10 जमा दो का दर्जा देने का प्रयास किया जाएगा।

### स्वास्थ्य सेवाएं देने पर खर्च हो रहे 3415 करोड़

**गोमा** ने कहा कि प्रदेश के लोगों को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए 3415 करोड़ रुपये व्यय किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के हर विधान सभा क्षेत्र में एक स्वास्थ्य संस्थान को आदर्श स्वास्थ्य संस्थान बनाया जा रहा है। इस संस्थान में विशेषज्ञ चिकित्सकों के अलावा आधुनिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक आदर्श स्वास्थ्य केंद्र में उपकरणों और मशीनों को खरीदने के लिए एक-एक करोड़ रुपए उपलब्ध करवाए जा रहा रहे हैं। जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में भी स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ किया गया है। सिविल अस्पताल जयसिंहपुर में विशेषज्ञ चिकित्सकों के अतिरिक्त अल्ट्रासाउंड सुविधा, लैब इत्यादि सुविधा आरंभ की गई हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में सभी प्रकार की बुनियादी स्वास्थ्य जरूरतों को पूरा करना का प्रयास किया गया है। उन्होंने स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन की शुभकामनाएं दीं।

# पुलिस ने पकड़ी लाखों रुपए की हेरोइन, दो आरोपी काबू



**अनंत ज्ञान टीम, धर्मशाला/नगरोटा**

पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 40.56 ग्राम हेरोइन के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। नगरोटा बगवां थाने में जानकारी देते हुए डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि डिग्री कॉलेज नगरोटा बगवां के पास एक सफेद रंग की आई 20 कार के अंदर बैठे दो व्यक्तियों के पास हेरोइन हो सकती है। इसके बाद तुरंत एक टीम गठित की गई और कार की तलाशी ली गई। कार में बैठे लोगों ने स्टेयरिंग कवर के अंदर हेरोइन छिपा रखी थी। तलाशी में 40.56 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसके साथ ही पुलिस ने 4 मोबाइल फोन, 6 एटीएम कार्ड, नकदी और आई20 कार भी जब्त की है। आरंभिक जानकारी के

### आरोपियों ने स्टेयरिंग में छिपा रखी थी नशे की खेप

अनुसार दोनों के पंजाब से लिंक हैं। आरोपियों में से एक हरियाणा के सिरसा का निवासी है, जबकि दूसरा हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के शाहपुर का रहने वाला है।

वर्तमान में दोनों मोहाली में काम कर रहे हैं। दोनों पर एनडीपीएस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें स्थानीय शुक्रवार को अदालत में पेश किया जाएगा। डीएसपी ने बताया कि चिट्टे के साथ गिरफ्तार दोनों युवकों के संबंध पंजाब के गिरोह से भी होने की जानकारी मिली है। उन्होंने बताया कि कॉल डिटेल समेत अन्य माध्यमों से इनके ऐसे लिंक का भी पता लगाए जाएगा।

# विधायक ने सिरत में उचित मूल्य की दुकान का किया शुभारंभ



सिरत में उचित मूल्य की दुकान का शुभारंभ करते विधायक मलेंद्र राजन।

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**

विकास खंड इंदौरा के अंतर्गत आती पंचायत सिरत में लंबे समय से चली आ रही लोगों की मांग को पूरा करते हुए विधायक इंदौरा मलेंद्र राजन ने उचित मूल्य की दुकान का शुभारंभ किया। उचित मूल्य की दुकान खुल जाने से सिरत पंचायत के लोगों को जहां पहले चार से पांच किलोमीटर की दूरी तय करके दमताल में राशन लेने के लिए जाना पड़ता था, अब जनता को न ही घंटों लाइन में खड़े रहने की जरूरत होगी और न ही लंबी दूरी तय करके दूसरे पंचायत से राशन लेने की दिक्कत आएगी। अब यह सुविधा सिरत पंचायत के लोगों को घर द्वार ही मिलेगी। (अनंत ज्ञान)

### पंचायत सचिव 10 दिसंबर तक जमा करवाएं फार्म

**फतेहपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना की आवेदक महिलाओं की पात्रता तय करने का अधिकार सरकार द्वारा पंचायतों को सौंप रखा है। इसके चलते अब तहसील कल्याण विभाग में जमा हुए उक्त फार्मों को पंचायतों में भेजा जा चुका है, जिसकी पंचायतें बैठक दौरान पात्रता तय कर रही हैं। इस विषय पर बुधवार को तहसील कल्याण अधिकारी फतेहपुर अनूप सिंह ने बताया विभाग के पास उक्त योजना के करीब 12 हजार फॉर्म जमा हुए थे, जिन्हें संबंधित पंचायतों को भेज दिया गया है। अब पंचायतें उनकी पात्रता तय कर तहसील कल्याण विभाग के कार्यलय में जमा करवाएंगी। उन्होंने पंचायत सचिवों से अपील की है कि ऊक्त योजना की पात्र महिला आवेदकों की सूची आगामी दस दिसंबर तक कार्यालय में जमा करवाएं, ताकि 15 दिसंबर तक सूची को जिला कार्यालय भेजा जा सके।

# कांग्रेस महासचिव देवेंद्र जग्गी ने रक्कड़ स्कूल को दी लाखों रुपए की सौगातें

## स्कूल में नए कमरे बनाने का ऐलान, चारदीवारी निर्माण को दिया बजट

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**



धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के तहत प्रतिष्ठित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रक्कड़ में जल्द नए कमरों का निर्माण किया जाएगा। साथ ही स्कूल में बाउंडरी वॉल पर दो लाख रुपए खर्च होंगे। यह ऐलान कांग्रेस महासचिव व धर्मशाला से पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी ने वीरवार को स्कूल के वार्षिक समारोह में किया। देवेंद्र जग्गी स्कूल के समारोह में बतौर मुख्यातिथि बच्चों, अभिभावकों व जनता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले स्टूडेंट्स को अपनी तरफ से 21 हजार रुपए देने की घोषणा की। इससे पहले स्कूल पहुंचने पर मुख्यातिथि का स्कूल प्रिंसिपल वंदना शर्मा, लेक्चरर चंद्रकांत शर्मा, पूजा सब्बरवाल की अगुवाई में स्टाफ ने भव्य स्वागत किया। देंवेंद्र जग्गी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू धर्मशाला हलके के विकास पर सबसे ज्यादा फोकस कर रहे हैं। धर्मशाला शहर में रियल टाइम वाटर मानीटरिंग सिस्टम लगाया गया है। इस सिस्टम को धीरे-धीरे गांवों तक ले जाया जाएगा। सर्दियों में पानी कमी नहीं आने दी जाएगी।




# स्किन को ठंडक देने के साथ चेहरे पर निखार लाए तुलसी

तुलसी को जड़ी बूटियों का राजा माना जाता है। इसे आयुर्वेद में इसे पवित्र पौधा माना जाता है। तुलसी भारतीय घरों में पूजा और औषधि दोनों के लिए इस्तेमाल की जाती है। तुलसी को लोक कथाओं/धार्मिक मान्यताओं में सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है। दुनियाभर में तुलसी की खेती का एक लंबा इतिहास रहा है और सदियों से इसका इस्तेमाल पवित्र जड़ी-बूटी, सुगंधित जड़ी-बूटी और सजावटी जड़ी-बूटी के रूप में किया जाता रहा है। ऐसा माना जाता है कि इसे भारत से सिकंदर महान द्वारा प्राचीन ग्रीस लाया गया था। अभी तक तुलसी की लगभग 60 प्रजातियों की पहचान की गई है, जिनकी विश्व भर में खेती की जाती है और जो उपभोक्ताओं को उपलब्ध होती हैं।



**तुलसी** सेहत के साथ साथ सौंदर्य निखारने के काम में भी लाई जाती है। तुलसी में एंटीऑक्सीडेंट एंटीसेप्टिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो त्वचा की रंगत को निखारने में सहायक साबित होते हैं। ये स्किन को ठंडक देने के साथ-साथ चेहरे के ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाकर चेहरे पर सोने से निखार देने में मददगार साबित होते हैं। अगर आप काफी व्यस्त रहते हैं और सौंदर्य प्रसाधनों के लिए वक्त नहीं निकाल पाते तो भी आप तुलसी का सेवन कर सकते हैं। आप तुलसी को चेहरे पर सीधा भी लगा सकते हैं। इसके लिए आप कुछ तुलसी के पत्ते पीस कर रस निकाल लें और इस रस को सीधा अपने चेहरे पर लगा लें। इसे आधे घंटे बाद ताजे पानी से धो डालिए।

### ऐसे बनाएं फेस पैक

कांच के बर्तन में तुलसी की कुछ पत्तियां लेकर इसमें 2 चम्मच चावल का आटा और 1 चमच्च शहद डालकर पेस्ट तैयार कर लें और इस पेस्ट को अपने चेहरे पर लगा कर आधे घंटे बाद चेहरे को पानी से धो लें। इससे त्वचा में लचीलापन पन आता है। तुलसी का फेस पैक बनाने के लिए 10-15 तुलसी के पत्ते, दो चमच्च दही, आधा चमच्च शहद और एक चमच्च चावल का आटा लें। तुलसी के पत्तों को पीस कर एक कटोरी में डाल लें। अब इसमें दही, शहद और चावल का आटा मिला लें। अब इन सभी चीजों का मिश्रण करके क्रीमी पेस्ट तैयार कर लें। इस फेस पैक को एयर टाइट बर्तन में फ्रीज में रख लें। जब भी जरूरत पड़े तो इसे चेहरे पर 15 मिनट तक लगाने के बाद चेहरे को साफ पानी से धो डालिए। इसके रेगुलर इस्तेमाल से चेहरा कोमल, मुलायम और आकर्षक दिखेगा।



**शहनाज हुसैन**
*अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौंदर्य विशेषज्ञ हैं और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय हैं।*

### बाल होंगे मजबूत, आएगी चमक

तुलसी त्वचा के अतिरिक्त बालों के सुंदरता में भी काफी सहायक सिद्ध होती है। तुलसी के पत्तों को पीस कर कांच की एक कटोरी में डाल लें। अब इसमें कुछ बूंदें नारियल तेल मिलाकर बने हेयर मास्क को बालों पर लगाएं और आधा घंटा बाद बालों को हल्के शैंपू से धो डालें। इससे बाल कुदरती तौर पर मजबूत होंगे और उनका झड़ना भी कम हो जाएगा। तुलसी का टोनर बनाने के लिए तुलसी के पत्तों को पानी में उबालें और इस पानी को ठंडा करके एक बोतल में भर कर रख लें। रोज रात को सोने से पहले इस टोनर को अपने चेहरे पर लगाने से त्वचा में ताजगी बनी रहेगी और पोर्स भी कम हो जाएंगे। तुलसी के तेल को त्वचा पर लगाने से त्वचा संबंधी विकारों से लड़ने में मदद मिलती है, जिससे त्वचा पर कील, मुहांसों आदि से छुटकारा मिलता है और त्वचा साफ और निखरी नजर आती है।

### स्किन इंफेक्शन से भी मिलेगा छुटकारा

तुलसी का इस्तेमाल स्किन इंफेक्शन जैसी समस्याओं के लिए फायदेमंद होता है। तुलसी का रस दाग धब्बों को हटाने में मदद करता है और त्वचा की रंगत को निखारता है। तुलसी का इस्तेमाल त्वचा की तरह बढ़ती उम्र से होने वाली झुर्रियों को रोकता है और त्वचा को चमकदार बनाता है। एक गिलास पानी में तुलसी के पत्तों को उबालकर इसकी चाय बना कर रोज सुबह



इसका सेवन करें। ये आपकी सेहत, बालों और त्वचा तीनों के लिए फायदेमंद साबित होगा। अगर आप चेहरे पर दाग, धब्बों और मुहांसों से परेशान हैं तो तुलसी मददगार साबित हो सकती है। दो लौंग के साथ नीम और तुलसी के पत्तों को बराबर मात्रा में मिलाकर थोड़ा पानी डालकर इसे पीस लें। इसे आंखों के आसपास क्षेत्र को छोड़ कर बाकी सारे चेहरे पर लगाएं और आधा घंटा बाद साफ ताजे पानी से चेहरा धो डालिए। यह फेस मास्क मुंहासों और काले धब्बों को कम करेगा।




## कलौंजी से जड़ से काला हो जाएगा एक-एक बाल

# नहीं पड़ेगी केमिकल लगाने की जरूरत

*कलौंजी को ब्लैक सीड भी कहा जाता है और ये सदियों से आयुर्वेद में अलग-अलग स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के लिए इस्तेमाल किया जाता रहा है। खासकर अगर हम बालों की बात करें तो इसमें एंटीफंगल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। जो रूसी को कम करने, हेयर फॉल को रोकने, बालों को सफेद होने से रोकने और उन्हें लंबे समय तक काले बनाए रखने में मदद करता है। यही कारण है कि बालों के लिए बनाए जाने वाले ज्यादातर घरेलू नुस्खों में कलौंजी का इस्तेमाल किया जाता है। आज हम आपको इस लेख में भुनी कलौंजी की मदद से बालों को काला करने का बहुत ही असरदार और टिकाऊ तरीका बताने वाले हैं, जो एक-एक सफेद बालों को जड़ से काला कर देगा और उन्हें मजबूत और शाइनी बनाने का काम करेगा। आइए जानते हैं बिना केमिकल वाले बालों को काला करने के नुस्खे को कैसे तैयार करें।*

### सामग्री

| | |
|---|---|
| कलौंजी- | 1 कटोरी |
| चाय पत्ती- | 2 चम्मच |
| चुकंदर का पाउडर- | 1 चम्मच |
| सरसों का तेल- | 2 चम्मच |



### ऐसे तैयार करें नुस्खा

**सबसे** पहले आप एक लोहे की कढ़ाई लें और उसमें कलौंजी और चाय पत्ती डालकर भून लें। इसके बाद कढ़ाई में एक चम्मच चुकंदर पाउडर डालें और साथ में उसे भी भून लें जब तक की वो भी काला न हो जाए। जब पाउडर काला हो जाए तो इसे ठंडा होने के लिए एक बाउल में निकाल लें। अब इसे मिक्सी में डालकर पीस लें और पाउडर तैयार कर लें। इसके बाद एक कटोरी लें और उसमें 1 चम्मच कलौंजी पाउडर और 2 चम्मच सरसों का तेल डालकर मिक्स कर लें। अब आप इसे अपने सफेद बालों पर लगाएं और 30-40 मिनट तक सूखने के लिए छोड़ दें। समय पूरा होना के बाद हेयर वॉश कर लें और फिर देखें कैसे ये आपके एक-एक सफेद बाल को जड़ से काला कर देता है।

*(नोटः यह लेख आपकी जानकारी के लिए है। साथ ही याद रखें कि हर किसी की स्किन अलग-अलग होती है, इसलिए किसी भी तरह के नुस्खे को अपनाने से पहले पैच टेस्ट करना बिलकुल न भूलें। अगर आपकी स्किन सेंसिटिव है या आपको किसी भी तरह की एलर्जी है, तो सबसे पहले स्किन स्पेशलिस्ट से बात करें। उनके कहे अनुसार ही स्किन पर कुछ इस्तेमाल करें।)*

# फटे होंठों को मुलायम बनाएगा यह लिप बाम



**सर्दियां आते ही न सिर्फ त्वचा रूखी होने लगती है, बल्कि उसके साथ-साथ होंठ भी फटने लगते हैं। होंठों के फटने की वजह से चेहरा काफी अजीब दिखता है। कई बार तो ये समस्या इतनी ज्यादा बढ़ जाती है कि होंठों से खून तक आने लगता है। ऐसे में होंठों पर सही समय से ही लिप बाम का इस्तेमाल करना जरूरी हो जाता है। वैसे तो बाजार में आजकल होंठों के हिसाब से लिप बाम मिल जाता है, लेकिन बहुत से लोगों को बाजार मिलने लिप बाम सूट नहीं करते हैं। ऐसे में आज यहां हम आपको घर पर ही लिप बाम बनाने की विधि बताने जा रहे हैं। घर पर बना लिप बाम केमिकल रहित होता है। ऐसे में इसके इस्तेमाल से आपके होंठों को किसी तरह का खतरा नहीं रहेगा। सर्दियों में ये लिप बाम आपके होंठों को मुलायम बनाकर रखेगा।**

**सामग्री**
शिया बटर - 1 चम्मच, कोकोआ बटर - 1 चम्मच
नारियल तेल - 1 चम्मच, गुलाब जल,
हनी - 1/2 चम्मच, विटामिन ई तेल - कुछ बूंदें

### लिप बाम बनाने का तरीका

लिप बाम बनाने के लिए सबसे पहले एक छोटे बाउल में शिया बटर, कोकोआ बटर और नारियल तेल को डालें। अब इन सामग्रियों को एक छोटे बर्तन में डालकर धीमी आंच पर पिघलने के लिए रखें। आप इन्हें माइक्रोवेव में भी पिघला सकते हैं, लेकिन ध्यान रखें कि इनको ज्यादा गर्म न करें। जब सारी सामग्री पिघल जाए, तो मिश्रण को थोड़ी देर के लिए ठंडा होने दें। फिर इसमें हनी और अगर चाहें तो विटामिन ई तेल डालें। इसके बाद उन सभी सामग्रियों को अच्छे से मिला लें और फिर इस मिश्रण को एक छोटे डिब्बे या लिप बाम के कंटेनर में भर लें। इसे कमरे के तापमान पर या फ्रिज में रखकर 1-2 घंटे तक सेट होने दें। अब आपका घरेलू लिप बाम तैयार है। इसे रोजाना इस्तेमाल करें। इसके रोजाना इस्तेमाल से आपके होंठ मुलायम बने रहेंगे।



*(नोटः इस लेख में दी गई सूचनाएं सामान्य जानकारियों पर आधारित हैं। संबंधित लेख पाठक की जानकारी व जागरूकता बढ़ाने के लिए तैयार किया गया है। त्वचा संबंधी किसी भी तरह की अधिक जानकारी के लिए हमेशा किसी विशेषज्ञ या अपने चिकित्सक से परामर्श करें।)*

## न्यूज ब्रीफ

### 'परख' के तहत परखा बच्चों का ज्ञान



**नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी में परख सर्वेक्षण मॉक टेस्ट-3 का आयोजित किया गया। इसमें तीसरी, छठीं और नवमीं कक्षा के छात्रों ने उत्सुकतापूर्वक भाग लिया। स्कूल की प्रिंसिपल आरती कटोच ने बताया कि परख, नीति निर्माण, मूल्यांकन मानदंड और मूल्यांकन कौशल की प्रक्रिया निर्धारित करने पर केंद्रित है। सीखने के परिणामों की निगरानी के साथ-साथ राज्य मूल्यांकन सर्वेक्षण और राष्ट्रीय मूल्यांकन सर्वेक्षण का मार्गदर्शन करना परख का एक अन्य उद्देश्य है।

### सरकारी संपत्तियों को बचाने के लिए लड़ेंगे लड़ाई : राणा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) के स्वामित्व वाले 56 होटलों में से 18 को बंद करने के आदेश को लेकर सरकार की मंशा पर कड़े सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह मामला सरकार की सुनियोजित रणनीति का हिस्सा प्रतीत होता है, जिसके तहत इन होटलों को घाटे का दिखावा करके निजी क्षेत्र को सौंपने की तैयारी की जा रही है। राजेंद्र राणा ने कहा कि अदालत का निर्णय सरकार द्वारा प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर दिया गया है और वह अदालत के इस निर्णय का सम्मान करते हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार ने जानबूझकर सही और पूरी जानकारी अदालत के समक्ष पेश नहीं की, ताकि इन बेशकीमती संपत्तियों को अपने चहेतों को सस्ते दामों में बेचने का मार्ग प्रशस्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुक्खू सरकार लगातार आर्थिक संकट का बहाना बनाकर सरकारी संपत्तियों को बेचने की कोशिश कर रही है। उदाहरण के तौर पर, उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक विरासत वाइल्ड फ्लावर हॉल को ओबेरॉय ग्रुप से लंबी लड़ाई के बाद वापस लिया गया था। अब, सरकार इसे फिर से दिल्ली में बैठे अपने आकाओं के इशारे पर उसी समूह के हवाले करने की योजना बना रही है। राजेंद्र राणा ने स्पष्ट किया कि हिमाचल प्रदेश जैसे खूबसूरत और ऐतिहासिक महत्व वाले राज्य को बिकने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस बारे पूरे दमखम और वास्तविक तथ्यों के साथ कानूनी लड़ाई लड़ेंगे और सरकार की साजिश का पर्दाफाश करने के लिए सभी तथ्य माननीय अदालत के सामने प्रस्तुत किए जाएंगे।

### हिमाचल भवन का मामला भाजपा सरकार से हुआ मिस हैंडल



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा प्रदेश कांग्रेस सरकार के विषय में दिए गए वक्तव्यों को जनता को गुमराह करने का प्रयास करार देते हुए पूर्व प्रदेश कांग्रेस मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा कि नड्डा पूर्व की भाजपा सरकार के शासन काल की नाकामियों और प्रशासनिक कुव्यवस्था के परिणामस्वरूप अब सामने आ रहे परिणामों का ठीकरा कांग्रेस सरकार के सर फोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस केस में हिमाचल भवन को उच्च न्यायालय द्वारा अटैच करने का फैसला सुनाया गया, वह भाजपा सरकारों के कार्यकाल में ही मिस हैंडल हुआ और इसी के साथ पर्यटन विकास निगम के होटलों को मुनाफे में लाने के लिए भी जय राम सरकार ने कोई प्रयास नहीं किया। कौशल ने कहा कि आर्थिक सुधारों को अंजाम देने में लगी कांग्रेस सरकार का विरोध करने वाले भाजपा नेता वास्तव में प्रदेश हित की बजाए भाजपा हित को आगे रख कर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि खनन और शराब माफिया का बोलबाला भी बीजेपी सरकार के शासनकाल में ही था, जिसके चलते लगातार तीन वित्तीय वर्षों तक शराब के ठेकों की नीलामी नहीं की गई, जबकि सुक्खू सरकार ने शराब तथा खनन माफिया पर लगाम लगा कर 2200 करोड़ का अतिरिक्त राजस्व अर्जित किया। कौशल ने कहा कि भाजपा के तमाम आरोपों और दुष्प्रचार का 11 दिसंबर को बिलासपुर में होने जा रही रैली में कांग्रेस पार्टी माकूल जवाब देगी।

### गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेज में 23 को होगा सम्मेलन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गौतम ग्रुप ऑफ कॉलेज में 23 नवंबर को आधार तथा स्वास्थ्य विज्ञान में कृत्रिम बुद्धिमत्ता एआई की भूमिका विषय पर एकदिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें हिमाचल के विभिन्न महाविद्यालयों के अतिरिक्त पूरे देश के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 700 प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। इस सम्मेलन के लिए देशभर के प्रतिष्ठित लेखकों के लगभग 100 अमूर्त प्राप्त हुए हैं। यह जानकारी गौतम ग्रुप ऑफ कालेज के प्रबंध निदेशक एवं कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक जगदीश गौतम ने दी। उन्होंने बताया कि इसकी संपूर्ण तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। महाविद्यालय के स्टाफ तथा विद्यार्थियों में इस आयोजन को लेकर बड़ा उत्साह है।

# हमीरपुर अस्पताल आग लगने पर रखेगा मरीजों का ख्याल, रास्तों से हटेगा सामान

## मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने अग्निकांड होने पर मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने की बनाई रणनीति

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

डॉ. राधा कृष्णन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में वीरवार को मेडिकल कॉलेज प्रबंधन ने आग की घटनाओं से निपटने के लिए सभी विभागों के एचओडी, जल शक्ति विभाग, बिजली बोर्ड और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमेश भारती ने मेडिकल कॉलेज में प्रबंधों को लेकर समीक्षा की।

बैठक में मेडिकल कॉलेज में आग की घटनाओं से निपटने के लिए प्रबंधों पर चर्चा की गई तथा जो कमियां हैं, उन्हें दूर करने के लिए सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए। गौर रहे कि मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में आग की घटनाओं पर काबू पाने के लिए वाटर हाईड्रेंट सिस्टम शुरू कर दिया है, जिससे आग की घटना होने पर इसका उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा यदि आग की घटना होने पर भगदड़ मच जाती है या मरीज की जान पर बन जाती है तो ऐसी स्थिती में मरीजों को कैसे सुरक्षित रखना है और आग की घटना पर कैसे काबू पाना है, इन सब विषयों पर चर्चा की गई। इस दौरान प्राचार्य डॉ. रमेश भारती ने निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जितने भी आने-जाने के रास्ते हैं, वहां पर कोई सामान नहीं रखा जाना चाहिए।

उन्होंने बताया कि आपात स्थिति में इन्हीं रास्तों से मरीजों को आसानी से सुरक्षित निकाला जा सकता है। बैठक में बिजली बोर्ड से आए अधिकारियों को मेडिकल कॉलेज में बिजली के लोड का ऑडिट करने के निर्देश भी दिए गए। इसके अलावा सीटी स्कैन की बिल्डिंग में आग बुझाने के यंत्र लगे हैं, उसे वाटर हाईड्रेंट सिस्टम से नहीं जोड़ा गया है। इसे भी शीघ्र जोड़ा जाएगा। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज के एचओडी अपने विभागों में सुनिश्चित करेंगे कि उनके कमरों या वार्डों में बिजली की वायरिंग खराब तो नहीं है, यदि खराब है तो इसकी तुरंत मरम्मत करवाई जाएगी। इसके अलावा जितने भी प्लग हैं, वे सही तरीके से काम कर रहे हैं या नहीं, इसके बारे में भी पूरा ध्यान रखेंगे।

मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रमेश भारती ने बताया कि आग की घटना से मरीजों को कैसे बचाया जाए और आग को बुझाने के प्रबंधों को लेकर बैठक की गई। उन्होंने बताया कि इस बैठक में सभी विभागों के एचओडी और अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि स्टाफ नर्सों को आग की घटना होने पर मरीजों को बचाने के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अस्पताल में जो भी कमियां उसे दूर करने के लिए शीघ्र कदम उठाए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)



मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की बैठक के दौरान गणमान्य, जिन्होंने अग्निकांड को लेकर चर्चा की।

### स्टाफ नर्सों को मरीजों को बचाने का दिया जाएगा प्रशिक्षण

हाल ही में मेडिकल कॉलेज झांसी में आग की घटना में 10 बच्चों की मौत हो गई। इस घटना से अन्य मेडिकल कॉलेज में भी आग की घटना से निपटने के लिए अपने प्रबंधों को पुख्ता कर रहे हैं। यदि आग की घटना हो जाती है तो स्टाफ नर्सें मरीजों को सुरक्षित करेंगी, इसके बारे में भी चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आग लगने की स्थिति में नर्सें कैसे मरीजों को बचाएंगी, इसके बारे में उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### इंस्पेक्टर निर्मल सिंह ने संभाला नादौन पुलिस थाना का कार्यभार



**अनंत ज्ञान, नादौन।** इंस्पेक्टर निर्मल सिंह ने पुलिस थाना नादौन का कार्यभार संभाल लिया है। वह पुलिस थाना भोरंज से स्थानांतरित होकर आए हैं। इससे पहले वह हमीरपुर सदर में भी सेवाएं दे चुके हैं। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा चलाए गए नशे के खिलाफ अभियान को और तेज किया जाएगा। नशे के खिलाफ अंकुश लगाने के लिए समाज का सहयोग जरूरी है, इसलिए लोगों से आग्रह है कि यदि उन्हें नशे के कारोबार या नशे में संलिप्तों की कोई सूचना मिले तो पुलिस को सूचित करें ताकि ऐसे लोगों पर शिकंजा कसा जा सके। अवैध धंधों में संलिप्त लोगों की जानकारी देने वालों का नाम गुप्त रखा जाएगा।

एसएचओ ने नशे के धंधे में शामिल लोगों को हिदायत दी है कि वे इसे छोड़ दें, युवाओं का भविष्य खराब न करें अन्यथा उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों को कड़ाई से लागू किया जाएगा। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि वे यातायात नियमों का पालन करें जो कि आपकी सुरक्षा के लिए ही बनाए गए हैं। ध्यान में आया है कि कुछ वाहन चालक अपने वाहनों की नंबर प्लेट से छेड़छाड़ करते हैं, ऐसे वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### तकनीकी विवि के दीक्षांत समारोह की राज्यपाल करेंगे अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर का पांचवां दीक्षांत समारोह 23 नवंबर को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के सभागार में आयोजित किया जाएगा।

सुबह 10 बजे आरंभ होने वाले इस समारोह की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल एवं तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति शिव प्रताप शुक्ल करेंगे, जबकि नीति आयोग के सदस्य विनोद कुमार पॉल समारोह के मुख्य अतिथि और हिमाचल प्रदेश के तकनीकी शिक्षा, आवास और नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

प्रवास कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल 22 नवंबर शाम को ही हमीरपुर पहुंच जाएंगे और 23 नवंबर को दीक्षांत समारोह की समाप्ति के तुरंत बाद शिमला लौट जाएंगे।

## परख की तैयारियों का किया आकलन



शिक्षा उपनिदेशक, शिक्षा गुणवत्ता नियंत्रण, जिला संयोजक परख ने किया स्कूलों का निरीक्षण।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रदेश भर में 4 दिसंबर को होने वाले राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 परख की परीक्षा को लेकर सभी स्कूलों में बच्चों से तैयारी करवाई जा रही है, जिससे पढ़ाई की गुणवता में सुधार आए।

वीरवार को शिक्षा उपनिदेशक शिक्षा गुणवत्ता नियंत्रण नवीन शर्मा व जिला संयोजक परख परमजीत डोगरा ने विभिन्न स्कूलों में राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 परख की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या हमीरपुर, केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला हमीरपुर, प्राथमिक पाठशाला डुग्घा, हाई स्कूल डुग्घा, प्राथमिक पाठशाला पंजयाली, आर्यन पब्लिक स्कूल भोटा, सेवन स्टार पब्लिक स्कूल भोटा, विद्या आदर्श पब्लिक स्कूल भोटा, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला समताना में परख की तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान शिक्षा उपनिदेशक शिक्षा गुणवत्ता नियंत्रण नवीन शर्मा ने अध्यापकों को निर्देश दिए कि सभी विषयों का प्रश्न पत्र बैंक तैयार करें और प्रतिदिन स्कूल के बच्चों के साथ इसे शेयर करें। उन्होंने बताया कि इस प्रश्नपत्र के आधार पर रेंडम आधार पर बच्चों का टेस्ट भी लें जिससे बच्चों का ज्ञान बढ़े। उन्होंने बताया कि 3 दिसंबर तक जिले के विभिन्न सरकारी और निजी स्कूलों का निरीक्षण कर परख की तैयारियों का जायजा लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभी तक स्कूलों का चयन राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा किया जाना है, इसलिए सभी स्कूल परख परीक्षा की तैयारी रखें। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने भी सभी स्कूल मुखिया को राष्ट्रीय सर्वेक्षण परख 2024 की परीक्षा को गंभीरता से लेने के निर्देश दिए हैं जिससे जिले की रैंकिंग में सुधार किया जा सके।

### 27 नवंबर तक बिजली मीटर की केवाईसी करवाएं धनेटा के उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल धनेटा ई. सुशील कुमार ने उपमंडल धनेटा के अंतर्गत आने वाले सभी घरेलू व होटल उपभोक्ताओं से अपील की है कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक बिजली मीटर की केवाईसी नहीं करवाई है, वे अपनी बिजली मीटर की केवाईसी 27 नवंबर से पहले विद्युत उपमंडल धनेटा में करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि अगर कोई उपभोक्ता केवाईसी करवाने में सहयोग नहीं करता है या केवाईसी नहीं करवाता है तो वह उपभोक्ता भविष्य में बिजली के बिलों में मिलने वाली सुविधा से वंचित रह सकता है। इसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। उन्होंने समस्त उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### टौणी देवी में बीएसएनएल के उपभोक्ताओं को मिली वाई-फाई रोमिंग सुविधा



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** टौणी देवी में बीएसएनल ने अपने भारत फाइबर इंटरनेट उपभोक्ताओं के लिए बीएसएनएल वाई-फाई रोमिंग सुविधा का शुभारंभ किया। इस सुविधा का शुभारंभ मुख्य अतिथि मिस वैशाली शर्मा खंड विकास अधिकारी बमसन स्थित टौणी देवी ने किया। इस अवसर पर बीएसएनएल की तरफ से राजेंद्र सिंह डीई, मदन गोपाल एसडीओ, संजीव कुमार जेटीओ व बीएसएनएल फ्रेंचाइजी साहिब इन्फोकॉम की तरफ से सुनील चंदेल व स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित थे। उन्होंने बताया कि जिस भी उपभोक्ता ने अपने घर पर भारत फाइबर इंटरनेट सर्विस ली है, वह अपने घर से बाहर पूरे भारतवर्ष में अपने घर का इंटरनेट चला सकते हैं। इस अवसर पर वैशाली शर्मा ने कहा कि बीएसएनएल द्वारा शुरू की गई ये नई सुविधा लोगों को साइबर सिक्योरिटी भी देगी और उपभोक्ता अपने घर के कनेक्शन को कहीं भी प्रयोग कर पाएंगे। उन्होंने अधिकारियों व फ्रेंचाइज को बधाई दी कि उन्होंने बीएसएनएल की इस सेवा को इस क्षेत्र से शुरू किया। (अनंत ज्ञान)

## भोटा चैरिटेबल अस्पताल का मामला कानूनी दांव-पेंच में उलझा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले के भोटा स्थित राधा स्वामी संस्था के चैरिटेबल अस्पताल का मामला कानूनी दांव-पेंच में उलझ गया है। बड़े स्तर पर इस अस्पताल को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है, उसके ठीक विपरीत मामला जमीनी तौर पर राजस्व विभाग और सरकार के पाले में दिख रहा है।

जिला प्रशासन के पास भी इस मामले को लेकर पिछले कुछ समय से चर्चा हो रही है, लेकिन व्यावहारिक रूप यह है कि इसके मामले को निपटाने के लिए अब गेंद सचिवालय और सरकार के पाले में है। दरअसल इस अस्पताल को लेकर जनता में बेचैन दिख रही है। कारण यह है कि जो भी इस अस्पताल में इन दोनों जा रहा है, यही कहा जा रहा है कि यह अस्पताल किसी नए मामले को लेकर बंद हो सकता है, यदि उसकी स्वीकृति सरकार ने नहीं दी तो।

असल में महाराज जगजीत सिंह रिलीफ सोसायटी के नाम अब इस अस्पताल को तब्दील किया जाना है लेकिन यह राजस्व विभाग के पाली में लंबित है इससे संबंधित फाइल मंडी स्थित डिविजनल कमिश्नर के पास भी गई थी, लेकिन अब इस सारे मामले को लेकर लॉ डिपार्टमेंट के पास अंतिम जानकारी के लिए इस सारे कैस की पेंडिंग स्थिति चल रही है।

इधर अस्पताल के प्रशासक बेलीराम ने कहा कि अस्पताल की जमीन और परिसर को अलग करने की प्रक्रिया चल रही है ताकि जीएसटी से बचा जा सके। इस परिसर की 40 कनाल के आसपास जमीन है। आधे हिस्से पर अस्पताल बना हुआ है। केवल अस्पताल वाली जमीन को ही अलग करने की फाइल लंबित है, इसीलिए दिक्कत आ रही है।

**लोगों में बढ़ी बैचेनी :** इस अस्पताल में बेड बढ़ाए जाने की बात कही जा रही है। यहां पर यह अस्पताल पिछले 25 सालों से चल रहा है और इसमें तकरीबन 200 कर्मचारी मौजूद हैं। जानकारी यह है कि इसी महीने के अंत तक यदि कानूनी दांव पेच मुकम्मल नहीं हुए, तो इसे किसी दूसरी जगह शिफ्ट किया जा सकता है, इस कारण लोगों में बेचैनी है। (अनंत ज्ञान)

### रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई : डीसी

उधर, डीसी अमरजीत सिंह ने कहा कि मसाला उनके स्तर का नहीं है। राजस्व विभाग की धाराओं के तहत किस सरकार के पाले में जाना है, वहीं पर इसका निपटारा होना है।

### सहकारी सभा कक्कड़ की प्रबंधक कमेटी का 27 जनवरी को होगा चुनाव

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** कक्कड़ सहकारी सभा सीमित के चुनाव 27 जनवरी, 2025 को होंगे। सभा सचिव भवानी शर्मा ने बताया कि वार्डों की अंतिम व स्थायी सूचियों का प्रकाशन 15 दिसंबर को किया जाएगा। 23 व 24 दिसंबर को उम्मीदवारों द्वारा नामांकन भरे जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच तथा वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन 28 दिसंबर को किया जाएगा। 30 दिसंबर 24 को नामांकन वापस लिया जा सकता है। मतदान 27 जनवरी, 2025 को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक होगा और चुनाव परिणाम भी उसी दिन निकाल दिया जाएगा। चुनाव लड़ने वाला प्रत्याशी सभा का प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से दोषी ऋणी नहीं होना चाहिए।

### श्री सत्या साईं के जन्मदिवस पर डीडीएम कॉलेज कल्लर में लगेगा निशुल्क चिकित्सा शिविर

**नादौन।** नादौन के डीडीएम साई कॉलेज कल्लर जलाड़ी में 23 नवंबर को प्रातः 10 बजे से श्री सत्या साईं बाबा जी के 99वें जन्मदिवस पर मुफ्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसमें कॉलेज का स्टाफ व विद्यार्थी भाग लेंगे। इस अवसर पर कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी राजेश कपिल ने क्षेत्रवासियों से निवेदन किया है कि वे भी इस मुफ्त चिकित्सा शिविर में अनुभवी चिकित्सकों से शारीरिक जांच करवाएं व मुफ्त दवाइयों का लाभ उठाएं।

## सीटू कार्यकर्ताओं ने बढ़ती महंगाई और निजीकरण के खिलाफ किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



मिनी सचिवालय के बाहर धरने पर बैठे सीटू कार्यकर्ता।

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी ने बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसी सेवाओं के निजीकरण, देश के प्राकृतिक और सार्वजनिक सेवाओं के निजीकरण, देश में धर्म के नाम पर फूट डालने और तानाशाही के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया। वीरवार को सीटू से संबंधित मनरेगा मजदूर गांधी चौक पर इकठ्ठा हुए और गांधी चौक से डीसी ऑफिस तक रैली निकाली, उसके उपरांत धरना दिया। धरने को भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के राज्य सचिवालय सदस्य डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कि बढ़ती महंगाई से लोगों की रसोई का बजट बिगड़ गया है। जरूरी खाद्य पदार्थों के दाम आसमान छू रहे हैं जो कि आम आदमी की पहुंच से बाहर हो रहे हैं। जब किसान अनाज पैदा करता है तो उसके उत्पाद को खरीदने के लिए कोई सरकारी व्यवस्था नहीं है और किसानों को अपने उत्पाद औने-पौने दाम पर बेचने पड़ते हैं। इस कारण देश में किसानों की आर्थिक स्थिति बद से बदतर हो रही है और देश में हर 20 मिनट में एक किसान आत्महत्या कर रहा है।

देश में खाद्य उत्पादों पर नियंत्रण कर कंपनियां अपनी मनमानी के दाम तय कर रही हैं। अधिकांश सरसों के तेल के बाजार पर बाबा रामदेव और फॉर्च्यून (अडानी) का कब्जा हो गया है जो कि मनमर्जी से जनता को लूट रहे हैं। देश में बेरोजगारी भयंकर रूप ले चुकी है और सरकारें ऐसी नीतियां लागू कर रही हैं जिससे बेरोजगारी और बढ़ रही है जो कि बेहद ही खतरनाक है। प्रदेश में बिजली, पानी के निजीकरण से भी जनता की आर्थिक स्थिति बिगड़ रही है।

वहीं दूसरी तरफ देश और प्रदेश के प्राकृतिक और सार्वजनिक संसाधनों को भी निजी कॉरपोरेट को सौंपा जा रहा है। देश की जनता पर भारी भरकम टैक्स लगाकर लूटा जा रहा है। दूसरी तरफ मोदी सरकार ने 10 सालों में बड़े बड़े कॉर्पोरेट के 17 लाख करोड़ रुपए के कर्ज माफ कर दिए हैं। जब देश के प्राकृतिक और सार्वजनिक संसाधनों को लूटा जा रहा है तो लोगों के जीवनयापन के मसलों से लोगों का ध्यान भटकाने के लिए धर्म के नाम पर फूट डालने और राज करने वाली नीति को अपनाया जा रहा है जिससे देश की अखंडता को भी खतरा पैदा हो गया है।

जिला सचिव प्रताप राणा, राज्य कमेटी सदस्य जोगिंद्र कुमार, रंजन शर्मा, ब्रह्म दास आदि ने भी संबोधित किया।

## गहनों की चोरी करने वाला आरोपी पांच दिन की पुलिस रिमांड पर

**एसके शर्मा, जाहू**

भोरंज थाना के भरेड़ी बाजार में सुनार की दुकान में चोरी करने वाले निखिल को भोरंज पुलिस के द्वारा न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के द्वारा चोर निखिल को पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। पुलिस के द्वारा कोर्ट से रिमांड मिलने पर चोर निखिल से चोरी करने व चोरी में शमिल अन्य युवकों के वारे में गहनता से पूछताछ करेगी और आगामी कार्रवाई अमल में लाएगी।

निखिल के द्वारा भरेड़ी बाजार में चोरी करने वाले गिरोह में अंकित का नाम लिया है, जो कि हरियाणा का बताया गया है, जबकि दो अन्य युवक भी इस चोरी में शामिल हैं। भोरंज पुलिस निखिल की मदद से अन्य तीन युवकों को गिरफ्तार करने की तैयारी में है। गौरतलब है कि चोरी के चार दिन बाद ही एक युवक को चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया है। भोरंज व आसपास के अन्य इलाकों में हुई चोरी की वारदातों में शमिल होने की आशंका भी पुलिस इन पर कर रही है, जिससे अन्य चोरी की वारदातों व अन्य घटनाओं का खुलासा पुलिस कर सकती है। पुलिस ने कैमरों की फुटेज खंगालने के बाद चोरी की गहनता से छानबीन जारी की।

**अन्य तीन युवकों को भी गिरफ्तार करने का जाल बिछा रही है भोरंज पुलिस**

इस चोरी में चोरी करके 4 किलोग्राम चांदी व 4 किलोग्राम आर्टिफिशयल आभूषण चुरा लिए हैं। चोरों के द्वारा 15 नवंबर को इस घटना को इंजाम दिया गया था।

चारों ने दुकान के शटर के ताले तोड़कर 2 किलोग्राम पुराना चांदी, 4 किलोग्राम की चांदी की मूर्तियां और 4 किलोग्राम आर्टिफिशयल आभूषण चोरी किए हैं। भोरंज पुलिस के द्वारा चोरी में शामिल निखिल को पांच दिन का पुलिस रिमांड देने की बात कही है। (अनंत ज्ञान)

**हौसला** एचआरटीसी प्रशिक्षण स्कूल से दो माह का ले रही प्रशिक्षण, डीएम ने किया सम्मानित

## हमीरपुर की सड़कों पर छात्रा तमन्ना धीमान ने दौड़ाई बस

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**



प्राइवेट बस को कुशलता से चलाती हुई एमए की छात्रा तमन्ना धीमान।

हमीरपुर एचआरटीसी डिपो के ड्राइविंग स्कूल में प्रशिक्षण ले रही 22 वर्षीय तमन्ना धीमान की ड्राइवरी का हर कोई दीवाना हो रहा है। एमए राजनीति शास्त्र की स्टूडेंट तमन्ना धीमान एचआरटीसी की पहली महिला ड्राइवर सीमा ठाकुर से काफी प्रभावित हैं और उनके नक्शे कदमों पर चलते हुए ट्रैफिक से भरे रोड पर फराटेदार ड्राइवरी कर रही है। तमन्ना पिछले दो महीने से प्रशिक्षण ले रही है और अब खुद बस को दौड़ा रही है।

तमन्ना ने ड्राइविंग स्कूल की बस को स्टार्ट करके बस अड्डे से बाहर निकाला तो वहां मौजूद लोग भौचके रह गए। तमन्ना धीमान बस को बाईपास होते हुए गलोड़ चौक से डीएम कार्यालय होते हुए दोबारा हमीरपुर बस स्टैंड पहुंच गई। ड्राइविंग बस में हमीरपुर डिपो के डीएम राजकुमार पाठक, बस अड्डा इंचार्ज सतीश कुमार और ड्राइविंग स्कूल इंचार्ज शैलेश शर्मा सहित ड्राइविंग स्कूल के प्रशिक्षक काफी संख्या में मौजूद थे।

तमन्ना धीमान की बहादुरी भरी ड्राइविंग के लिए उसे डीएम कार्यालय में टोपी पहनाकर सम्मानित भी किया गया। इस दौरान हमीरपुर डिवीजन व डिपो का स्टाफ भी मौजूद रहा। तमन्ना धीमान जंगल रोपा गांव से संबंध रखती हैं और ड्राइविंग प्रशिक्षण के अलावा तमन्ना धीमान एमए राजनीति शास्त्र की पढ़ाई भी साथ में कर रही है और अब तमन्ना का चयन बीएड में भी हो गया है।

तमन्ना धीमान के पिता राजेश कुमार ट्रक ड्राइवर हैं और माता मंजू देवी गृहिणी हैं, जबकि उसका बड़ा भाई मनीष धीमान ऊना अस्पताल में 108 एंबुलेंस चलाता है और दूसरा भाई साहिल धीमान प्राइवेट जॉब करता है। तमन्ना धीमान का कहना है कि वह एचआरटीसी की पहली महिला ड्राइवर सीमा ठाकुर से काफी प्रभावित हैं और उन्हें देखकर ही बस चलाने की प्रेरणा मिली और उसे पूरा करने में लगी हूं। उन्होंने कहा कि अगर मौका मिला तो वह भी एक दिन एचआरटीसी की बस चलाकर हमीरपुर जिले का नाम रोशन करूंगी। (अनंत ज्ञान)

> यह बड़े हर्ष और गौरव की बात है कि तमन्ना धीमान एचआरटीसी प्रशिक्षण स्कूल से बस चलाना सीख रही है। थोड़े से समय मे ही तमन्ना परफेक्ट ड्राइविंग सीख चुकी है। उनके हौसले व जजवा क्षेत्र की महिलाओं व छात्राओं के लिए भी प्रेरणादायक है। बेटियों को भी इस प्रोफेशन मे खुलकर सामने आना चाहिए जिस तरह तमन्ना ने एक स्टूडेंट होते हुए हौसला दिखाया है।
>
> **राजकुमार पाठक, डीएम एचआरटीसी हमीरपुर डिविजन**

## सिद्धार्थ महाविद्यालय नादौन और एलपीयू के बीच समझौता ज्ञापन

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**



सिद्धार्थ महाविद्यालय नादौन और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के बीच आज एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य छात्रों और शिक्षकों के समग्र विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग करना है।

प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार गौतम ने बताया कि इस समझौता ज्ञापन के तहत निम्नलिखित पहलुओं पर कार्य किया जाएगा। छात्रों के लिए करियर मार्गदर्शन, परामर्श और प्लेसमेंट सुविधाए प्रदान करना, शिक्षकों के लिए क्षमता विकास और प्रशिक्षण प्रदान करना, छात्रों और शिक्षकों के लिए कार्यशालाओं, संगोष्ठियों और सम्मेलनों का आयोजन करना, कैंपस और प्रयोगशाला भ्रमण की सुविधा एवं शैक्षणिक और तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करना, छात्रों के लिए फेलोशिप और छात्रवृत्तियां आदि मुख्य हैं।

यह समझौता ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए किया गया है और इसका उद्देश्य उच्च शिक्षा के अवसरों को और अधिक सुलभ बनाना है।

प्राचार्य ने बताया कि सिद्धार्थ राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नादौन और लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के इस संयुक्त प्रयास से छात्रों को शिक्षा और करियर के क्षेत्र में नए आयाम हासिल करने का अवसर मिलेगा। इस मौके पर करियर काउंसिलिंग एवं गाइडेंस सेल के प्रभारी प्रो. रविकांत गर्ग, स्कॉलरशिप कमेटी के समन्वयक प्रो.भगवती शर्मा मौजूद रहे। एलपीयू की तरफ से अनुभव कालिया को लकी डोगरा ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। एलपीयू की तरफ से अनुभव कालिया को लकी डोगरा ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

**जब** तक हम स्वयं के साथ शांति नहीं बना लेते, तब तक हम बाहरी दुनिया में शांति प्राप्त नहीं कर सकते। –**दलाई लामा**

## संपादकीय

# संकट में अडानी

देश के मशहूर उद्योगपति गौतम की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अडानी एक बार फिर गहरे संकट में आ गए हैं। इस बार अडानी पर अमेरिका में घूसखोरी और धोखाधड़ी का आरोप लगा है। अडानी पर अमेरिका में अपनी कंपनी को सोलर प्रोजेक्ट कॉन्ट्रैक्ट दिलाने के लिए भारत के सरकारी अधिकारियों को 265 मिलियन डॉलर (करीब 2200 करोड़ रुपए) की रिश्वत देने का आरोप है। न्यूयॉर्क में बकायदा आपराधिक मामला दायर था। न्यूयॉर्क के फेडरल कोर्ट में हुई सुनवाई में गौतम अडानी समेत आठ लोगों पर अरबों रुपए की धोखाधड़ी और रिश्वत के आरोप लगे हैं। इस कॉन्ट्रैक्ट से कंपनी को आने वाले 20 सालों में दो अरब डॉलर से अधिक के मुनाफा होने की उम्मीद थी। इससे पहले अडानी हिंडनबर्ग रिसर्च रिपोर्ट में हुए खुलासों की वजह से सुर्खियों में थे। हालांकि, तब जैसे तैसे मामला सुलजा लिया गया था, लेकिन इस दफा आरोप घूसखोरी के हैं जिनसे बचने के लिए अडानी को काफी जद्दोजहद करनी होगी। विपक्षी दलों खासकर कांग्रेस को भाजपा को घेरने का मौका मिल गया है।

शीघ्र ही संसद का शीतकालीन सत्र भी शुरू होने जा रहा है। ऐसे में यह तय है कि इस बार शीत सत्र में दोनों दलों में तकरार, सवाल-जवाब होंगे, जिससे देशभर की सियासी फिजाएं कुलांचे मारेंगी। अडानी पर लगे आरोपों पर सियासी संग्राम के पीछे कई कारण हैं। अमेरिकी फाइनेंशियल रिसर्च फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने अपनी रिपोर्ट में अडानी ग्रुप पर शेयरों में गड़बड़ी और लेखा धोखाधड़ी के आरोप लगाए थे। इन आरोपों में कहा गया था कि अडानी ग्रुप ने शेयरों की कीमत को मैनिपुलेट किया है और अकाउंटिंग फ्रॉड किया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि अडानी ग्रुप के ऊपर बहुत ज्यादा कर्ज है, जिसके कारण उनकी कंपनियों पर संदेह की स्थिति है। इन आरोपों के बाद अडानी ग्रप ने रिपोर्ट को भारत के खिलाफ हमला करार दिया था। तब अडानी समूह ने कहा था कि आरोप झूठ के सिवाय कुछ नहीं हैं। इस दफा भी अडानी इन सारे आरोपों से किनारा कर रहे हैं। अब यह तो समय ही बताएगा कि आरोपों में कितना दम है और उसके क्या राजनीतिक मायने होंगे? इस मामले में सियासी संग्राम का एक बड़ा कारण यह है कि अडानी ग्रुप के प्रमुख गौतम अडानी के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ अच्छे संबंध हैं, इसलिए विपक्षी दलों ने इस मामले को लेकर सरकार को घेरने की कोशिश की है। यह भी हैरतभर विषय है कि कांग्रेस बेशक अडानी के खिलाफ जितनी मर्जी हवा बना ले, लेकिन वह आखिर पाक साफ होकर क्यों निकल जाते हैं? इसके पीछे की वजह है कांग्रेस के अपने ही लोग पार्टी को पूरे दिल से सपोर्ट नहीं कर पाते हैं। एक तरफ तो राहुल गांधी अडानी और पीएम नरेंद्र मोदी के बीच सांठगांठ होने का आरोप लगाते हैं तो दूसरी तरफ उन्हीं की पार्टी के लोग अडानी की जय जयकार करते हैं। राहुल कहते हैं कि अडानी ने मोदी सरकार को हाईजैक कर रखा है, लेकिन जब आम लोग देखते हैं कि कांग्रेस के मुख्यमंत्री खुद अडानी का स्वागत करते हैं और उन्हें अपने राज्य में निवेश कराने के लिए लालायित रहते हैं तो जनता को यह विरोधाभास पसंद नहीं आता है।

राजस्थान का मुख्यमंत्री रहते हुए अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ का मुख्यमंत्री रहते हुए भूपेश बघेल ने और कर्नाटक की कांग्रेस सरकारों ने हजारों करोड़ रुपए अडानी से निवेश करवाया है। हाल ही में बनी तेलंगाना सरकार ने भी कई हजार करोड़ का निवेश करवाने की प्लानिंग की है। मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की सरकार ने अडानी से 100 करोड़ का डोनेशन भी लिया है। बहरहाल, अडानी पर लगा घूसखोरी का आरोप सिद्ध होने की संभावना के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि यह मामला अदालत में विचाराधीन है। हालांकि, हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए आरोपों में से कुछ सच साबित हो चुके हैं, जैसे कि विनोद अडानी की भूमिका अडानी ग्रुप में और मॉरीशस की कंपनी एलारा कैपिटल का सोर्स ऑफ फंड। मामले में देश में शांति बनाए रखने के लिए निष्पक्ष जांच करवाई जानी आवश्यक है। उसी जांच से दूध का दूध और पानी का पानी होगा। जनमानस भी सच्चाई से रू-ब-रू होना चाहता है। अडानी ग्रुप और सरकार को मामले में पारदर्शिता बरतनी चाहिए। यदि आरोप सच साबित होते हैं, तो कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि दोषियों को सजा मिल सके। ■

# विवेक ही मनुष्य की व्यवहारिकता तय करता है

जीवन में मनुष्य को हर परिस्थिति में अपनी मनोदशा को समायोजित करना पड़ता है। हर दिन व्यक्ति के जीवन में ऐसी घटनाएं होती हैं, जिस पर व्यक्ति को अपनी मानसिक प्रतिक्रिया की स्थिति दर्शानी पड़ती है। अपने मनोभावों को व्यक्त करके हर एक घटना के अच्छे-बुरे होने की पुष्टि करनी पड़ती है तथा निर्णय लेकर न्याय संगत तरीके से एक तरफ जाना पड़ता है जो पूर्णत: सोच, समझ और बोध पर आधारित एक राय होती है। इसी राय तक पहुंचने तक की मानसिक कसरत ही विवेक कहलाती है। विवेक मन की वह शक्ति जिससे भले-बुरे का ज्ञान होता हो। विवेक हमें आंतरिक ज्ञान या नैतिक विश्वास प्रदान करता है, जिससे व्यक्ति स्थिति का आकलन कर सकता है और उसके अनुसार सही या गलत को परिभाषित कर सकता है। विवेक एक क्षमता, अंतर्ज्ञान या निर्णय है जो सही और गलत में अंतर करने में मदद करता है। विवेक का मतलब है, अपने विकल्पों के बारे में सावधान रहना, कार्य करने से पहले रुकना और सोचना। यह संयम की शक्ति है। विवेकशील व्यक्ति अनावश्यक जोखिम नहीं उठाता और ऐसी बातें नहीं करता या कहता जिसका उसे बाद में पछतावा हो। विवेक, सटीकता पर जोर देता है। जैसे, चरित्र या उद्देश्यों को पढ़ना या कला की सराहना करना। विवेक, भली-बुरी वस्तु का ज्ञान है। विवेक, मन की वह शक्ति है जिससे भले-बुरे का ज्ञान होता है।

विवेक, सत्य ज्ञान है। विवेक, प्रकृति और पुरुष की विभिन्नता का ज्ञान है। विवेक, पुण्य और दुष्ट कार्यों के बीच न्याय करने की क्षमता है विवेक हमारी वह शक्ति है जो सत्प्रेरणा देती है और सही फैसले लेने में मदद करती है। विवेक, मानवीय मन का वह हिस्सा है जो हमारे विचारों, कार्यों, और शब्दों के सही या गलत होने पर प्रतिक्रिया करता है। विवेकशीलता का मतलब है, अपने विकल्पों के बारे में सावधान रहना और काम करने से पहले सोचना। विवेकशील व्यक्ति अनावश्यक जोखिम नहीं उठाता और ऐसी बातें नहीं करता या कहता जिसका उसे बाद में पछतावा हो। विवेक, किसी व्यक्ति की मूल्य पद्धति का सेवक होता है। विवेक का उल्लंघन करने पर मानसिक पीड़ा और अपराध की भावनाएं होती हैं। कर्मों के आधार पर बाहरी रूप से अंतर हो सकते हैं, परंतु सभी भाई-भाई हैं। यही सबसे बड़ा विवेक अर्थात ज्ञान है। धैर्य, परोपकार, सहानुभूति, दया, करुणा, उदारता, सहयोग इत्यादि के गुण आवश्यक हैं। विवेक उसे कहते हैं जो कोई भी परिस्थिति में प्रतिक्रिया कैसी दें-यह तय करने की बुद्धि है। सही क्या और गलत क्या है यह निर्णय करने वाली बुद्धि विवेक बुद्धि कहलाती है। जो व्यक्ति अच्छा ज्ञान रखता है वही अच्छे और कल्याणकारी निर्णय कर सकता है।



लेखक : सुभाष चंद कासव
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

विवेक ही हमारी वह शक्ति है, जो सत्प्रेरणा देती है और उचित निर्णय करने में सहायक होती है। यह संरक्षक सत्ता प्रत्येक मनुष्य के अंतकरण में है। यदि मनुष्य विवेक के प्रकाश में चलता रहे, तो बुद्धि निर्णय करने में सफल रहती है। दुख-कष्टों की संभावना कम होकर संशय मिट जाते हैं। विवेक प्रत्येक मामले में 'आंतरिक प्रकाश' और अनुमोदन या 'आंतरिक अंधकार' और निंदा के आंतरिक जागरूकता के साथ-साथ सही या कर्तव्य के पालन या अस्वीकार के परिणामस्वरूप दृढ़ विश्वास के साथ होता है। आपका विवेक कहां स्थित है? वैज्ञानिकों का कहना है कि यह आपके मस्तिष्क में है। वास्तव में, मस्तिष्क स्कैन ने मानव मस्तिष्क में एक 'नैतिक नेटवर्क' का पता लगाया है जिसे विशेषज्ञ कहते हैं। यह तीन छोटे नेटवर्क से बना है, जिनमें से प्रत्येक एक महत्वपूर्ण कार्य करता है। विवेक एक संज्ञानात्मक प्रक्रिया है जो किसी व्यक्ति के नैतिक दर्शन या मूल्य प्रणाली के आधार पर भावना और तर्कसंगत जुड़ाव को उजागर करती है। विवेकपूर्ण बुद्धिमानीपूर्ण निर्णय या उचित निष्कर्ष पर पहुंचने की क्षमता पर बल देता है। विवेकपूर्ण का तात्पर्य है, व्यवहारिक बुद्धि और विवेक द्वारा निर्देशित संयम का प्रयोग।

समझदारी का तात्पर्य अच्छे विवेक और तर्कसंगतता द्वारा निर्देशित और संयमित कार्य से है। विवेक उसे कहते हैं जो कोई भी परिस्थिति में प्रतिक्रिया कैसी दें-यह तय करने की बुद्धि है। सही क्या और गलत क्या है यह निर्णय करने वाली बुद्धि विवेक बुद्धि कहलाती है। जो व्यक्ति अच्छा ज्ञान रखता है वही अच्छे और कल्याणकारी निर्णय कर सकता है। विवेक 'सर्वोच्च प्राधिकारी' है और किसी कार्य की गुणवत्ता निर्धारित करने के लिए जानकारी का मूल्यांकन करता है, अच्छा या बुरा, उचित या अनुचित इत्यादि। परिणामस्वरूप, विवेक चेतना से उच्च स्थान पर है और इसके अतिरिक्त, इसमें यह निर्णय लेने की क्षमता और अधिकार है कि जानकारी का उपयोग कैसे किया जाएगा, चाहे वह अच्छे के लिए हो या बुरे के लिए। विवेक एक संज्ञानात्मक प्रक्रिया है जो किसी व्यक्ति के नैतिक दर्शन या मूल्य प्रणाली के आधार पर भावना और तर्कसंगत जुड़ाव को उजागर करती है। विवेक का मतलब है यह जानना कि आपको कब जानकारी साझा करनी चाहिए और कब चुप रहना चाहिए। विवेक का मतलब यह भी है कि सिर्फ इसलिए कि आप कुछ जानते हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि आपको इसे साझा करना चाहिए और जब संदेह हो, तो उसे छोड़ दें। अनिवार्य रूप से, प्रतिक्रिया देने से पहले एक मिनट का समय लें, ताकि आप अपनी भावनाओं को उजागर न करें या लाइव प्रतिक्रिया न बनाएं। इससे आपको यह पहचानने में मदद मिलेगी कि अभी क्या साझा करना है और बाद के लिए क्या बचाकर रखना है।

विवेक के साथ संवाद करने से आपके श्रोता भविष्य से डरने के बजाय अवसरों के बारे में जागरूक हो सकते हैं। हमें अपने विवेक को आत्मा के अनुरूप बनाना होगा, यह तभी संभव है जब हम अपनी व्यवस्था, संस्कार, माहौल को सुधारेंगे, हमें एक-दूसरे का पूरक बनना होगा। यह सुधार कैसे संभव है, यह तो असंभव दिखता है। दुनिया के हर जीव में एक हीं परमात्मा का अंश है जो अत्यंत शुभ है, चाहे वह इंसान हो, पक्षी हो या जानवर हो अथवा पेड़-पौधे हो। परंतु इन सब प्राणियों में मनुष्य को ही सर्वश्रेष्ठ प्राणी माना जाता है जो विवेक का पूर्ण ता सदुपयोग कर सकता है अच्छे बुरे का भेद जान सकता है वक्त और परिस्थिति अनुसार बुद्धि का प्रयोग करते हुए तर्कपूर्ण न्याय संगत तथा स्थिति अनुसार सोच,समझ और बोध का जो प्रयोग करता है वही सारांश तौर पर मनुष्य का विवेक है। एक विवेकी मनुष्य न किसी विवाद में पड़ता है, परंतु वह हरेक परिस्थिति में अपने आप को समायोजित करता है तथा तर्क पूर्ण तरीके से हर एक पहलुओं को समझकर उसका हल निकलता है यह सब प्रक्रिया ही मनुष्य का विवेक कहलाती है जो जीवन यापन के लिए एक अति महत्वपूर्ण स्थिति है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# आधुनिक डिजिटल युग में दवा के साइड इफेक्ट

आज के आधुनिक डिजिटल युग में अधिकांश काम कंप्यूटर और मोबाइल फोन के जरिए एक जगह बैठकर हो रहे हैं, ऐसे में परिवार को स्वस्थ रखना एक चुनौतीपूर्ण कार्य बन गया है। अधिकांश घरों में किसी न किसी रूप में दवाइयां नियमित रूप से ली जाती हैं। हर दिन नई-नई बीमारियां सामने आ रही हैं, जो देश-विदेश के डॉक्टरों को चुनौती दे रही हैं।

हर दिन नई-नई दवाइयां खोजी जा रही हैं, फिर भी मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जरा सा भी बीमार पड़ते ही हम डॉक्टर के पास यह सोचकर जाते हैं कि गोली, इंजेक्शन आदि से हम स्वस्थ हो जाएंगे, लेकिन एक बीमारी में आराम मिलता है तो दूसरी बीमारी लग जाती है। अगर कोलेस्ट्रॉल में आराम मिलता है तो कोलेस्ट्रॉल की दवा के साइड इफेक्ट से बीपी या डायबिटीज होने का खतरा रहता है। आज हर आधुनिक दवा के साइड इफेक्ट देखने को मिल रहे हैं। हम इसी भ्रम में फंसकर अपना समय गोलियों और इंजेक्शन में ही गुजारते रहते हैं। स्वस्थ मरीजों को हम भूल गए हैं। एक और बात यह भी गौर करने लायक है कि आजकल ज्यादातर लोग आईसीयू में ही मरते हैं। अस्पताल में डॉक्टर आखिरी समय तक इंजेक्शन और दवाइयों की खुराक देते रहते हैं, चाहे शरीर मर रहा हो या नहीं। आखिर में बात यहां तक पहुंच जाती है कि घरवाले कहने लगते हैं, हे भगवान, अब इसे ले जाओ, हम इसका दर्द नहीं देख सकते।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

शायद कोई भगवान हो जिसे असली जीवन मिल जाए। क्या हमने कभी सोचा है कि जानवर भी बीमार पड़ते हैं, अगर होते भी हैं, तो वह कैसे ठीक होते हैं? हां, पालतू जानवर अपवाद हैं क्योंकि वे अपना स्वाभाविक प्राकृतिक जीवन नहीं जी पाते। फिर भी हमने देखा है कि जब जंगली जानवर या पालतू जानवर बीमार पड़ते हैं, तो वे या तो खाना बंद कर देते हैं या फिर पालतू जानवर भी घास खाने लगते हैं। हम उपवास करके या अपनी कार, मोटरसाइकिल या कमरे के बारे में पढ़कर खुद को स्वस्थ रखते हैं। हम जिज्ञासावश अपनी कार, मोटरसाइकिल या कमरे के बारे में पढ़कर आधिकारिक जानकारी प्राप्त करने की कोशिश करते हैं। वास्तविक जीवनशैली जो भी है, हमने उसे हल्के में ले लिया है। आखिर हम कितने डरे हुए हो गए हैं? क्या इससे बीमारी आती है? क्या दवा से बीमारी ठीक हो सकती है? हां, कुछ समय के लिए बीमारी के लक्षण दवा के असर से दब जाते हैं और गायब हो जाते हैं।

हम इंसान खुद को बहुत बुद्धिमान समझते हैं, लेकिन बीमारी के निदान के मामले में हम जानवरों से भी पीछे हैं। साइड इफेक्ट, जिन्हें प्रतिकूल प्रतिक्रिया के रूप में भी जाना जाता है, अवांछित अवांछनीय प्रभाव हैं जो संभवत: किसी दवा से संबंधित होते हैं। साइड इफेक्ट नाक बहने जैसी छोटी समस्याओं से लेकर दिल का दौरा पड़ने या लीवर को नुकसान जैसी जानलेवा घटनाओं तक हो सकते हैं। कई चीजें इस बात को प्रभावित कर सकती हैं कि दवा लेने पर किस पर साइड इफेक्ट होता है अन्य दवाओं, विटामिन या आहार पूरक का उपयोग या अन्य अंतर्निहित बीमारियां या स्थितियां उदाहरण के लिए, ऐसी बीमारियां जो प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करती हैं या गुर्दे या लीवर के कार्य को प्रभावित करती हैं। जब आप अपना प्रिस्क्रिप्शन प्राप्त करते हैं तो दवा के बारे में जानकारी के लिए अपने स्वास्थ्य सेवा पेशेवर से पूछें रोगियों के लिए एफडीए स्वीकृत लेबलिंग में दवा गाइड और रोगी जानकारी शामिल है। इन दस्तावेजों में संभावित सामान्य और गंभीर साइड इफेक्ट शामिल होंगे। फार्मेसी लेबल और किसी भी स्टिकर को पढ़ें जो प्रिस्क्रिप्शन की बोतल या बॉक्स से जुड़ा हो सकता है। लेबल और स्टिकर में दवा लेने के तरीके और संभावित साइड इफेक्ट के बारे में जानकारी हो सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**मौसम** बदल रहा है सावधान हो जाइए, आजकल डॉक्टर ऐसी ही सलाह लोगों को दे रहे हैं। वजह, वायरल संक्रमण की वजह से तेज बुखार, बदन दर्द और खांसी-जुकाम के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई है। बड़ी बात यह है कि यदि किसी व्यक्ति को सर्दी-जुकाम हो जाए, तो उसके आसपास के स्वस्थ लोग भी इस बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। यही नहीं, दिल्ली के कई अस्पताल में बड़ी संख्या में डेंगू के संदिग्ध मरीज भी आ रहे हैं। यदि इनका समय रहते उपचार न लिया तो कई बार स्थिति गंभीर भी बन सकती है। ऐसे में खुद का बचाव बेहद जरूरी है। अब सवाल है कि आखिर सर्दी-जुकाम और वायरल फीवर से बचा कैसे जाए? इस पर ध्यान रखें और ऐसे समय में हर किसी को पीने के लिए गर्म पानी का प्रयोग करना चाहिए। **नरेंद्र,कांगड़ा**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत की प्रथम महिला चिकित्सक

**रुक्माबाई** राउत भारत की प्रथम महिला चिकित्सक थीं। वह एक ऐतिहासिक कानूनी मामले के केंद्र में भी थीं, जिसके परिणामस्वरूप 'एज ऑफ कॉन्सेंट एक्ट, 1891' नामक कानून बना था। रुक्माबाई को डॉक्टर बनने की इच्छा थी और वे लोगों की सेवा करना चाहती थीं। उनके इस फैसले को घरवालों और लोगों का समर्थन मिला। इसके लिए 'लंदन स्कूल ऑफ मेडिसन' में भेजने और पढ़ाई के लिए एक फंड तैयार किया गया था। वहां से रुक्माबाई ने स्नातक की उपाधि प्राप्त की और 1895 में वापस भारत लौटीं। रुक्माबाई ने सूरत के महिला अस्तपाल को चुना। उन्होंने जीवन भर डॉक्टरी की। डॉ. रुक्माबाई एक सामाजिक सुधारक भी थीं, जिन्होंने कई बुराइयों के लिए आवाज उठाई और महिला और बाल अधिकारों के लिए खुलकर बोला। रुक्माबाई का जन्म बढ़ई समुदाय में मुंबई में हुआ था। उनके पिता का नाम जनार्दन पांडुरंग व माता का नाम जयंतीबाई था। जनार्दन पांडुरंग की मौत के बाद जयंतीबाई ने अपनी संपत्ति 8 साल की रुक्माबाई को सौंप दी। रुक्माबाई का विवाह दादाजी भीकाजी के साथ ग्यारह वर्ष की उम्र में ही उनकी इच्छा के विरुद्ध हो गया था। उस समय बाल विवाह आम बात थी। हालांकि उन्हें अपनी शिक्षा पूरी करने की इजाजत थी, लेकिन उनके पति दादाजी भीकाजी राउत ने धीरे-धीरे उन्हें अपने साथ रहने के लिए मजबूर किया। मार्च 1884 में दादाजी ने मुंबई उच्च न्यायालय में पत्नी पर वैवाहिक हकों को बहाल करने के लिए याचिका दायर की, जिसका फैसला दादाजी के हक में आया। न्यायालय ने कहा कि या तो वे न्यायालय का फैसला माने या उन्हें जेल जाना होगा। रुक्माबाई ने ब्रिटिश सरकार से कहा कि अपने पति के साथ वैवाहिक रिश्तों में उलझकर रहने के बजाय वे जेल में रहना पसंद करेंगी। ■



रुक्माबाई राउत
जन्म : 22 नवंबर, 1864
मृत्यु : 25 सितंबर, 1955

## कविता

### शरीफों से कौन मिलता है



रवींद्र कुमार शर्मा

*इस जमाने में शरीफों से कौन है मिलता*
*टूटे दिल के टुकड़ों को कौन है सिलता*
*पड़ोसी को सुखी देख कर दुखी रहते हैं सारे*
*दूसरे को सुखी देख चैन कहां है मिलता*
*कैसे गिराएं लगे रहते हैं इसी उधेड़ बुन में*
*बिना किसी का अनिष्ट किए है चैन कहां मिलता*
*बरसात आने पर ही बरसती हैं बूंदें*
*बिना मौसम के है फूल है कहां खिलता*
*शहर में चर्चे होते हैं बदमाशों के*
*सत्ता के गलियारों में अपनी चमक है दिखाते*
*ठाठ से रहते हैं कोई उनका नहीं कुछ बिगाड़ पाता*
*शरीफ तो गुमनामी में ही मर हैं जाते*
*हद से ज्यादा शरीफ होना भी है एक गुनाह*
*शराफत का सब हैं फायदा उठा जाते*
*अपना उल्लू सीधा करके नजर नहीं हैं आते*
*शरीफ के कंधे पर रखकर बंदूक हैं चलाते*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# 'जीवन मॉडल' निर्धारण से ही सुधर सकता है जलवायु संकट

जलवायु संकट पर इस महीने अजरबेजान में पृथ्वी शिखर सम्मेलन हो रहा है। इस जानकारी पर मुझे वह समय याद आ गया जब वर्ष 1990 में मैंने पर्यावरण प्रबंधन पर पाठ्यक्रम यानी कोर्स पूर्ण किया था। 1972 में स्वीडन के स्टॉकहोम में हुए प्रथम पृथ्वी सम्मेलन की जानकारी तथा भारत में पर्यावरण पर बनी नीति जो 26 मार्च 1976 को पूरे देश में लागू हुई थी, की स्मृति की आकृति भी मेरे मन मस्तिष्क पर उभर गई। प्रथम पृथ्वी सम्मेलन में 119 देशों ने भाग लिया था और इसमें संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम यानी यूएनईपी बना था। जून 1972 को रियो डी जिनेरियो में पर्यावरण बचाने के लिए पृथ्वी शिखर सम्मेलन हुआ। इसमें अधिक अच्छे परिणाम नहीं निकले। अगस्त-सितंबर 2022 में दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में पृथ्वी सम्मेलन हुआ। इसमें भी आशा से कम अच्छे परिणाम निकले। इनका पूर्व संकेत व्यवहारिकता को आधार बनाते हुए, अगस्त 2002 को ही प्रकाशित अपने लेख में भी कर दिया था। जून 2012 को सतत विकास पर ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन हुआ। इन सम्मेलनों में भाग लेते देशों की संख्या भी उत्तरोत्तर बढ़ती गई।

जलवायु संकट ग्लोबल वार्मिंग या व्यापक अर्थों में पर्यावरण विनाश के कारण उत्पन्न हुआ है जो आगे से आगे गहराता ही जा रहा है। इस संदर्भ में समग्र पर्यावरण पर मोटा-मोटा दृष्टिपात यदि किया जाए, तो पता चलेगा कि इससे बचाने के अनेक प्रयासों के किए जाने पर भी यह गुणात्मक वृद्धि के साथ ध्वस्त होता चला जा रहा है। इससे यह स्पष्ट आलोकित हो जाता है कि या तो हमारे प्रयासों में कमी रही है और वे प्रभावशाली नहीं हो पाए हैं या फिर हम पर्यावरण को इसके व्यापक विराट अर्थों में न समझते हुए, सही दिशा में पर्याप्त प्रभावशाली प्रयास नहीं कर पा रहे हैं। यह मैं इसलिए कह रहा हूं क्योंकि एक लंबे समय से बनते बिगड़ते पर्यावरण पर मैं नजर डालने का प्रयास करता रहा हूं और समय-समय पर सुझाव देने का प्रयास भी करता रहा हूं। कई दशकों से पर्यावरण मेरे चिंतन, लेखन और व्यवहारिकता का विषय रहा है। बिगड़ते जा रहे पर्यावरण के कारण जीवन पर आपदाएं नित नए-नए रूपों के साथ डेरा जमाती जा रही हैं, जिसके कारण धरती पर जीवन के अस्तित्व को ही चुनौती मिलती जा रही है। ऐसा लग रहा है कि सही दिशा में पर्यावरण संरक्षण के प्रभावशाली तथा पर्याप्त प्रयासों की कमी के रहते जीवन अधिक देर तक संभवत: नहीं टिक पाएगा और वर्तमान शताब्दी में ही घातक आपदाओं की संख्या और उनकी तीक्ष्णता दोनों ही बढ़कर अत्यंत भयावह स्थिति उत्पन्न कर सकते हैं।



लेखक : आचार्य रत्न लाल वर्मा
पर्यावरणविद्

पर्यावरण संकट से बचने के लिए दुनिया के पास शायद अब अधिक समय नहीं बचा है। अजरबेजान पृथ्वी सम्मेलन के निष्कर्ष की व्यवहारिकता की कसौटी का रंग तो बाद में दिखाई देगा, परंतु इस सम्मेलन के जलवायु परिवर्तन संकट से निपटने के लिए नीति निर्धारण पर देशों के बीच बनी सहमति का रंग तो सम्मेलन की समाप्ति पर इसी महीने दिखाई दे जाएगा। वास्तव में संसार में पर्यावरण बचाने की बात अधिकतर प्रगति के संदर्भ में की जाती है। अर्थात प्रगति किस प्रकार हो। समृद्धि को प्रगति मूलक पर्यावरण में ढूंढा जा रहा है, जबकि सही अर्थों में समृद्धि जीवन मूलक पर्यावरण में है। परिभाषाओं के इन मनचाहे अर्थों और सुरक्षात्मक प्रयासों के आधे अधूरे मन से लागू होने के कारण पर्यावरण को बचाने में पूर्ण सफलता नहीं मिल पा रही है और इसका ध्वस्त होता स्वरूप जीवन को संकटग्रस्त और भयावह बनाता जा रहा है। जब तक इस दिशा में सही प्रयास नहीं किए जाते, तब तक पूर्ण सफलता मिलना कठिन बना रहेगा। समय हमारे सही दिशा को व्यवहारिक प्रभावशाली उपयुक्त प्रयत्नों की प्रतीक्षा बहुत आगे तक शायद अब नहीं करेगा। दिन- प्रतिदिन आगे से आगे नष्ट होते जा रहे पर्यावरण एवं जलवायु संकट से बचने के लिए प्रगति के स्थान पर जीवन मॉडल को निर्धारित करने की आवश्यकता है और व्यक्तिगत सामर्थ्य की सीमा रेखा का ध्यान रखते हुए उसके आलोक में सभी देशों के बीच सहमति बनाई जाए।

तत्पश्चात इस जीवन मॉडल का निर्धारण किया जाए। इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि सुविधाएं मतलब के लिए हैं। मानव उनके लिए नहीं है। प्रगति में जीवन ढूंढने के स्थान पर समृद्धि के सही अर्थों को समझते हुए उसमें जीवन देखा जाए। अत्यधिक बढ़ती जाती वस्तु विषाक्त बन जाती है। अत: मुद्रास्फीति के प्रभावों को भी ठीक प्रकार से समझा जाए। धन संपदा की वृद्धि की प्रगति समृद्धि नहीं कहला सकती है। इन दोनों को सही ढंग से देखने, समझने और परिभाषित करने की आवश्यकता है। समृद्ध व्यक्ति और समृद्ध समाज वही है जहां व्यक्ति अपनी उन्नति के लिए पर्याप्त सीमा रेखा का पालन करते हुए संसाधनों का उपभोग करता हुआ दूसरों के लिए उनके द्वार खोल देता है। अर्थात व्यष्टिगत भावना के साथ साथ समष्टिगत भाव के साथ भी अनुप्राणित रहता है। जो धरती पर विकास के लिए सरल भाव, संवेदनशीलता वांछित जीव जातियों के संतुलन एवं भावी पीढ़ियों के हित की चिंता के साथ सीमित संसाधनों के प्रयोग या उपयोग से अधिक से अधिक आनंद प्राप्त करने से सर्वत्र खुश रहने की व्याप्ति में समृद्धि का अनुभव करता है।

भारतीय सनातन धर्म ग्रंथों में भी संसाधनों के सीमित मात्रा के प्रयोग एवं उपभोग पर बल दिया गया है और अनावश्यक भंडारण को अनुचित बताया गया है। यह भी आश्चर्य की बात है कि शिक्षा के चकाचौंध उजाले में भी हम प्रकृति और मानव के संबंधों को ठीक प्रकार से नहीं समझ पा रहे हैं। प्रकृति के विराट अंतहीन स्वरूप के आगे मानवीय सामर्थ्य को तुलनात्मक आकार में समझकर निरंकुश गति से आगे बढ़ते जाने से अनुकूल परिणाम की आशा करना उचित नहीं होगा। हम न तो धरती के आकार को बढ़ा सकते हैं और न इस पर विद्यमान संसाधनों को ही बढ़ा सकते हैं, इसलिए उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों की सीमा रेखा को समझते हुए विकास की गति का तारतम्य बनाए रखना उचित होगा अन्यथा जीवन विलुप्ति की ओर भी बढ़ सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आखिर राष्ट्रीय आंदोलन में हिस्सा क्यों नहीं लेतीं एनजीओ?

राष्ट्रीय इंटक के संगठन सचिव व प्रदेश इंटक के महासचिव कामरेड जगत राम शर्मा ने अपने लगभग 60 साल के ट्रेड यूनियन के अनुभव से कहा कि देश की आजादी से पहले 1920 में एटक बनी और 3 मई 1947 को इंटक बनी, जिन्होंने देश की आजादी और आजादी के बाद देश के विकास में भरपूर योगदान दिया और आजादी के थोड़ी देर बाद अलग-अलग विचारधाराओं से भारतीय मजदूर संघ, सीटू व अन्य कई राष्ट्रीय मजदूरों के संगठन बने कभी-कभी यह राष्ट्रीय संगठन आज की तरह एकत्रित होकर संघर्ष करते थे और एकता के बल पर मांगें मनवा लेते थे और उन यूनियनों की कोई न कोई विचारधारा होती थी।

दुर्भाग्यवश देश के कई प्रदेशों में कुक्कुर मतों की तरह एनजीओ, कर्मचारियों ने अपने-अपने संगठन बना लिए और उनका मूल सिंद्धात अपने तक सीमित रहता है जैसा की दूसरी मान्य प्राप्त यूनियनों की मदद लेकर नौकरी प्राप्त करना और अपनी मूल यूनियन को छोड़ देना और अपनी ही लड़ाई में अपने ग्रुप की ताकत को झोंक देना जैसा कि अपनी बदली नहीं होने देना अपने ही परिवार की बेहतरी की बात करना अपनी प्रमोशन व अपने बेहतर आवास की बात करना यह इनका सिद्धांत बन गया।



लेखक : जगत राम शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार

यह एनजीओ की यूनियने कभी राष्ट्रीय मांगों पर आंदोलन करती है न ही राष्ट्रीय आंदोलन में कोई हिस्सा लेती है और यह प्रदेश सरकारों का विरोध सिंद्धातों पर नहीं करते। यहां पर इनके हित टकरा जाते है वहां पर झमेला खडा कर देते है। जगत राम ने स्वर्गीय वीरभद्र की बात को याद दिलाया की मजदूरों को ईमानदारी से संघर्ष करना चाहिए और इन बातों पर विश्वास भी करते थे।

अब पूरे देश में केंद्रीय ट्रेड समन्वय समिति बन चुकी है और इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. जी. संजीवा रेडी के नेतृत्व में लगातार संघर्ष जारी है। जगत राम ने हिमाचल एनजीओ के बारे में चर्चा करते हुए बताया की हिमाचल कर्मचारी एनजीओ की स्थापना 20 नवंबर 1966 को हुई थी। इससे पहले इंटक, एटक, सीटू तथा बीएमएस के झंडे तले काम होता था। जगत राम ने अफसोस प्रकट किया कि जबसे हिमाचल में एनजीओ बना कभी एकजुट नहीं रहा। दो तीन धड़ों में बंटे रहे और उनको सलाह दी कि एकजुट होकर सुक्खू सरकार व प्रगतिशील कामों का समर्थन करें। पुरानी पेंशन को बहाल करना, सरकारी विभागों में लगातार भर्ती करना और पुरानी व्यवस्था को बंद करना आदि शामिल है।

जगत राम ने भाजपा व आर एस एस के समर्थक कर्मचारियों को कहा जितना आप इनको मदद करेंगे उतना ही देश का कर्मचारी, मजदूर किसान और ट्रेड यूनियन कमजोर होगी, क्योंकि इन लोगों का मुद्दा पूंजीवाद, हिंदू, मुस्लिम, सांप्रदायिकता का ही रहा और इनका बढ़ती हुई बेरोजगारी, महंगाई व भ्रष्टाचार से कोई लेना देना नहीं है और मोदी सरकार ने हमेशा ट्रेड यूनियन और उनके संघर्षों को कमजोर किया मजदूरों के 44 श्रमिक कानूनों को तोड़ कर 4 लेबर कोड बना दिए और सार्वजनिक क्षेत्र को भेजना शुरू कर दिया।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### गीता जयंती महोत्सव में श्रद्धालुओं ने कमाया पुण्य



**अनंत ज्ञान, महादेव।** प्रचारक समस्त इस्कान वृंद हिमाचल प्रदेश द्वारा पवित्र सनातन धर्म ग्रंथ गीता की महिमा गान किया गया। इस हिंदुत्व कार्यक्रम को कामयाब बनाने वाले मनु, श्याम लाल, पीतांबर आदि आगे आए। इसके साथ ही दूर-दूर से आते-जाते श्रद्धालुओं ने हाजरी भर कर पुण्य कमाया। यही नहीं शहीद राजेश चौहान धनोटू चौक में आयोजित किए गए हरे कृष्ण हरे राम का जाप-भजन करते हुए 11 दिसंबर को आ रही मोक्षदा एकादशी गीता जयंती बारे जानकारी दी गई, वहीं गीता जयंती महोत्सव एवं गीता वितरण 2024 का विधिवत कार्यक्रम किया गया।

### विद्यार्थियों को दी सड़क सुरक्षा की जानकारी



**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** राजकीय महाविद्यालय वीरवार को रोड सेफ्टी क्लब द्वारा स्वयंसेवियों व छात्रों के लिए ओरिएंटेशन व इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आरएससी समन्वयक प्रो. यशपाल ने बताया कि छात्रों को रोड सेफ्टी के बारे में जागरूक किया गया। क्लब द्वारा भविष्य में किए जाने वाले विभिन्न जागरूकता अभियानों व गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया गया। आरएससी के मोटो 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा' का महत्व भी बताया गया। क्लब के लीडर यतीन शर्मा और ललिता शर्मा ने नए सदस्यों को क्लब से जोड़ा। इस अवसर पर प्राचार्य आचार्य वर्ग उपस्थित रहे।

### बाल आश्रम के बच्चों ने समझी सेना भर्ती की प्रक्रिया

**अनंत ज्ञान, मंडी।** जिला प्रशासन व रेडक्रास सोसायटी की पहल पर वीरवार को बाल आश्रमों में रहने वाले बच्चों ने भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए आरम्भिक जानकारी व व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त किया। इस सत्र में जिला रेडक्रास सोसायटी के सचिव ओपी भाटिया के नेतृत्व में दिव्य मानव ज्योति सेवा ट्रस्ट हैड़र के जमा दो कक्षा के छात्र शशांत, आर्यन, विपिन, बॉबी तथा युवराज और बाल वृद्ध अनाथ आश्रम तत्याहड़ के जमा दो कक्षा के ऋतिक, जमा एक कक्षा के सुधांशु व कुलदीप तथा दसवीं कक्षा के एकलव्य ने भाग लिया। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि दीपावली के अवसर पर विभिन्न बाल आश्रमों के बच्चों से उनके भविष्य व लक्ष्यों के बारे में चर्चा हुई थी। इस दौरान कुछेक बच्चों ने सेना में भर्ती होने की इच्छा जताई थी। इन बच्चों को भर्ती प्रक्रिया के बारे में सेना भर्ती कार्यालय के सहयोग से जानकारी प्रदान की गई।



### डिजिटल बैंकिंग सुविधाजनक साबित हो रही



**अनंत ज्ञान, मंडी।** भारतीय रिजर्व बैंक के लोकपाल कार्यालय शिमला द्वारा रिजर्व बैंक-एकीकृत लोकपाल योजना के तहत मंडी साक्षरता एवं जन विकास समिति के सम्मेलन कक्ष सौली खड्ड में एक दिवसीय वित्तीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता भारतीय रिजर्व बैंक शिमला के लोकपाल शिव कुमार यादव ने की। शिव कुमार यादव ने कहा कि आम लोगों के लिए डिजिटल बैंकिंग काफी सुविधाजनक साबित हो रही है, लेकिन इसके साथ ही कुछ सावधानियां भी बरती जानी जरूरी हैं।

### सीएंडवी अध्यापक अधिसूचना में हो बदलाव

**अनंत ज्ञान, मंडी।** निदेशक प्रारंभिक शिक्षा विभाग द्वारा जारी सभी गैर शैक्षिक कार्यभार सी एंड वी अध्यापकों को देने की अधिसूचना में आंशिक बदलाव को लेकर हिमाचल प्रदेश राजकीय भाषाई अध्यापक संघ के राज्य अध्यक्ष हेमराज ठाकुर ने प्रारंभिक शिक्षा निदेशक आशीष कोहली से की विशेष बात हिमाचल प्रदेश में राज्य स्तरीय गुणवत्ता शिक्षा शिविर का शुभारंभ शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने किया। इस कार्यक्रम के दौरान राजकीय भाषाई अध्यापक संघ हिमाचल प्रदेश के राज्य अध्यक्ष हेमराज ठाकुर ने कोहली साहब से उस अधिसूचना को पुनः बदलाव करने का निवेदन किया। उन्होंने बताया कि कई स्कूल प्रमुख सभी के सभी कार्यभार सीएंडवी अध्यापकों को ही इस पत्र के जारी होते ही देने लग गए हैं, जो गलत है। उन्होंने कोहली को अवगत करवाया कि सी एंड वी अध्यापकों के पास कई चार्ज पहले से हैं और ऊपर से और थोपे जा रहे हैं यह गलत है। सी एंड वी अध्यापकों को अतिरिक्त कार्यभार लेना पड़ेगा पर सभी के सभी तो उसे न दिए जाए। कोहली ने इस सन्दर्भ में पुनः स्पष्टीकरण अधिसूचना जारी करने का भी हेमराज ठाकुर को आश्वासन दिया।

### उपमुख्यमंत्री अग्निहोत्री 24 को आएंगे मंडी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 24 नवंबर को हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी विकास संघ के राज्य स्तरीय सहकारी समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। यह आयोजन सुंदरनगर तहसील के गांव तरोट (कनैड) में प्रातः 11 बजे होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहकारिता सचिव करेंगे। यह जानकारी हिमकोफैड के निदेशक केशव नायक ने दी।

### रोगाणुरोधी प्रतिरोध का बढ़ता खतरा बड़ी चुनौती

**आदर्श, नेरचौक।** लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक में माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा संक्रमण की रोकथाम और जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन के माध्यम से रोगाणुरोधी प्रतिरोध का मुकाबला करने के महत्वपूर्ण विषय पर एक सीएमई सह कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम माइक्रोबायोलॉजी विभाग में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि डॉ. डीके वर्मा, प्रधानाचार्य और डॉ. दीपाली शर्मा मुख्यातिथि, वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक ने किया। उन्होंने रोगाणुरोधी प्रतिरोध के बढ़ते खतरे पर जोर दिया, जो वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी चुनौती है। इस अवसर पर मुख्यातिथि द्वारा माइक्रोबायोलॉजी विभाग द्वारा बनाई लॉगबुक का विमोचन किया गया।



### सत्य साईं जयंती पर निकाली झांकियां



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** सत्य साईं जयंती के उपलक्ष्य में जोगिंद्रनगर बाजार में भव्य झांकियों का आयोजन किया गया। राधा-कृष्ण और सत्य साईं की सुंदर झांकियां नगर के मुख्य बाजार से निकाली गईं, जिनमें श्रद्धालुओं और कलाकारों ने पारंपरिक परिधानों के साथ हिस्सा लिया। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि सत्य साईं बाबा के आदर्शों और शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। श्रद्धालु कार्यक्रम को लेकर बेहद उत्साहित हैं और उन्होंने इसे सफल बनाने में पूर्ण सहयोग दिया।

# करसोग में 81 शिवलिंग, 1270 वर्षों से खड़ा है पांगणा दुर्ग

**पीयूष शर्मा, करसोग**

सुकेत की ऐतिहासिक राजधानी पांगणा की यात्रा और सांस्कृतिक चिंतन के लिए हिमाचल प्रदेश के साहित्यकार व शिक्षाविद डॉक्टर हिमेंद्र बाली व लेखिका सुरभि का कहना है कि पश्चिमी हिमालय के केंद्र में स्थित हिमाचल प्रदेश का हृदय कहा जाने वाला जिला मंडी हिमालय की काशी के नाम से प्रसिद्ध है। ऐसी कहावत प्रचलित है कि 'काशी में अस्सी मंडी में इक्कासी' अर्थात भगवान के त्रिशूल पर अवस्थित काशी में शिव के 80 मंडी में 81 और करसोग में भी 81 शिवलिंग स्थापित हैं। अत: मंडी और करसोग का धार्मिक महत्व काशी के सदृश ही रहा है। मंडी के दक्षिण में पूर्ववर्ती सुकेत राज्य का क्षेत्र अवस्थित है जो महाभारत काल में सुकुट् नाम से विख्यात था।

सुकेत की आदि राजधानी पांगणा का अपना विशिष्ट स्थान रहा है। चूंकि पांगणा गांव के कण-कण में वैदिक, पौराणिक व ऐतिहासिक घटनाओं की शृंखलाएं दबी पड़ी हैं।

डॉक्टर हिमेंद्र बाली का कहना है कि पांगणा गांव में महामाया राजराजेश्वरी का छह मंजिला दुर्ग मंदिर अडिगता के साथ 1270 वर्ष से खड़ा है।

दुर्ग मंदिर की अडिगता इसकी काठकुणी की दीवारें हैं जिन्होंने शताब्दियों से भूकंपों एवं मौसम के थपेड़ों को सहा और आज भी यह दुर्ग अपने गौरव की गाथा का परिचायक बनकर खड़ा है।

#### साहित्यकार अध्ययन के लिए पहुंचे पांगणा



अनंत ज्ञान स्पैशल

#### घोषित हो धरोहर गांव

पांगणा के महामाया दुर्ग मंदिर के साथ अतीत का गौरवशाली इतिहास जुड़ा है। यदि इस दुर्ग मंदिर का अस्तित्व ही मिट जाएगा तो अतीत का इतिहास जो इससे जुड़ा है वह मिट जाएगा।

आवश्यकता है कि पांगणा में स्थित स्मारक व लोक परंपराओं को जीवित रखने के लिए गांव को धरोहर गांव घोषित किया जाना चाहिए।

#### कोई आगे नहीं आया

**संस्कृति** मर्मज्ञ डॉ. जगदीश शर्मा का कहना है कि न जाने कितनी बार पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से महामाया मंदिर को स्मारक घोषित करने का आग्रह किया जा चुका है, परंतु अभी तक इस स्मारक दुर्ग की आयु बढ़ाने के लिए वर्षों पूर्व पुरातत्व चेतना संघ मंडी के बीरबल शर्मा और डॉक्टर विद्याचंद ठाकुर और वर्तमान में मुंबई के आर्किटेक्ट स्वप्लिन शशिकांत भोले, आर्किटेक्ट नेहाराजे, आर्किटेक्ट डॉक्टर रोशनी याहुदा, सुनंदा आदि मुंबई की सराहन संस्था के सिवाय कोई आगे नहीं आया है।

#### दुर्ग का वास्तुशिल्प उच्च श्रेणी और उत्कृष्ट

**कवयित्री** सुरभि व लेखिका सुरभि का कहना है कि 1259 वर्ष पुराने महामाया के दुर्ग मंदिर का वास्तुशिल्प उत्कृष्ट और उच्च श्रेणी का है। क्षैतिजीय शहतीरों की शृंखला और थोड़े-थोड़े अंतराल पर गढ़े पत्थरों की दीवारें अद्वितीय हैं। दुर्ग मंदिर ढलवां छतीय है और मंदिर का मुख पूर्वाभिमुख है। देवी महामाया मंदिर में देवी के धात्विक विग्रहों के साथ गौरी-शंकर की उत्कृष्ट प्रस्तर मूर्ति है, जिसका काल कलात्मक दृष्टि से छठी-सातवीं शताब्दी का है।

**धर्मी देवी मर्डर केस** मामले में तीसरे आरोपी को पुलिस ने थाने से किया रिहा

# दो आरोपी तीन दिन के रिमांड पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पुलिस थाना गोहर के अंतर्गत दर्ज धर्मी देवी हत्या मामले में गुरुवार को दो आरोपियों को सुंदरनगर न्यायालय के समक्ष नियमानुसार पेश किया गया, वहीं मामले में तीसरे आरोपी को पुलिस ने थाने से रिहा कर दिया है।



आरोपियों को कोर्ट ले जाती पुलिस।

न्यायालय ने दोनों आरोपियों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। अब आरोपियों को 23 नवंबर को न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस ने शिकायत में दर्ज और मामले में संलिप्त बताई जा रही एक अन्य महिला को अभी तक हिरासत में नहीं लिया है।

उक्त मामला तकरीबन सात माह पुराना है और शुरू से ही पुलिस की कार्यप्रणाली ढुलमुल रही है। मामले

#### मामले में संलिप्त महिला अभी पुलिस गिरफ्त से बाहर

में पुलिस ने तीन आरोपियों को हाल ही में अग्रिम जमानत रिजेक्ट होने उपरांत मंडी से हिरासत में लिया था, जबकि मामले में संलिप्त बताई जा रही चौथी महिला अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

गत बुधवार को इस मामले के तीनों आरोपियों को घटनास्थल पर ले जा फॉरेंसिक टीम ने क्राइम सीन रिक्रिएट किया था। बता दें कि धर्मी देवी घटना उपरांत कोमा में जाने से व 6 माह तक आईजीएमसी में जिंदगी और मौत से जूझने उपरांत मृत्यु को प्राप्त हुई थी। इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 307 व 302 लगने पर आरोपियों ने डर के मारे माननीय जिला सत्र न्यायाधीश मंडी के समक्ष अग्रिम जमानत के लिए आवेदन किया, जिसे माननीय मंडी के न्यायालय ने खारिज कर दिया था।

मजबूरन पुलिस को इस मामले के तीनों आरोपियों सुरेश उर्फ नरेश, केसरी देवी तथा उनके बेटे घनश्याम को हिरासत में लेना पड़ा था।

> रिमांड पर लिया एक आरोपी मौके पर नहीं था, ना ही उसके खिलाफ कोई साक्ष्य हैं, जिसके चलते उसे थाने से छोड़ दिया है। वहीं 2 आरोपियों का तीन दिन का पुलिस रिमांड सुंदरनगर कोर्ट से मिला है। एक अन्य महिला बिशनी देवी से भी पूछताछ की जाएगी।
> - लाल चंद ठाकुर, थाना प्रभारी गोहर।

# कृषि मंत्री को किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, मंडी**



कृषि मंत्री को ज्ञापन सौंपते किसान यूनियन के पदाधिकारी।

हिमाचल किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सीताराम वर्मा व उपाध्यक्ष देवी रूप सैनी ने कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में रवि की फसलों बारे सेमिनार के दौरान मुख्य अतिथि कृषि मंत्री प्रोफेसर चंद्र कुमार को मांगों का ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई की राज्य स्तरीय परिवेदना समिति की बैठक सचिवालय में शीघ्र बुलाई जाए। इससे किसानों व पशुपालकों की समस्याओं का निराकरण होगा। मांग की गई है कि पॉलीक्लिनिक भंगरोटू के निर्माणाधीन पशु चिकित्सालय भवन की सीमा दीवार और प्रवेश द्वार के लिए बजट का प्रावधान किया जाए।

ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि बल्ह उपमंडल में निर्मित किसान भवन में किसानों को बैठक करने हेतु फर्नीचर की व्यवस्था के लिए कृषि उपनिदेशक मंडी को बजट जारी किया जाए।

# छात्रों ने सीखी टांकरी लिपि

**अनंत ज्ञान, मंडी**



कार्यशाला के दौरान सामूहिक चित्र में प्रशिक्षु व आयोजक।

हिमाचल भाषा एवं संस्कृति विभाग जिला मंडी द्वारा पनारसा महाविद्यालय में दस दिवसीय टांकरी लिपि प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

कार्यशाला में टांकरी लिपि के स्वर, व्यंजन, बाराखडी, संयुक्त अक्षर, अंक, शब्द रचना, वाक्य रचना, पत्र लेखन, हिमाचली भाषा में लिखा लोक साहित्य को देवनागरी लिपि से टांकरी लिपि में लिप्यंतरण करना तथा टांकरी लिपि के अभिलेख, पाण्डुलिपियां को पढ़ाया गया। अंतिम दिवस में टांकरी लिपि की परीक्षा भी ली गई।

टांकरी लिपि तथा स्थानीय भाषा बोलीयों में शिक्षार्थियों के अपने गांव, संस्कृति, इतिहास से संबंधित असाइनमेंट देवनागरी तथा टांकरी लिपि में तैयार की।

## सत्य साईं जयंती पर निकाली पालकी यात्रा

**अनंत ज्ञान, मंडी।** श्री सत्य साईं बाबा के 99 वें जन्मदिवस पर शहर में शोभायात्रा निकाली गयी। जानकारी के अनुसार 17 से 24 नवंबर तक मनाए जा रहे जन्म महोत्सव के दौरान सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसमें हॉस्पिटल सेवा, बाल आश्रम सेवा, महिला दिवस, बाल कार्यक्रम सहित युवाओं द्वारा मानसिक रोग पुनर्वास केंद्र मैगल में लोगों के साथ योग के गुर साझा किए।

शोभायात्रा में चामुंडा स्कूल बाजार, माहूंनाग टारना, नैना देवी मैगल, काल भैरव माता, चतुर भुजा पुरानी मंडी सहित कई देवी देवताओं ने सत्य साईं बाबा की पालकी के साथ शिरकत की। नगर निगम के महापौर विरेंद्र भट्ट व पार्षद निर्मल वर्मा ने विशेष रूप से पालकी यात्रा में भाग लिया।



साईं बाबा की पालकी को उठाए हुए महापौर वीरेंद्र भट्ट व अन्य।

## शिव महापुराण कथा प्रारंभ

**अनंत ज्ञान, मंडी।** दिव्य धाम माता चामुंडा मोतीपुर (कांगणी) परिसर में शिवलिंग व नंदी की पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के बाद अब वीरवार से शिव महापुराण कथा का वाचन प्रारंभ हुआ। इससे पहले प्रात: काल में गणेश पूजन किया गया। इसी प्रक्रिया में कलश यात्रा राम मंदिर पड्डल से मोतीपुर दिव्य धाम तक कलश यात्रा की झांकी के बाद स्थापना की गई।

जानकारी के अनुसार कथा वाचन हर रोज 12:30 से 3 बजे तक हुआ करेगा जबकि शाम को 7 बजे आरती और कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। यह क्रम 30 नवंबर तक चलेगा जबकि 1 दिसंबर को कथा 10 बजे से शुरू होकर 1 बजे पूर्णाहुति के साथ कथा संपन्न होगी।

तत्पश्चात 1:30 बजे से भंडारे का प्रसाद वितरण प्रारंभ हो जाएगा। मंदिर कमेटी ने श्रद्धालुओं से धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेकर पूण्य कमाने का आवाहन किया है।

## चौक नहर से महादेव गांव तक सड़क का सफर खतरनाक

**भीम बसेड़ू, महादेव**

गांव चौक से सटी बीएसएल परियोजना (बीबीएमबी) की नहर मार्ग से गांव महादेव के लिए संपर्क करते खतरनाक इस आरम्भिक प्वाइंट मार्ग को देखकर तो यही लगता है कि इसे गहरा नाला बनने में देर नहीं लगेगी।

बुद्धिजीवी लोगों ने खतरे की घंटी बजाते इस औंधे मुंह गिरते जा रहे मार्ग का समय रहते सुधारात्मक निर्माण न करने की बेहद चिंता जाहिर करते हुए बताया कि कई बार विभाग एवं वोट बटोरू नेताओं से यहां एक बड़ा मजबूत डंगा लगाने बारे मांग कर चुके हैं, मगर



हिमाचल प्रदेश सरकार का यह विभाग शायद किसी बड़े दर्दनाक हादसे का इंतजार कर रहा है, क्योंकि यहां ढहे खाई में तब्दील संकरे मार्ग पर हरदम जानलेवा दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। लोगों ने संबंधित विभाग व सुक्खू सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू किया जाए।

# राजेश धर्माणी का कांग्रेसियों ने किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

सुंदरनगर में तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी का कांग्रेस के जनों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। महासचिव हिमाचल कांग्रेस लीगल सेल के महामंत्री पंडित अरुण प्रकाश आर्य ने सुंदरनगर में पधारने पर शाल टोपी पहना कर सम्मानित किया।



स्वागत दौरान सामूहिक चित्र में गणमान्य।

इस मौके पर पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष हुसन लाल शर्मा, जिला मंडी कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष हरेंद्र सेन, नगर परिषद सुंदरनगर के पूर्व उपाध्यक्ष नरेश सेन, ब्लॉक सुंदरनगर के मीडिया प्रभारी राहुल कपूर, सेवादल के प्रदेश महामंत्री डॉ कपिल, लीगल सेल के को कनवीनर सुप्रिया ऋषि, राज्य लीगल सेल सचिव जितेन्द्र शर्मा, महामंत्री चंद्र कौशल, राम कृष्ण, ग्राम पंचायत कपाही प्रधान ओम प्रकाश, ओम प्रकाश चंदेल, युवा कांग्रेस के हितेश राठौर, कन्वीनर लीगल सेल सुंदरनगर अमी चंद चंदेल, जिला कांग्रेस महासचिव रूपेश उपाध्याय, सचेतक सत्य प्रकाश शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, राज्य लीगल सेल सचिव रितिन शर्मा, एडवोकेट भीम, प्यारे लाल, हेमन्त कुमार, पंडित इंद्र देव शर्मा, संजीव शर्मा, युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं, महिलाएं अन्य 150 कार्यकर्ता मौजूद रहे।

पंडित अरुण प्रकाश आर्य ने बताया कि मंत्री जी ने सभी कार्यकर्ताओं की सारी बातें और समस्याओं को सुना और निवारण करने का आश्वासन भी दिया, कई लोग अपनी समस्या लेकर भी मंत्री जी के सम्मुख आए।

## नाबालिग के साथ छेड़छाड़, मामला दर्ज

**पंडोह।** पंडोह क्षेत्र में मिठाई की दुकान चलाने वाले व्यक्ति द्वारा एक 12 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने मां को बताया और इसके उपरांत नाबालिगा के पिता के बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी अनुसार आरोपी पंडोह क्षेत्र में मिठाई की दुकान चलाता है। शिकायतकर्ता ने पीड़िता को आरोपी की दुकान पर सामान लेने के लिए भेजा हुआ था। आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि पीड़िता का पुलिस द्वारा नियमानुसार मेडिकल जांच कराई गई है।

# नाले में मिला 47 वर्षीय पूर्व उपप्रधान संसार चंद का शव

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



जोगिंद्रनगर के योरा गांव में पूर्व उपप्रधान का शव नाले में फंसा हुआ पाया गया। मृतक की पहचान 47 वर्षीय संसार चंद, पुत्र सुख राम के रूप में हुई है, जो 11 नवंबर से लापता थे। स्थानीय निवासियों द्वारा शव मिलने की सूचना पर दमकल विभाग और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। दमकल टीम ने शव को पानी से बाहर निकालकर सड़क तक पहुंचाया। शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर सब-इंस्पेक्टर मुंशी राम की देखरेख में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में यह मामला हादसे का प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस ने अन्य संभावनाओं की भी जांच शुरू कर दी है।

संसार चंद के लापता होने की शिकायत उनके परिवार ने पहले ही दर्ज करवाई थी। लोग मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। यदि कोई आपराधिक गतिविधि सामने आती है, तो कार्रवाई की जाएगी।

## बिजली की आंख मिचौनी से परेशानी

**अनंत ज्ञान, महादेव।** विद्युत अनुभाग धनोटू, महादेव, कनैड, जयदेवी आदि के अंतर्गत आते नाचन के एक बड़े भाग में लंबे समय से बिजली की आंख मिचौनी की स्थिति बनने से विद्यार्थी वर्ग, कर्मचारी, लघु उद्यमी आदि भारी परेशानी झेल रहे हैं। बिजली के किसी भी पहर मनमाने ढंग से अघोषित कट लगने से कई क्षेत्रों में जुड़े लोगों को खासी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। प्रभावितों ने संबंधित विभाग व प्रदेश की सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार से पुरजोर मांग की है कि शीघ्र ही बिजली की नियमित आपूर्ति हेतु कारगर कदम उठाए जाएं।

# धर्मपुर के विधायक भूले चुनावी वादे : माकपा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

माकपा इकाई धर्मपुर ने स्थानीय कांग्रेस विधायक पर चुनावी वायदे भुलाकर व्यक्तिगत विकास का आरोप जड़ा है। माकपा का कहना है कि विधायक ने सारे वायदे भुलाकर धर्मपुर की भोली भाली जनता से छल किया है। जिससे यहां के लोग खुद को ठगा हुआ महसूस करते हैं। धर्मपुर में कांग्रेस विधायक के दो साल विकास की दृष्टि से निराशाजनक साबित हुए हैं।

दो सालों में ही यहां के विधायक के प्रति भारी आक्रोश फैल गया है। ये बात माकपा नेता व पूर्व ज़िला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने कही है। उन्होंने आरोप लगाया है कि कांग्रेस पार्टी के विधायक ने दो साल पहले यहां की जनता से जो वायदे किए थे वे उन्हें पूरा करना तो दूर अब तो बात करना भूल गए हैं।

भूपेंद्र सिंह ने कहा कि मंडी से कांग्रेस की एक मात्र सीट पिछले चुनावों में आई थी जिसके चलते सभी जिला विभागीय समारोह यहां बारी बारी से हो रहे हैं और उन्हीं में लंबे भाषण देकर विधायक खुश हैं लेकिन विकास की दृष्टि से कोई काम पिछले दो साल से नहीं हो रहा है। धर्मपुर और संधोल में बनाई गई दो नगर पंचायतों के गठन के बारे में ऐसा प्रचार किया जा रहा है जैसे कोई बहुत बड़ा विकास कार्य यहां करवा दिया गया है।

**अन्याय** ऊपर के रैंक कम और नीचे के रैंक ले रहे अधिक पेंशन, आंदोलन की आवश्यकता : कै. जगदीश

# वन रैंक वन पेंशन पार्ट 3 में चुनिंदा के साथ घोर अन्याय

**अनिल शर्मा, मंडी**

रक्षा मंत्रालय द्वारा 4 सितंबर को वन रैंक वन पेंशन के भाग 3 के रिवीजन में जारी किए गए नोटिफिकेशन के मुताबिक पूर्व सैनिकों की इस ओआरओपी स्कीम की लंबे समय से चली आ रही मांग को और भी जटिल बना दिया है।

संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन जेसीओ एवं ओआर हिमाचल प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा, महासचिव लेफ्टिनेंट रमेश कुमार तपवाल तथा कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर रोशन लाल चौहान ने कहा कि वर्तमान सरकार पूर्व सैनिकों की लंबे समय से चली

#### आंदोलन को रोकने की बजाय आगे बढ़ाने की जरूरत

आ रही मांग वन रैंक वन पेंशन स्कीम को लागू तो कर दिया, लेकिन उसमें आ रही विसंगतियों के ऊपर लगभग 2 साल बीतने के बाद भी कोई संज्ञान नहीं ले रही है।

जगदीश वर्मा ने भारतवर्ष में पूर्व सैनिकों का आह्वान किया कि वह 20 फरवरी 2023 से चले आ रहे वन रैंक वन पेंशन की विसंगतियों को ठीक करवाने के लिए आंदोलन को रोकने की बजाय उसे एकजुट होकर आगे बढ़ाने की तरफ कदम उठाएं। (अनंत ज्ञान)

#### समाधान में देरी से बढ़ी समस्या

कैप्टन जगदीश वर्मा ने कहा कि स्कीम से जो विसंगतियां उत्पन्न हुई हैं उनका समाधान करने में देरी के कारण समस्या और जटिल बन गई है। उन्होंने अपने संगठन की तरफ से रक्षा मंत्रालय सचिव के नाम सितंबर माह में एक पत्र भेजा था, लेकिन उसके ऊपर कोई कार्रवाई नहीं की गई। सरकार से आग्रह करते हैं कि वह एक तीन सेवानिवृत्त सुप्रीम कोर्ट के जजों की कमेटी का गठन करके और इन विषयों का उस कमेटी से अध्ययन करवाया जाए।

#### यह हैं विसंगतियां

**जगदीश** वर्मा ने कहा कि सरकार द्वारा पहले से चले आ रहे वेटेज के आधार पर पेंशन मिलने की प्रणाली को खत्म करना। एक समान सेवा एक समान रैंक वालों को अलग-अलग पेंशन मिलना। ऊपर के रैंक को कम और नीचे के रैंक को ज्यादा पेंशन मिलना।

किसी रैंकों में कोई भी लाभ नहीं होना। वर्ष 32.5 से अधिक सेवा करने वाले को इस लाभ से वंचित रखना। अभी आने वाले पेंशन धारकों को पहले से रिटायर हुए पेंशन धारकों से कम पेंशन मिलना।

## बाइक और फोर व्हीलर की टक्कर, युवक टांडा रेफर

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर-सरकाघाट मार्ग पर बस्सी लिंक रोड के पास एक मोटरसाइकिल और फोर व्हीलर के बीच टक्कर हो गई, जिसमें बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार, हराबाग गांव के निवासी रवि कुमार अपनी पत्नी भगवती देव के साथ मोटरसाइकिल पर मच्छयाल की ओर जा रहे थे। लिंक रोड के पास उनकी बाइक एक फोर व्हीलर से टकरा गई। दुर्घटना में रवि कुमार को सिर में गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद स्थिति गंभीर होने पर उन्हें टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# नहीं रहे 1962 और 1965 युद्ध के योद्धा हवलदार अनंत राम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत रखोह के गांव डोडर निवासी और 8 डोगरा रेजिमेंट के पूर्व सैनिक हवलदार आनंत राम का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने अपने जीवन की अंतिम सांसें अपने घर पर लीं।



हवलदार अनंत राम को पूर्व सैनिक अंतिम सलामी देते हुए।

हवलदार आनंत राम 1962 और 1965 के भारत-पाक युद्ध के वीर सैनिक रहे, जिन्होंने अपने साहस और देशभक्ति से क्षेत्र और परिवार का मान बढ़ाया। हवलदार अनंत राम समाज के लिए प्रेरणास्रोत थे और उनकी वीरता के किस्से आज भी लोगों के बीच गर्व से सुनाए जाते हैं। उनके निधन से क्षेत्र में

#### भूतपूर्व सैनिक लीग ने दी नम आंखों से दी अंतिम विदाई

शोक की लहर है। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, परिवारजन और स्थानीय लोग शामिल हुए। पूर्व सैनिक को उनके बेटे, सेवानिवृत्त मेजर सरजीत सिंह ने मुखाग्नि दी।

इस अवसर पर पूर्व सैनिक लीग के प्रधान कैप्टन प्यारे चंद, कैप्टन बलदेव राज, कैप्टन रघुवीर, सूबेदार मेजर विजय कुमार, कैप्टन राकेश कुमार, सूबेदार पवन कुमार, हवलदार दीप चंद, सूबेदार जान चंद, नायब सूबेदार धर्म चंद, हवलदार सुरेश कुमार, और अन्य पूर्व सैनिकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

हवलदार अनंत राम को उनकी वीरता, कर्तव्यनिष्ठा और समाज के प्रति उनके योगदान के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उनका जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### मुच्छाली गांव में लोगों को किया जागरूक



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** मुच्छाली गांव में वीरवार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्थानीय उपप्रधान अजय शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इसमें विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग से सीएचओ अंजना ने आभा कार्ड के लाभों पर प्रकाश डाला। आत्मा प्रोजेक्ट के अधिकारी रवि कुमार ने किसानों को रसायनयुक्त खादों और दवाइयों का उपयोग बंद करने और जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। माय भारत से वालंटियर अक्षय कुमार ने नशा मुक्ति पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने युवाओं और उनके माता-पिता को सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि माता-पिता को बच्चों की गतिविधियों पर नजर रखनी चाहिए ताकि वे नशे की लत से बच सकें। कार्यक्रम में उपप्रधान अजय शर्मा ने स्वच्छता, नशा मुक्ति और प्राकृतिक खेती के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा वर्कर और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से राजरानी, बीना देवी, सुमन, मीनू अग्निहोत्री, ममता, प्रियंका, श्वेता, वीना परवीन, रामचंद कमला, किरण, पूनम, स्वर्ण देवी, गीता देवी, अनुवाला और रितु वाला मौजूद रहीं।

### भारत वर्ष है संतों की भूमि : सुमन शर्मा



**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** भारत वर्ष संतों की भूमि है' वाक्य में भारत की महान संत परंपरा और आध्यात्मिक विरासत की ओर इशारा किया गया है। उपमंडल बंगाना के गांव रिवाड़ में शुरू हुई श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन प्रवचन करते हुए पंडित सुमन शर्मा बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत में अतीत से ही संतों, ऋषियों, और महापुरुषों ने समाज को नैतिकता, अध्यात्म और मानवता के पथ पर चलने के लिए प्रेरित किया है। विद्वानों, ज्ञानी व्यक्तियों या धर्मगुरुओं की वाणी का तातपर्य समाज को सही दिशा प्रदान करने का प्रयास मात्र है। अध्यात्म और ज्ञान का उद्देश्य हमेशा मानव कल्याण होना चाहिए और यही सच्चे संतों और विद्वानों का संदेश होता है। इस कथा का संसार चंद, नरेश शर्मा, नीलम कुमारी, नवीन कुमार, ईशा शर्मा, ज्योति ब्रजाता, सुशील कुमार, रिंकू समेत कइयों ने श्रवण किया। इससे पूर्व कलश यात्रा भी निकाली गई। यह कलश यात्रा रिवाड़ से शुरू होकर हटली बाजार से होती हुई वापस कार्यक्रम स्थल पहुंची।

### कृषि सहकारी सभा बंडा का चुनाव आज

**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** दी बंडा कृषि सरकारी सभा का चुनाव 22 नवंबर को होने जा रहा है। सहकारी सभा के सचिव अमन पॉल ने बताया कि नामांकन पत्र 1 नवंबर को भरे गए थे। कार्यकारिणी के 5 वर्ष पूर्ण होने के पश्चात यह चुनाव करवाए जा रहे हैं। चुनावों के बाद नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। कृषि सभा के सचिव ने बताया कि 22 नवंबर को 3 के बाद चुनाव परिणाम घोषित किया जाएगा।

### विकास समन्वय, निगरानी समिति की बैठक आज

**हमीरपुर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक शुक्रवार को दोपहर बाद 3 बजे जिला परिषद के सम्मेलन हॉल में आयोजित की जाएगी। इसकी अध्यक्षता सांसद अनुराग सिंह ठाकुर करेंगे। एडीएम एवं डीआरडीए के परियोजना निदेशक राहुल चौहान ने इस बैठक के लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं की रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं।

स्टेट ऑफ आर्ट औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का बहुतकनीकी संस्थान अंबोटा में हुआ शुभारंभ

# मैकेनिकल ट्रेड शुरू करवाने के किए जाएंगे प्रयास : विधायक कालिया

**सन्नी पुरी, गगरेट**

गगरेट के लिए स्वीकृत स्टेट ऑफ आर्ट राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अरसे बाद गगरेट में शुरू हो पाया है। इससे पहले इस संस्थान का संचालन ऊना में हो रहा था। विधायक राकेश कालिया के प्रयासों से न सिर्फ यह संस्थान अपने मूल स्थान पर आ पाया बल्कि राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अंबोटा में वीरवार को विधायक राकेश कालिया ने इसका विधिवत शुभारंभ भी किया। संस्थान का सारा स्टाफ भी यहां आ चुका है और इसकी कक्षाएं भी विधिवत शुरू हो गई हैं।

स्टेट आफ आर्ट राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कई साल पहले गगरेट के लिए मंजूर हुआ था लेकिन उस समय यहां भवन की उपलब्धता न होने के कारण इसे ऊना से संचालित किया गया। इस संस्थान के लिए अलग से इंस्ट्रक्टर व मनिस्टिरियल स्टाफ की भी व्यवस्था की गई थी, लेकिन लंबे अरसे तक राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के चलते इसे गगरेट में शुरू नहीं करवाया जा सका। विधायक राकेश कालिया ने इस मुद्दे को मुख्यमंत्री के समक्ष उठाने के साथ तकनीकी शिक्षा मंत्री के समक्ष भी उठाया और उनके प्रयासों से ही यह संस्थान गगरेट में आ सका है।



प्रशिक्षण केंद्र का विधिवत शुभारंभ करते विधायक राकेश कालिया

वीरवार को राजकीय बहुतकनीकी संस्थान अंबोटा में इस संस्थान को विधिवत रूप से शुरू किया गया। इस संस्थान में डीजल मैकेनिक, मोटर व्हीकल मैकेनिक व मोटर व्हीकल इलेक्ट्रिक एंड इलेक्ट्रानिक मैकेनिक के डिप्लोमा कोर्स करवाए जा रहे हैं, जिनके लिए कुल 68 सीटें स्वीकृत हैं। इस संस्थान के यहां से संचालित होने से अब विधानसभा क्षेत्र गगरेट में दो औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हो गए हैं।

इस संस्थान के राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में खुलने से यहां तकनीकी रूप से दक्ष होने वाले विद्यार्थियों को यह भी लाभ होगा कि वे लेटरल एंट्री के माध्यम से डिप्लोमा कोर्स भी कर पाएंगे। विधायक राकेश कालिया ने कहा कि इस संस्थान को और सुदृढ़ किया जाएगा और इसके लिए अलग से भूमि की व्यवस्था करके इसके अपने भवन के निर्माण को भी तरजीह दी जाएगी।

विधायक राकेश कालिया से राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के स्टाफ ने मैकेनिकल ट्रेड शुरू करवाने की भी मांग रखी, जिस पर विधायक राकेश कालिया ने कहा कि शीघ्र ही इस बारे में वह मुख्यमंत्री से बात करेंगे और जल्द ही यहां मैकेनिकल ट्रेड भी शुरू करवाया जाएगा।

**ये रहे मौजूद :** इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कंवर, पूर्व उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव रमन जसवाल, पूर्व जिला परिषद सदस्य अश्विनी ठाकुर, शहीद भगत सिंह, क्लब के प्रधान मनीश ठाकुर, अजय पॉल सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी पंडित राम लुभाया, राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के एचओडी अमनदीप सिंह सैनी, हरनेम सिंह सहित कई गणमान्य मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)

प्रस्तुति



सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करने के लिए अपनी पारी का इंतजार करती हुई छात्राएं।

### बाबा सिद्ध चानों महाराज को समर्पित दहाजा सात दिसंबर को, निकलेंगी झांकियां

**अनंत ज्ञान, ऊना।** नगर परिषद संतोषगढ़ में क्षेत्र की सुख-समृद्धि और माल पशु की भलाई के लिए बाबा सिद्ध चानों जी महाराज को समर्पित दहाजा कार्यक्रम का आयोजन सात दिसंबर को होगा। बाबा सिद्ध चानों मंदिर कमेटी संतोषगढ़ के मुख्य सेवादार नानक चंद पहेश ने बताया कि प्रति वर्ष होने वाले धार्मिक आयोजन में इस बार प्रभु एंड पार्टी रायपुर मैदान वाले बाबा सिद्ध चानों की कई मनमोहक झाकियों को प्रस्तुत करेंगे। दहाजा आयोजन में मुख्य आकर्षण बाबा सिद्ध चानों जी की बड़ी झाकी होगी। इसमें बाबा सिद्ध चानों महाराज की हाथी की सवारी को प्रदर्शित किया जाएगा। यह सवारी संतोषगढ़ वार्ड पांच स्थित बाबा सिद्ध चानों मंदिर से शुरू होकर स्वां नदी में विधिवत पूजा-अर्चना के साथ समाप्त की जाएगी। इसमें विशेष रूप से साई लखवीर शाह कटारिया, डेरा खाकी शाह के साई अमरीक शाह मौजूद रहेंगे। इस मौके पर संगत के लिए लंगर का प्रसाद भी अटूट वितरित किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र सहित जिलावासियों और आसपास के क्षेत्र के सिद्ध चानों महाराज में आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं ने आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

## दो वर्षीय बच्चे ने गलती से निगला जहरीला पदार्थ, मौत

**हीना पठानिया, बढ़ूही**

अंब के तहत स्तोथर गांव में एक हृदय विदारक घटना में 2 साल के मासूम की मौत हो गई। बच्चे ने खेत में खेलते-खेलते कीटनाशक स्प्रे की शीशी मुंह में लगा ली, जिससे कुछ कीटनाशक उसके शरीर में चला गया और उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान कार्तिक (उम्र 2) पुत्र शिवपाल निवासी हरदोई (यूपी) के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर अंब पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बुधवार सुबह यह हादसा ग्राम पंचायत स्तोथर के वार्ड नंबर-4 राईं मोहल्ला में उस समय हुआ, जब बच्चा अपने परिजनों के साथ खेतों में गया हुआ था। बताया जा रहा है कि बच्चे के माता-पिता भैरा में रहते हैं। सुबह वे बच्चे को साथ में लेकर गांव में दिहाड़ी पर गए हुए थे। वे खेत में आलू निकालने के काम में व्यस्त थे और इसी दौरान बच्चा खेलते-खेलते खेतों में पड़ी कीटनाशक स्प्रे की शीशी के संपर्क में आ गया। अनजाने में उसने शीशी को अपने मुंह से लगा लिया।

बच्चे की हालत बिगड़ने पर परिजन उसे पीएचसी धुसाड़ा ले गए, जहां उपचार के दौरान बच्चे ने दम तोड़ दिया। उधर, मासूम की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने इसे एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताया और खेतों में इस प्रकार खतरनाक कीटनाशकों को बच्चों की पहुंच से दूर रखने की अपील की।

थाना प्रभारी अंब गौरव भारद्वाज का कहना है कि पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव को वारिसों के सुपुर्द कर दिया है और मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

## विधायक ने अच्छे संस्कार ग्रहण करने पर दिया बल

**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ जिसमें विधायक राकेश कालिया मुख्य अतिथि रहे, जबकि प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने समारोह की अध्यक्षता की। वंदे मातरम और मां सरस्वती की वंदना से शुरू हुए इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए शैक्षिक, खेल और सांस्कृतिक उपलब्धियों का विवरण दिया।

इस मौके पर विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनमें कृष्णा डांस, नाटी, पंजाबी गिद्दा, और भांगड़ा ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। इस मौके पर शिक्षा उपनिदेशक उच्च शिक्षा राजिन्द्र कौशल ने कहा कि स्कूल बच्चों का वह सपना होता है, जिस सपने के ऊपर मां-बाप दिन रात चिंता करते हैं कि हमारा बच्चा पढ़-लिखकर जीवन में कुछ बनेगा। इस काम के लिए मां-बाप का पूरा जीवन लग जाता है।



गोंदपुर बनेहड़ा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान मौजूद मुख्यातिथि।

इस समारोह में विधायक राकेश कालिया ने विद्यार्थियों को अच्छे संस्कार ग्रहण करने पर बल देते हुए कहा कि सरकार प्रदेश में गुणवत्ता आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रयासरत है जिसके अंतर्गत स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए तमाम सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के लिए पांच हजार रुपए देने की घोषणा करते हुए स्कूल खेल मैदान की चारदीवारी तथा शौचालय बनाने का आश्वासन दिया।

इस समारोह में मुख्यातिथि विधायक राकेश कालिया ने चाहत मिन्हास, मानसी, प्रीत, सारिका चौधरी, मन्नत, उमंग जसवाल, सिम्मी, सुव्रत, ईशान अत्री, आशिष अत्री, निखिल अत्री, केशव, अदिति, चाहत शर्मा, निकिता, तमन्ना, प्रियंका, पल्लवी, साहिल, निहार, अदिति, पलक, रिया, महक, अर्चना, रीना, सारिका, अलीशा, अंशिका, कृष, अंजना कुमारी, प्रियांशी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर विभिन्न स्कूलों से आए हुए प्रधानाचार्य, पंचायत प्रधान रवि कांता, पूर्व प्रधान उर्मिला देवी, एसएमसी प्रधान कमलेश कुमारी व स्कूल स्टाफ अजय शर्मा, राजीव कुमार, अविंद्र, मनोज, सोनिका, ओम राज, दीपक, बलराज, सुरवाला, मोनिका, प्रभजोत, रीनू, कंचन, सपना, बीना, बलजीत, अमर तथा कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## नशे के समूल नाश के लिए डीसी का सामूहिक प्रयासों पर बल

**अनंत ज्ञान, ऊना**

नशा मुक्त ऊना अभियान के तहत वीरवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और गुंजन संस्था के सहयोग से कल्याण भवन ऊना में जिले के मास्टर ट्रेनरों के लिए एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपायुक्त जतिन लाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

उपायुक्त ने बताया कि नशा मुक्त ऊना अभियान के तहत बेहतरीन कार्य करने के लिए जिला ऊना को राष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान हासिल करने का सम्मान मिला है। उन्होंने कार्यशाला में शामिल प्रतिभागियों से आह्वान किया कि वे नशे के खिलाफ निर्णायक भूमिका निभाएं और लोगों को इसके दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि नशा एक गंभीर समस्या है, जिसे सामूहिक प्रयासों से ही समाप्त किया जा सकता है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों की दैनिक दिनचर्या पर ध्यान दें और उन्हें नशे की लत जैसी घातक समस्या से बचाने के लिए मार्गदर्शन करें।



उपायुक्त जतिन लाल नशा मुक्ति अभियान के तहत बैठक करते हुए।

### नशा मुक्त ऊना अभियान के तहत मास्टर ट्रेनरों के लिए कार्यशाला आयोजित

उपायुक्त ने बच्चों के माता-पिता और अध्यापकों को बच्चों की हर गतिविधि और समस्याओं से अवगत रहने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि उन्हें नशे की ओर भटकने से रोका जा सके। उपायुक्त ने कहा कि बच्चों को स्कूल, कॉलेज और गांवों में होने वाली खेलकूद प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। इसके साथ ही, बच्चों को अधिक समय अपने परिवार और बुजुर्गों के साथ बिताना चाहिए ताकि वे उनके अनुभवों और विचारों से सीख सकें।

उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने बच्चों और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए सामर्थ्य कार्यक्रम की शुरुआत की है। इसके तहत बच्चों की फिटनेस, खेल और शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए जिला और उपमंडल स्तर पर पुस्तकालयों की व्यवस्था भी की गई है ताकि बच्चों को अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहूलियत हो।

कार्यशाला के दौरान उपायुक्त ने नशा मुक्त ऊना अभियान को सामर्थ्य कार्यक्रम में शामिल करने की योजना पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह अभियान युवाओं में सकारात्मक बदलाव लाने और उनकी ऊर्जा को सही दिशा में लगाने का एक प्रभावी माध्यम बनेगा।

**ये रहे उपस्थित :** इस अवसर पर जिला कल्याण अधिकारी अनीता शर्मा, डीपीओ आईसीडीएस नरेंद्र कुमार, तहसील कल्याण अधिकारी जतिंद्र कुमार, गुंजन संस्था के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### एसजीपीसी बोर्ड चुनावों के लिए 15 दिसंबर तक करें पंजीकरण

**ऊना।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी चुनाव के लिए निर्वाचक नामावली तैयार करने का कार्य किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक बोर्ड के चुनाव के लिए पात्र मतदाता अपना पंजीकरण करवाने की तिथि को बढ़ाकर 15 दिसंबर तक कर दिया गया है। इससे पहले 31 अक्तूबर तक पंजीकरण करने की तिथि निर्धारित की गई थी, जिसे अब बढ़ा दिया गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जिला के पात्र मतदाताओं से अपील की है कि जो पात्र मतदाता किन्हीं कारणवश अपना पंजीकरण नहीं करवा पाएं है, वे 15 दिसंबर तक अपना पंजीकरण करवाना सुनिर्शिचत बनाएं।

## ऊना जिले में कल से होगा वोटर लिस्ट को त्रुटि रहित और अद्यतन बनाने का कार्य

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण-2025 कार्यक्रम के तहत विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 23 और 24 नवंबर को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक चलेगा।

जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त जतिन लाल ने बताया कि इस दौरान सभी पात्र नागरिकों और छूटे हुए मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएंगे। इसके साथ ही, जो नागरिक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं या आगामी 1 जनवरी, 2025 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले हैं, वे भी इस अवसर का लाभ उठाकर मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि इन दो दिनों में मतदाता अपने-अपने मतदान केंद्र पर जाकर अपने नाम की पुष्टि करने के साथ-साथ अन्य आवश्यक सुधार भी कर सकते हैं। इसके लिए वे आवश्यक प्रपत्र (फॉर्म-6, 7 और 8) भर सकते हैं, जिनके माध्यम से मतदाता सूची में नाम जोड़ना, सुधार करना, अपात्र या मृत व्यक्तियों के नाम हटाना या अपने नाम को एक मतदान केंद्र से दूसरे केंद्र पर स्थानांतरित करना संभव होगा।

### मतदाता सूचियों को अपडेट करने को चलाया जा रहा विशेष अभियान

यदि कोई मतदाता सूची में अपना नाम पढ़ने में असमर्थ है, तो संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा उनके नाम को सबके सामने पढ़कर सुनाया जाएगा, जिससे हर मतदाता के लिए प्रक्रिया सहज और पारदर्शी हो। उन्होंने कहा कि 18 वर्ष आयु वर्ग के छात्र जो अभी तक मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं है उनकी सुविधा के लिए सरकारी व निजी शैक्षणिक संस्थानों जैसे कॉलेज, आईटीआई सहित नर्सिंग संस्थानों में 26 नवंबर को बीएलओ हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे।

इस अभियान में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। बूथ लेवल एजेंट, बीएलओ के साथ बैठक करके छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने और अपात्र व्यक्तियों के नाम हटाने संबंधी सुझाव व आवेदन दे सकते हैं। यह प्रक्रिया निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार संचालित होगी, जिससे मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाया जा सके।

**आयोजन** अपने स्कूल के वार्षिक पारितोषिक समारोह में पहुंचे विधायक, बोले-

## बुधान स्कूल का मैं सेवक, मुख्यातिथि नहीं

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुधान में वार्षिक पारितोषिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज मुझे खुशी है कि जिस विद्यालय में प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण की, उस स्थान पर मुख्यातिथि बनकर आना मेरे लिए गर्व की बात है। मैं प्रणाम करता हूं इस विद्यालय और विद्यालय के गुरुओं का, जिन्होंने मुझ जैसे लोगों को इस मुकाम पर पहुंचाया। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यातिथि के रूप में नहीं, बल्कि इस विद्यालय और क्षेत्र का सेवा का मौका मिला। उन्होंने बच्चों को इस मौके पर बधाई दी और आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। इस मौके पर कई प्रतिभाओं को विधायक ने सम्मानित किया।

विधायक विवेक ने कहा कि इस बार समय से पहले कार्यक्रम करवाना सरकार के कार्य की अध्यापक और अभिभावक सराहना और धन्यवाद कर रहे हैं, जिससे बच्चों को पढ़ने के लिए अधिक समय मिलेगा। उन्होंने सरकारी स्कूलों के स्तर के सुधारीकरण की सराहना की। उन्होंने लोगों से सरकारी स्कूलों के सहयोग की अपील की। उन्होंने मैदान के निर्माण के लिए 50 हजार की राशि दी और कबड्डी के मैदान को मैट की उपलब्धता सुनिश्चित की।





विधायक विवेक शर्मा स्कूल के वार्षिक समारोह में बच्चों के साथ डांस करते हुए।

वहीं, विद्यालय के प्रिंसिपल ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को प्रोत्साहन और समाज उत्थान के लिए स्कूल प्रयासरत हैं। 2023-24 शैक्षणिक सत्र का परिणाम शत प्रतिशत रहा।

**ये रहे उपस्थित :** इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष आसरा राम शर्मा, प्रदेश कांग्रेस सचिव देस राज मोदगिल, कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश शर्मा, जिला परिषद सदस्य सत्या देवी, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र कुमार फौजी, नम्रता पटियाल, ग्राम पंचायत प्रधान दियुंगली कमल सिंह राणा, कमलेश कुमारी प्रधान बुधानसहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी, अधिकारी, स्थानीय पंचायत वासियों सहित गणमान्य लोग, महिलाएं और छात्रों ने भाग लिया।

### बच्चों को धूप में बिठाने पर स्कूल प्रबंधन को लताड़

सर्दी के मौसम में वैसे तो धूप अच्छी लगती है, लेकिन इस बार समय से पहले हो रहे समारोहों में अभी धूप का असर देखने को मिल रहा है। विद्यालय ने धूप में बिठाए बच्चों को देख विधायक ने स्कूल प्रबंधन को लताड़ लगाई। वहीं, आपको बता दें कि पहले इन कार्यक्रमों को दिसंबर ओर जनवरी में किया जाता था। विधायक ने आगे से इस तरह की कोताही न बरतने की भी बात कही।

## जांच एजेंसियों के माध्यम से सरकार को कमजोर करने का किया जा रहा प्रयास : विक्कू

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक विवेक शर्मा विक्कू ने केंद्र सरकार पर हमलावार होते हुए कहा कि जब से हिमाचल प्रदेश में भाजपा का ऑपरेशन लोटस फेल हुआ है, तब से लगातार हिमाचल में जांच एजेंसियों के माध्यम से राज्य सरकार को कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है।



विवेक शर्मा ने कहा कि जब हिमाचल की जनता ने कांग्रेस पार्टी को बहुमत देकर राज्य की सत्ता प्रदान की है और दो वर्षों में प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू पूरी इमानदारी से हिमाचल की जनता की सेवा में लगे हैं, तो फिर केंद्र सरकार बार-बार जांच एजेंसियों को हिमाचल भेज कर लोकतंत्र की हत्या क्यों कर रही है।

शर्मा ने कहा कि हिमाचल भाजपा नेताओं द्वारा दिल्ली दरबार में ऑपरेशन लोटस की पटकथा लिखी थी और दिल्ली से ही ऑपरेशन लोटस की हवाई यात्रा शुरू हुई थी, लेकिन जब भाजपा का ऑपरेशन लोटस धराशाई हुआ तो अब राज्य के भाजपा नेता केंद्र सरकार की मदद से जांच एजेंसियों को हिमाचल भेज रहे हैं ताकि हिमाचल सरकार कमजोर हो।

उन्होंने कहा कि इतिहास में यह पहली बार हो रहा है कि भारत सरकार मदद करने की बजाए राजनीतिक द्वेष भाव से देवभूमि हिमाचल में सत्तासीन कांग्रेस सरकार की आर्थिक मदद करने की बजाए उसे जांच एजेंसियों के माध्यम से हर समय गिराने की फिराक में लगी हुई है।

मुख्यमंत्री सुक्खू अपने दो वर्ष के बेहतर ओर सुखद कार्यकाल में देश में लोकप्रिय नेता बनकर उभरे हैं और उनकी लोकप्रियता के चलते राज्य में 9 सीटों पर हुए उपचुनाव में छह सीटों पर जीत का परचम लहराया है और भाजपा के सपनों को चकनाचूर किया है। विवेक शर्मा ने कहा कि राज्य में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की बढ़ती लोकप्रियता से भाजपा में खलबली मची हुई है, तभी केंद्र सरकार बार-बार कभी ईडी, कभी सीबीआई तो कभी अन्य जांच एजेंसियों को हिमाचल भेजकर राज्य सरकार को बदनाम करने की साजिश रची जा रही है।



# सुल्तानपुर में पार्किंग निर्माण से खतरे में वॉटर टैंक का अस्तित्व

## वॉटर टैंक छह जगह से हो रहा लीक, बढ़ा खतरा, लोगों में दहशत, नगर परिषद की लापरवाही लोगों पर पड़ सकती है भारी

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू के सुल्तानपुर स्थित जल शक्ति विभाग के पानी के टैंक के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है।

यहां नगर परिषद कुल्लू दो मंजिला पार्किंग का निर्माण कर रही है। पार्किंग का निर्माण बीएसएनएल करवा रहा है। निर्माणाधीन इस पार्किंग के पीछे का हिस्सा पिछले काफी समय से धीरे-धीरे धंसने लगा है। लोगों को खतरा है कि इस पार्किंग के ठीक पीछे जल शक्ति विभाग का पानी का टैंक मौजूद है और यह वॉटर टैंक भी करीब छह जगह से लीक हो रहा है, जिससे खतरा और बढ़ गया है। ऐसे में जल्द कोई समाधान नहीं करवाया गया, तो कभी भी कोई हादसा पेश आ सकता है। यदि यह वॉटर टैंक इसी तरह लीक होता रहा, तो इसके धराशाही होने से सुल्तानपुर सहित अखाड़ा बाजार व ब्यासा मोड़ के बाशिंदों को नुकसान होगा। ऐसे में खतरे को भांपते हुए स्थानीय लोगों ने कई बार नगर परिषद, पार्किंग का निर्माण करवा रही एजेंसी व जलशक्ति विभाग को कई बार इसका कोई समाधान करने की मांग की, लेकिन किसी के भी कान में जूं तक नहीं रेंगी।





नगर परिषद कुल्लू की ओर से सुल्तानपुर में निर्माणाधीन पार्किंग के पीछे धंसती सड़क (दाएं) निर्माणाधीन पार्किंग के कारण वॉटर टैंक में हो रही लीकेज।

सुल्तानपुर के साथ लगते मठ क्षेत्र के राजीव शर्मा सहित अन्य स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माणाधीन पार्किंग के पीछे बने जल शक्ति विभाग के स्टोरेज टैंक से पानी का रिसाव होने लगा है। ऐसे में यह क्षेत्र के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इसके ठीक नीचे अखाड़ा बाजार बसा है। लिहाजा, वॉटर टैंक के रिसाव के चलते अब क्षेत्र के लोग भी दहशत में आ गए हैं।

जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं हुआ, तो काफी नुकसान हो सकता है। वॉटर टैंक लीक हो रहा है जो कभी भी तबाही मचा सकता है। लिहाजा, नगर परिषद की लापरवाही सुल्तानपुर व अखाड़ा बाजार के लोगों पर भारी पड़ सकती है। उधर, संभावित खतरे को देखते हुए लोग सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गए हैं और वॉटर टैंक की वीडियो भी वायरल हो रही है। वीरवार को सोशल मीडिया पर वॉटर टैंक की वीडियो वायरल होने के बाद जलशक्ति विभाग के ध्यान में भी मामला आया और अब शुक्रवार को टीम मौके का निरीक्षण करने जाएगी। भूस्खलन के खतरे को देखते हुए व वॉटर टैंक की लीकेज को लेकर जल शक्ति विभाग ने एक नोटिफिकेशन जारी की है, जिसमें अधिकारियों ने इस वाटर टैंक के निरीक्षण करने की बात की है। (अनंत ज्ञान)

### आज विभाग की टीम मौके का करेगी निरीक्षण

सुल्तानपुर के वार्ड नंबर-4 में चल रहे पार्किंग निर्माण के लिए ढलान की खतरनाक प्रकृति पर विचार किए बिना काटने के परिणामस्वरूप ही ढलान अस्थिर हो गई है। विभाग ने सुरक्षा के मद्देनजर नगर परिषद कुल्लू और पार्किंग का निर्माण करवा रही एजेंसी से बीएसएनएल से पत्राचार के माध्यम से नियमानुसार निर्माण करने का आग्रह किया था कि सड़क और वॉटर टैंक की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ढलान को स्थिर करने के लिए आवश्यक और कठोर प्रयास करें, लेकिन अभी तक इस बारे में कोई भी ठोस कार्रवाई नहीं हो पाई है। शुक्रवार को विभाग की टीम मौके का निरीक्षण करेगी, ताकि समस्या का समाधान हो सके। जल शक्ति विभाग लोगों की समस्या को हल करने के लिए हमेशा प्रयासरत है।

**अमित मिरुपा, अधिशाषी अभियंता लोनिवि कुल्लू।**

# राज्य स्तरीय रैंकिंग के लिए आनी कॉलेज का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, आनी**



राजकीय महाविद्यालय आनी की राज्य स्तरीय रैंकिंग के लिए क्लस्टर लेवल पर बनी कमेटी ने वीरवार को कॉलेज का निरीक्षण किया।

विभिन्न कॉलेजों की छह सदस्यों वाली एक सहकर्मी टीम ने शिक्षण, पाठ्यक्रम, अनुसंधान, मूल्यांकन, छात्र प्रगति, संस्थागत मूल्यों और सर्वोत्तम प्रथाओं के अलावा बुनियादी ढांचे की सुविधाओं सहित सात मानदंडों से संबंधित सभी आंकड़ों के भौतिक सत्यापन, मूल्यांकन और स्कोरिंग के लिए हरिपुर स्थित राजकीय महाविद्यालय आनी का दौरा किया। दल का नेतृत्व ठियोग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. भूपेंद्र ठाकुर ने किया और इसके सदस्यों में नेरवा कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एचएल शर्मा, सहायक प्रोफेसर डॉ. आदित्य दुल्टा और डॉ. विकास नाथन, डॉ. अनुपम वर्मा एवं अधीक्षक हरीश शामिल थे। आनी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह ने बताया कि यह दल आंकड़ों के भौतिक सत्यापन और हमारी उपलब्धियों पर दावा किए गए अंकों के सत्यापन के लिए आए थे। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया हिमाचल के सरकारी कॉलेजों की आंतरिक रैंकिंग के लिए थी, जो राज्य सरकार की राज्य में उच्च शिक्षा संस्थानों के मूल्यांकन की पहल के तहत थी। इस मूल्यांकन के आधार पर कॉलेजों को अंक प्रदान किए जाएंगे, जो रैंकिंग का आधार बनेंगे और कॉलेजों के लिए वित्तीय अनुदान या सहायता भी इसी रैंकिंग पर निर्भर करेगी। प्राचार्य डॉ. कुंवर दिनेश सिंह ने बताया कि कॉलेज के सभी प्राध्यापकों तथा गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने इस कार्य को पूरा करने और सभी आंकड़ों और किए गए कार्यों को निरीक्षण दल के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए कड़ी मेहनत की। उन्होंने कॉलेज स्टाफ के पूर्ण सहयोग की सराहना की और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। उन्होंने बताया कि अब वे नैक द्वारा निरीक्षण के लिए भी पूरी तरह तैयार हैं और इसके लिए प्रक्रिया बहुत जल्द शुरू की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### मलाणा में सड़क ही नहीं, अब राशन की भी दरकार

**कुल्लू।** कुल्लू की मणिकर्ण घाटी में मलाणा में डैम फटने से जहां पंचायत का संपर्क पूरी तरह से कट गया है, तो वहीं अभी तक सड़क भी मलाणा तक नहीं पहुंच पाई है। हालांकि ग्रामीणों को राहत देने के लिए स्पेन तो लगाया गया है, लेकिन राशन की समस्या लोगों को परेशान कर रही है। प्रदेश सरकार के झूठे वादों से तंग आकर ग्रामीणों ने अब लोक निर्माण विभाग मंत्री विक्रमादित्य के समक्ष गुहार लगाई है और मांग रखी है कि बर्फ और बारिश से पहले गांव में राशन की व्यवस्था की जाए नहीं तो उन्हें खासी दिक्कतों का सामना करना होगा। मलाणा गांव के ग्रामीण मोतीराम ने बताया कि सरकार ने कहा था कि यहां पर जल्द सड़क मार्ग बनाया जाएगा और राशन भी उचित मात्रा में पहुंचाया जाएगा, लेकिन आज पूरे इलाके में राशन को लेकर त्राहि मची हुई है और लोगों को जरी से खुद राशन लाना पड़ रहा है।

### मड़घन में मकान में लगी आग, एक लाख का नुकसान

**कुल्लू।** कुल्लू की लगघाटी के मड़घन गांव में आगजनी की घटना पेश आई है। जानकारी के अनुसार एक मकान में आग लगने से रसोईघर, एक कमरा व सामान जल गया। घटना में प्रभावित को करीब एक लाख रुपए का नुकसान हुआ है। अग्निशमन विभाग की टीम ने साथ लगती 40 लाख रुपए की संपत्ति को बचा लिया। यह घटना बिजली के शॉर्ट सर्किट से पेश आई। जानकारी के अनुसार मड़घन में सोनू राम पुत्र बुध राम के मकान में आग लग गई और लोगों ने आग पर काबू पाया इसी बीच अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। विभाग की टीम ने आग पर पूरी तरह से काबू पाकर साथ लगती संपत्ति को बचा लिया। फायर ऑफिसर प्रेम भारद्वाज ने घटना की पुष्टि की।

# 11 किमी लंबी खंडिप कूहल को समय पर बनाना लक्ष्य : अजय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

ई. अजय गुप्ता ने केलांग में अधिशाषी अभियंता का कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालने के बाद वह पत्रकारों से परिचित हुए। गुप्ता ने कहा कि 11 किमी लंबी खंडिप कूहल को समय पर बनाना उनका लक्ष्य रहेगा।



जल शक्ति विभाग में चल रहे सभी कार्यों को भी गति दी जाएगी और समय पर पूरा किया जाएगा। विधायक प्राथमिकता में डीपीआर बनाकर सभी कार्यों को पूरा करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। केलांग शहर को 24 घंटे पानी की आपूर्ति दी जाएगी। खंडिप कूहल की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इस कूहल के बन जाने से तांदी और वारपा पंचायत की लगभग 176 हेक्टेयर जमीन सिंचित होगी। इस क्षेत्र में सिंचाई के लिए पानी की समस्या नहीं होगी। उन्होंने बताया कि कूहल की लंबाई 11 किमी है। सर्दियों के कारण काम की गति धीमी हुई है, लेकिन आने वाले समर सीजन में काम युद्धस्तर पर किया जाएगा। वर्ष 1956 से क्षेत्र के ग्रामीण खंडिप कूहल का सपने संजोए बैठे हैं, जिसे 2025 में पूरा करने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। बीते वर्ष शुरू किए गए पहले चरण का काम 5220 मीटर का है। इसमें पहाड़ काटकर कूहल बनाई जा रही है, जो काफी कठिनाइयों भरा है। जलशक्ति विभाग लाहौल घाटी के लोगों को स्वच्छ जल मुहैया करवाने के हर संभव प्रयास करेगा।

# भागचंद ने एक लंबा जीवन देव समाज को दिया : पूर्ण ठाकुर

**पतलीकूहल।** ईश्वर महादेव प्लाइच के गुर भागचंद का आकस्मिक निधन हो गया है। देवी/देवता, गुर-चेला कल्याण सभा जिला कुल्लू ने देवता ईश्वर महादेव प्लाइच के गुर भागचंद के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

गुर देवता संघ के अध्यक्ष पूर्ण ने कहा कि इस घटना से पूरे देव समाज को क्षति पहुंची है। स्व. भागचंद की कमी कोई पूरी नहीं कर सकता। स्व. भागचंद 15 वर्ष की उम्र में गूर बने थे। 92 वर्ष की उम्र में उनका निधन हुआ है। भागचंद ने एक लंबा जीवन देव समाज को दिया है। जिले के समस्त गुर ने भागचंद के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया व उनकी आत्मा की शांति की कामना की।

# साइबर धोखाधड़ी से बचने, यातायात नियमों के पालना का पढ़ाया पाठ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

देश व प्रदेश में साइबर ठगी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में पुलिस की ओर से लोगों को इससे बचाव के बारे में समय-समय पर जागरूक किया जाता है।

वहीं यातायात नियमों की अवहेलना के कारण आए दिन जगह-जगह हादसे पेश आ रहे हैं। हालांकि पुलिस की ओर से लोगों से बार-बार यातायात नियमों की पालना करने की अपील की जाती है। वहीं, लाहौल-स्पीति पुलिस की ओर से एसपी मयंक चौधरी के निर्देशानुसार जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति जनता को साइबर ठगी से बचाव और यातायात नियमों बारे जागरूकता कार्यक्रम जिलेभर में आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में वीरवार को सलग्रां में पुलिस विभाग की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।



पुलिस ने सलग्रां पंचायत के लोगों को साइबर धोखाधड़ी व यातायात नियमों बारे किया जागरूक।

इस कार्यक्रम में पंचायत सलग्रां के सदस्य और स्थानीय लोगों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। इस मौके पर बीट पुलिस अधिकारी की ओर से लोगों को साइबर धोखाधड़ी के खतरों और यातायात नियमों का पालन करने के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने लोगों से जहां साइबर ठगी से बचने के बारे में टिप्स दिए। वहीं, यातायात नियमों की पालना करने की भी अपील की।

# बारिश न होने से देवताओं की शरण में पहुंचे लोग

**कुल्लू।** जिला कुल्लू में मौसम की बेरुखी के चलते लंबे समय से बारिश न होने से परेशान लोग अब देवताओं की शरण में पहुंच गए हैं। बारिश के लिए मंदिरों में पूजा-पाठ व हवन का दौर जारी है। जिले के कई मंदिरों में लोग बीते एक सप्ताह से पूजा-पाठ सहित भजन-कीर्तन कर अपने-अपने आराध्य देवताओं को खुश करने में लगे हुए हैं। बारिश न होने के चलते बल्ह पंचायत के तहत आने वाले शराच गांव में लोग शैला देवता के दरबार में पहुंचे। लोगों का कहना है कि जब तक बारिश नहीं होती, तब तक मंदिरों में पूजा-पाठ के कार्य में जुटे रहेंगे। इस बार बारिश न होने से किसान-बागवानों की फसलों को होने वाले नुकसान के चलते आर्थिकी की चिंता सत्ता रही है। बारिश न होने के चलते किसानों की फसलें बर्बाद होने की स्थिति में हैं। इससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं। किसानों की लहसुन सहित अन्य नकदी फसलें सूखने की कगार पर हैं। बारिश न होने के कारण किसानों गेहूं व मटर की बिजाई नहीं कर पाए हैं। बारिश न होने से जमीन में नमी बिलकुल खत्म हो चुकी है। क्षेत्र में सिंचाई के साधनों के अभाव में किसान मौसम पर निर्भर रहते हैं। शैला देवता के कारदार कालू राम ने बताया कि जिले में लंबे समय से बारिश नहीं हुई है। इसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वीरवार को लोग शैला देवता के दरबार में पहुंचे। मंदिर परिसर में लोगों के पहुंचने पर पहले देवता की पूजा-अर्चना की उसके बाद देवता से बारिश की गुहार लगाई। इस दौरान देवता ने गुर के माध्यम से भविष्यवाणी कर कहा कि लोग देव नियमों को भूल रहे हैं। देवता ने गुर के माध्यम से बताया कि जल्द ही जिले में बारिश होगी।

# पर्यावरण को बचाकर किसानों का किया जाएगा विकास : चंद्र कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

कृषि व पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार ने कहा कि पारिस्थितिकी (इकोलॉजी) और पर्यावरण को बचाकर प्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय क्षेत्रों के किसानों का विकास किया जाएगा। प्रो. चंद्र कुमार केलांग में कृषि और आत्मा परियोजना लाहौल-स्पीति द्वारा आयोजित किसान मेले की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। इससे पहले उन्होंने लाहौल-स्पीति के दालंग में एक करोड़ की लागत से बनने वाले कोल्ड स्टोर का शिलान्यास किया।

उन्होंने कारगा में बनने वाली सब्जी मंडी का शिलान्यास किया। इस सब्जी मंडी के लिए प्रथम चरण में 1.21 करोड़ मंजूर किए गए हैं। सब्जी मंडी के लिए दूसरे चरण में इसके लिए 2.50 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। लाहौल के किसान अन्य इलाकों के मुकाबले ज्यादा प्राकृतिक खेती कर रहे हैं। इससे उन्होंने पूरे देश में अलग पहचान बना ली है। प्रदेश सरकार किसानों द्वारा कृषि में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग कम करने के लिए जैविक खेती को अपनाने के लिए बढ़ावा दे रही है। जैविक खादों द्वारा तैयार उत्पादों का अलग मूल्य तय किया जा रहा है। गेहूं का 40 रुपए और मक्की का 30 रुपए प्रति किलो मूल्य तय किया गया है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश की मंडियों में प्राकृतिक खेती कर उगाई गई सब्जियों की बिक्री के लिए अलग से जगह प्रदान की जाएगी।



कृषि मंत्री लाहौल में कोल्ड स्टोर और सब्जी मंडी के शिलान्यास समारोह के दौरान।

विधायक अनुराधा ने कोल्ड स्टोर और सब्जी मंडी का शिलान्यास करने के लिए कृषि मंत्री का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कोल्ड स्टोर और सब्जी मंडी के बन जाने से यहां के किसान जरूर लाभान्वित होंगे। उन्होंने क्षेत्र की विभिन्न मांगों को भी मंत्री के सामने रखा। मेले में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आतमा), पशु पालन, कृषि विज्ञान केंद्र कुकुमसेरी, उद्यान, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और आयुष विभाग द्वारा विभागीय गतिविधियों को प्रदर्शित करने वाली प्रदर्शनियां भी लगाई गई थी, जिनका मंत्री द्वारा अवलोकन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष एपीएमसी कुल्लू व लाहौल-स्पीति राम सिंह मियां, जिला परिषद अध्यक्ष बीना देवी, यूथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुरेश कारदो आदि मौजूद रहे।

### रोहतांग टनल बनने से पारिस्थितिकी तंत्र में बदलाव

**लाहौल** में रोहतांग टनल बनने से पारिस्थितिकी तंत्र में बदलाव आया है। बर्फबारी कम होने लगी है। यहां अब भारी संख्या में गाड़ियां और पर्यटक आ रहे हैं। लाहौल को बचाने के लिए इन पर नियंत्रण करना आवश्यक हो गया है। उन्होंने स्थानीय विधायक अनुराधा राणा द्वारा उठाई गई मांगों पर कहा कि इन्हें जल्द पूरा किया जाएगा।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसान किए सम्मानित

**किसान** मेले में प्राकृतिक खेती में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसान ओम प्रकाश, राम लाल, मोती लाल, मूल राज, चेतन दोरजे, रनबीर सिंह, बलवीर सिंह, टाशी दावा, अशोक कुमार, तेनजिन नोरबू, तेनजिन शेराब बोध, राजेश, प्रेम लाल, तोग चंद और राजेंद्र कुमार को सम्मानित किया गया।

# कलवारी सड़क पर घूम रहा तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत

**अनंत ज्ञान, बंजार**

जिला कुल्लू में अब ऊपरी इलाकों में ठंड बढ़ने के चलते जानवर निचले इलाकों का रुख कर रहे हैं। वहीं, इससे निचले इलाकों में रहने वाले लोगों में भी दहशत फैल रही है। बीती रात के समय उपमंडल बंजार के कलवारी सड़क मार्ग पर एक तेंदुआ घूमता हुआ नजर आया।

स्थानीय लोगों के द्वारा तेंदुए को मोबाइल में कैद किया गया। वहीं, ग्रामीणों ने अब मांग रखी है कि वन विभाग इस तेंदुए को जल्द पिंजरे में कैद करे। ग्रामीण रोशन लाल, हेम सिंह, जीवन ठाकुर का कहना है कि बीती रात के समय जब कुछ लोग अपने घर की ओर आ रहे थे। सड़क पर यह तेंदुआ घूम रहा था। ऐसे में ग्रामीण इलाकों में इन दिनों घास काटने का भी सीजन चल हुआ है और लोग घास के लिए जंगलों का रुख कर रहे हैं। इस तरह से तेंदुआ के निचले इलाकों में आने से कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग रखी कि यहां पर जल्द एक पिंजरा लगाया जाए और तेंदुए को कैद कर उसे सुरक्षित जगह पर छोड़ा जाए, ताकि ग्रामीण अपने कृषि कार्यों को पूरा कर सके। वहीं, एसडीएम बंजार पंकज शर्मा ने बताया कि इस बारे वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किए जाएंगे और तेंदुए को पिंजरे में कैद कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा।

**ग्रामीणों ने वन विभाग से की पकड़ने की मांग**

**आयोजन** अटल सदन में युवा महोत्सव (ग्रुप-4) का दूसरा दिन नाटकों के नाम रहा

# 'डाक घर' और 'अमर धन' का जीवांत अभिनय









राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के तत्वावधान में आयोजित युवा महोत्सव (ग्रुप-4) के दूसरे दिन नाटकों का मंचन करते विभिन्न कॉलेजों के स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**


राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के तत्वाधान में आयोजित युवा महोत्सव (ग्रुप-4) का दूसरा दिन नाटकों के नाम रहा। अटल सदन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान राजकीय महाविद्यालय आनी के विद्यार्थियों ने जहां 'डाक घर' नाटक के माध्यम से कल्पना के गोते लगाने के लिए विवश कर दिया। वहीं, हमीरपुर कॉलेज के छात्रों ने 'अमर धन' का जीवांत अभिनय कर सौतेली मां के व्यवहार को प्रदर्शित किया। उच्चतर शिक्षा विभाग के सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक डॉ. नंदलाल शर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। आनी कॉलेज के विद्यार्थियों ने रविंद्र नाथ टैगोर द्वारा रचित नाटक 'डाक घर' प्रस्तुत किया। इस नाटक की कहानी एक छोटे से गांव से शुरू हुई और बीमार बच्चे के इर्दगिर्द घूमती रही। नाटक में अभिनय के माध्यम से बताया गया कि बीमारी के कारण बच्चा भले ही एक कमरे तक सिमटकर रह गया था, लेकिन उसकी कल्पनाएं बाहर की दुनिया तक फैली हुई थी। नाटक की शुरूआत खिड़की के पास बैठा बच्चा और गांव के लोगों के बीच संवाद के साथ हुई। यह संवाद मानव जीवन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर आधारित था। डाक घर नाटक में जीवन, मृत्यु और स्वतंत्रता को प्रदर्शित किया। राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के छात्रों ने अमर धन नाटक के माध्यम से राजस्थान के एक गांव की कहानी का जीवांत अभिनय किया। नाटक के माध्यम से बताया कि आशा कभी मरती नहीं है। अमर धन में सौतेली मां के व्यवहार से दो लड़कियों की अकाल मृत्यु की दास्तान बयां किया। राजकीय महाविद्यालय, बिलास के युवां कलाकारों ने इल्हाम नामक नाटक प्रस्तुत किया, जिसमें आधुनिक युग की सामजिक एवं मानसिक त्रासदी का दर्शाया गया था। राजकीय संस्कृत कॉलेज फागली के विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध लेखक राकेश मोहन की रचना 'अषाढ का एक दिन' का अभिनय किया, जो हिमाचली संस्कृति, परंपरा, रीति-रिवाज, भाषा और जीवन शैली पर केंद्रीत था। आरकेएमवी की छात्राओं ने 'ईक नादान का सपना' प्रस्तुत किया। युवा महोत्सव के दूसरे दिन सोलन, जोगिंदरनग्र, रोहड़ू, चौड़ा मैदान, पनारसा, नाहन और एचपीयू सांध्य कॉलेज के विद्यार्थियों ने अपने-अपने नाटक अभिनय किए। प्राचार्य डॉ. मनदीप शर्मा ने बताया कि युवा महोत्सव के दौरान वन एक्ट प्ले में 21, स्कीट में 25, माइम में 24 और मिमिकरी में 14 कालेजों के विद्यार्थी ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

# सुक्खू सरकार की नाकामी ने प्रदेश को किया शर्मसार : गोविंद ठाकुर

**सरकार का अपनी मित्र मंडली को फायदा पहुंचाने का खेल जारी**

**अनंत ज्ञान, मनाली**

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने मौजूदा सुक्खू सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह सरकार स्वयं तो अस्त-व्यस्त है ही, साथ ही हिमाचल की स्थिति को भी पूरी तरह से अव्यवस्थित कर चुकी है।



प्रदेश के इतिहास में ऐसे फैसले पहले कभी नहीं लिए गए, जिनसे जनता और विकास दोनों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा हो। हिमाचल पर्यटन विकास निगम के होटलों को उच्च न्यायालय द्वारा सफेद हाथी घोषित किया जाना मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की मंशा पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री इन होटलों को लीज पर देने की आड़ में अपने मित्र मंडली को फायदा पहुंचाने की साजिश रच रहे हैं। सरकार ने उच्च न्यायालय में पर्यटन विकास निगम का पक्ष मजबूती से नहीं रखा। यह सरकार की नीयत को दर्शाता है। प्रदेश की संपत्ति और धरोहर को इस तरह मित्र मंडली के हित में कुर्बान करना जनता के साथ अन्याय है। गोविंद ने उच्च न्यायालय द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वित्तीय लाभ प्रदान करने के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि सरकार की अक्षमता के कारण प्रदेश की छवि देश और दुनिया में खराब हो रही है। वहीं, गोविंद ने सेली हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्रोजेक्ट की अपफ्रंट मनी न जमा कर पाने के कारण हिमाचल भवन की कुर्की के उच्च न्यायालय के आदेशों पर सरकार की तीखी आलोचना की। उन्होंने सवाल उठाया कि सरकार 64 करोड़ रुपए समय पर जमा क्यों नहीं कर पाई।

उन्होंने इसे सरकार की निकम्मी कार्यशैली का नतीजा बताया और कहा कि जब सरकार अपने कर्तव्यों में असफल होती है, तब न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ता है। यह हिमाचल सरकार के लिए एक चेतावनी है। सीएम सुक्खू की उस टिप्पणी का भी जिक्र किया जिसमें उन्होंने कहा था कि हिमाचल के हालात श्रीलंका जैसे न हो जाएं। मौजूदा सरकार के फैसले प्रदेश को उसी दिशा में धकेल रहे हैं और यह सरकार जल्द अपने बोझ तले जाने वाली है।



## न्यूज ब्रीफ

### मुख को स्वच्छ व स्वस्थ रखने की दी जानकारी



**दाड़लाघाट।** तंबाकू मुक्त स्वस्थ्य विद्यालय कार्यक्रम के तहत अंबुजा फाउंडेशन दाड़लाघाट ने राजकीय उच्च विद्यालय कंसवाला में मौखिक जांच शिविर का आयोजन किया। सलाम मुंबई फाउंडेशन के तकनीकी मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में डॉ. कुलभूषण शर्मा ने मौखिक जांच शिविर में 53 से अधिक विद्यार्थियों का मौखिक जांच किया और उन्हें मुख को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। स्वस्थ्य कार्यक्रम समन्वयक अजीत कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य तंबाकू से संबंधित रोगों की पहचान करना और तंबाकू मुक्त स्वस्थ्य विद्यालय की परिकल्पना को बढ़ावा देना है। इसके लिए जनजागृति के माध्यमों से विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, ग्राम पंचायतों और सामाजिक विकास संस्थाओं को शामिल किया गया है। अंबुजा सीमेंट लिमिटेड के मुख्य निर्माण अधिकारी मुकेश सक्सेना ने कहा कि शैक्षणिक स्तर पर तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना बहुत जरूरी है। अंबुजा फाउंडेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक भूपेंद्र गांधी ने कहा कि स्वच्छ मुख से ही स्वस्थ जीवन की शुरुआत होती है। कार्यक्रम में कार्यवाहक मुख्य अध्यापक राजकीय उच्च विद्यालय कंसवाला विजय कुमार, सुमित्रा देवी, अध्यापिका पिंकी देवी आदि मौजूद रहे।

### नेरी कॉलेज ने जीती कीट विज्ञान प्रश्नोत्तरी



**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के कीट विज्ञान विभाग और कीट विज्ञान क्लब की ओर से आयोजित कीट विज्ञान क्विज में बागवानी और वानिकी महाविद्यालय, नेरी विजयी रहा। तीन विश्वविद्यालयों शूलिनी, इटरनल, बड़ू साहिब और नौणी विवि की छह टीमों ने क्विज में भाग लिया। प्रतियोगिता में चार राउंड शामिल थे, जिसमें कृषि कीट विज्ञान, वर्गीकरण, कीट अध्ययन का ऐतिहासिक विकास और कीट पहचान जैसे विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल थी। चुनौतीपूर्ण राउंड की एक श्रृंखला के बाद, बागवानी और वानिकी कॉलेज, नेरी की टीम ने उत्कृष्ट ज्ञान और त्वरित सजगता का प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। बागवानी कॉलेज, नौणी ने बागवानी एवं वानिकी कॉलेज, थुनाग को कड़ी प्रतिस्पर्धा में पछाड़ते हुए दूसरा स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के छात्रों और संकाय ने भाग लिया। बागवानी कॉलेज के डीन डॉ. मनीष कुमार ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और छात्रों को अकादमिक उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने, अंतर-विश्वविद्यालय संबंध बनाने और कीट विज्ञान के बारे में अपनी समझ का विस्तार करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने भविष्य की प्रतियोगिताओं में अन्य राज्य कृषि विश्वविद्यालयों से अधिक टीमों को आमंत्रित करने के महत्व पर जोर दिया। समारोह के समापन में छात्र कल्याण डीन डॉ. केके रैना ने छात्रों और शिक्षकों की कड़ी मेहनत और तैयारी की सराहना की। संकाय सदस्यों ने भी छात्रों के बीच वैज्ञानिक जिज्ञासा को बढ़ावा देने में ऐसे आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी प्रतिभागियों की सराहना की। क्विज का समापन एक पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जहां विजेता टीम को उनकी उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया।

# एमसी में खाली पड़े पदों को सरकार से नहीं मिली मंजूरी

## निगम का दर्जा तो मिला पर तकनीकी स्टाफ की संख्या परिषद से भी कम, 17 वार्डों में 60 हजार जनसंख्या

**आर मोहन चौहान, सोलन**

सरकार ने वर्ष-2020 में सोलन को नगर परिषद से अपग्रेड कर नगर निगम का दर्जा तो दिया पर तकनीकी स्टाफ, क्लेरिकल और सफाई कर्मचारियों के आवश्यक पद आज भी रिक्त पड़े हैं।

निगम बनने के बाद एमसी सोलन का कार्य बढ़ गया है, लेकिन पर्याप्त कर्मचारियों की कमी इसमें आड़े आ रही है। नगर निकाय आय के साधन जुटाने को फील्ड स्टाफ की मांग कर रहा है, लेकिन लगातार राज्य सरकार से इसकी मंजूरी नहीं मिल रही है। निगम ने अधिक पदों के सृजन के लिए अगस्त 2022 में सामान्य सदन में एक प्रस्ताव पारित किया था। 17 वार्डों वाले सोलन शहर की जनसंख्या करीब 60 हजार है, जबकि घरों की संख्या भी बढ़कर लगभग 14,000 हो गई है। काम में कई गुना वृद्धि के कारण प्रभावी सेवाओं के साथ-साथ आय के साधन जुटाने के लिए अधिक कर्मचारियों की आवश्यकता थी। पानी का बिल बकाया वसूलने के लिए नगर निगम के पास पर्याप्त संख्या में मीटर रीडर नहीं हैं। हालात यह हैं कि निगम का स्टेटस मिलने के बावजूद परिषद जितने कार्य भी नहीं हो रहे हैं। (अनंत ज्ञान)




नगर निगम सोलन का कार्यालय।

### 84 पद चल रहे रिक्त

**नगर** निगम में पहले 206 स्वीकृत पद सृजित थे, जिसमें से 56 रिक्त हैं। निगम बनने के बाद कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर 231 कर दी गई है पर अभी भी 84 पद रिक्त हैं। इसमें मुख्यता कार्यकारी अभियंता, स्वास्थ्य अधिकारी, टाउन प्लानर, योजना अधिकारी, सफाई निरीक्षक, मीटर रीडर, ड्राइवर, बेलदार आदि जैसे प्रमुख पद रिक्त होने से शहर की विकास गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। स्टाफ की कमी से पार्किंग स्थल, परिवहन नगर, फुटपाथ निर्माण की योजनाएं अधर में हैं।

### निगम के कार्य हो रहे लंबित



**नगर** निगम सोलन की मेयर उषा शर्मा का कहना है कि राज्य सरकार से रिक्त पदों को भरने की मांग की गई है। स्टाफ की कमी से निगम के कार्य लंबित हो रहे हैं। निगम में सबसे अधिक तकनीकी स्टाफ की मांग है।

### कई अहम पद खाली

**नगर** निगम सोलन में कई अहम पद खाली होने से विकास कार्यों सहित नक्शा पास, रिकवरी, डॉग स्टरलाइजेशन महत्वपूर्ण, पेंशन और ई-ऑफिस जैसे महत्वपूर्ण कार्य लंबित हो रहे हैं। निगम ने एक प्रस्ताव पास कर राज्य सरकार से तहसीलदार (वसूली), पशु चिकित्सा सार्वजनिक स्वास्थ्य अधिकारी, कंप्यूटर प्रोग्रामर, फोरमैन (इलेक्ट्रिक), सहायक सामाजिक विकास अधिकारी, सर्वेक्षक, पांच कनिष्ठ कार्यालय सहायकों के पद सृजित करने का आग्रह किया था। इसके अलावा दो सेनेटरी इंस्पेक्टर और चार चपरासी की भी मांग है। बावजूद इसके सरकार से पदों को भरने की मंजूरी नहीं मिल पाई है। कनिष्ठ अभियंताओं की कमी के कारण शहर में विकास कार्यों की डीपीआर, मकानों के नक्शे, पानी और सीवरेज के तकनीकी कार्य लंबित हो रहे हैं। हालात यह हैं कि निगम के तीन कनिष्ठ अभियंताओं के भरोसे शहर के 17 वार्ड हैं, जबकि मांग आठ कनिष्ठ अभियंताओं की है। लोगों को अपने कार्यों के लिए बार-बार कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर होना पड़ता है। सफाई निरीक्षकों और कर्मचारियों की कमी से भी शहर को सुंदर व स्वच्छ बनाना चुनौती बन चुका है।

### राष्ट्रीय स्तर पर खेलेगी देविका



**सोलन।** सोलन के सेंट ल्यूक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा देविका शर्मा ने कोलकाता में राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में हिमाचल का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित होकर गृहनगर को गौरवान्वित किया है। यह टूर्नामेंट 29 से 5 दिसंबर तक कोलकाता में आयोजित किया जाएगा।

शूलिनी विश्वविद्यालय में कानूनी अध्ययन के डीन डॉ. नंदन शर्मा और डॉ. गीतांजलि शर्मा की बेटी देविका शर्मा बचपन से ही बास्केटबॉल की शौकीन रही है। इन वर्षों में, उन्होंने कई इंटर-स्कूल, क्लस्टर और राज्य-स्तरीय कार्यक्रमों में अपने स्कूल का प्रतिनिधित्व करते हुए उल्लेखनीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। जिला बास्केटबॉल एसोसिएशन, सोलन द्वारा देविका का चयन एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है क्योंकि वह इस वर्ष राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली सेंट ल्यूक सीनियर सेकेंडरी स्कूल की एकमात्र लड़की बन गई है।

# चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पुलिस ने मॉल रोड सोलन स्थित रेडीमेट गारमेंट की दुकान से कपड़े और एक अन्य दुकान से दो आलू की बोरी चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। एसपी सोलन गौरव सिंह के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक आर्यन गुप्ता निवासी जौणाजी रोड सोलन तह. व जिला सोलन ने पुलिस थाना सोलन में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि इनकी मॉल रोड पर रेडीमेट गारमेंट्स की दुकान है।

इन्होंने लुधियाना से रेडीमेट कपड़े मगवाये थे तथा उक्त कपड़े का नग लेबर द्वारा दिनाक 19 को इनकी दुकान के बाहर छोड़ा था। प्रात: के समय जब यह दुकान पर आए, तो दुकान के बाहर रखा कपड़े का नग मौजूद न था, जब यह आसपास के सीसीटीवी चैक कर रहे थे, तो इसी दौरान पुराने डीसी कार्यालय के दुकानदार ने इन्हें बताया कि इसकी दुकान के बाहर रखी प्याज व आलू की दो बोरी भी चोरी हुई है,



जब इन्होंने सीसीटीवी चैक किए, तो पाया कि एक अल्टो कार नं. एचपी-03सी-9655 सपरून की तरफ से आई, जो सन्नी साइड को जाने वाले रोड के पास खड़ी हुई, जिसमें एक युवक, समीप की दुकान पर उतरा तथा उक्त युवक ने दुकान के बाहर रखी प्याज व आलू की दो बोरी उठाकर उक्त आल्टो कार में डाली दी। उसके बाद उक्त अल्टो कार मालरोड पर इसकी दुकान के पास रुकी तथा इसकी दुकान के बाहर रखे कपड़े के नग को उठाकर गाड़ी में डालकर चोरी करके ले गए। इन दोनों के चोरी हुए सामान की कीमत लगभग 35508 रुपए है, जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन में चोरी की धाराओं 303(2),3(5) के तहत मामला दर्ज किया गया। इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए थाना सोलन शहर व अन्य स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उक्त गाड़ी की तलाशी की गई और तलाशी के दौरान उक्त चोरी में सलिप्त दो आरोपियों गौरव निवासी लक्कड बाजार शिमला उम्र 30 वर्ष व धनपाल टांक पुत्र स्व. धनी राम निवासी लक्कड बाजार शिमला उम्र 30 वर्ष को सदर सोलन की पुलिस टीम द्वारा विक्ट्री टनल शिमला के पास से गिरफ्तार किया तथा चोरी हुए सामान में से 80 प्रतिशत सामान को इनके कब्जे से बरामद किया गया। वारदात में सलिप्त वाहन अल्टो कार नं. एचपी-03सी- 9655 को जब्त कर पुलिस ने कब्जे में ले लिया। मामले में जांच जारी है।

## भारतीय पूर्व सैनिक लीग के चुनाव 24 को

**अर्की।** भारतीय पूर्व सैनिक लीग हिमाचल प्रदेश की सोलन इकाई के चुनाव 24 नवंबर को कुनिहार में होंगे। भारतीय पूर्व लीग सोलन इकाई के अध्यक्ष मोहन लाल शर्मा ने कहा कि 24 नवंबर को होने वाले सोलन लीग के चुनाव पूर्ण रूप से स्वतंत्र होंगे, जिन्हें संपन्न करवाने के लिए कैप्टन रणधीर सिंह की अध्यक्षता वाली कमेटी गठित की गई है, जो लीग नियमों के अनुसार करवाएगी। जिले की सभी पंजीकृत इकाइयों को समान प्रतिनिधित्व दिया गया है तथा कोई भी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सचिव पद के लिए नामांकन दाखिल कर सकता है। उन्होंने बताया कि चुनाव को पारदर्शिता से करवाने के लिए राज्य लीग मुख्यालय द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक भी मौके पर उपस्थित रहेंगे।

# राजगढ़ में खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई, कई सैंपल लिए

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

राजगढ़ में खाद्य सुरक्षा विभाग ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक अभियान के तहत राजगढ़ शहर का औचक निरिक्षण किया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी सिरमौर (एफएसओ) प्रियंका कश्यप की अगुवाई में विभाग की टीम ने बाजार में आठ से दस दुकानों की जांच की और दो दुकानों से विभिन्न खाद्य पदार्थों के लगभग आधा दर्जन सैंपल लिए। प्रियंका कश्यप के अनुसार खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता है। बाजार से मिल रही शिकायतों और खाद्य पदार्थों में मिलावट की आशंकाओं को देखते हुए यह कार्रवाई की गई। सैंपल जांच के लिए प्रयोगशाला भेज दिए गए हैं। जांच के दौरान बाजार में

- आठ से दस दुकानों की जांच की और दो दुकानों से विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए

हलचल देखी गई, लेकिन अधिकांश दुकानदारों ने विभाग का पूरा सहयोग किया। प्रियंका कश्यप ने दुकानदारों से आग्रह किया कि वे सभी आवश्यक फूड लाइसेंस बनवाएं और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करें।

उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे निरीक्षण नियमित रूप से किए जाएंगे, ताकि बाजार में मिलावट खोरी पर अंकुश लगाया जा सके और उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद उपलब्ध हो सकें।

# क्षमतावान फसलों पर किसानों को दी जानकारी

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

पालमपुर स्थित चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविघालय द्वारा किन्नौर के विभिन्न स्थानों पर क्षमतावान फसलों के महत्व के ऊपर तीन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए।

भारत सरकार द्वारा समन्वित अनुसंधान तंत्र जनजातीय उपपरियोजना के तहत ओगला, फाफरा व चौलाई के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। इन शिविरों में पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय के प्रधान वैज्ञानिक, डॉ. गोपाल कतना जैविक कृषि एवं प्राकृतिक खेती विभाग, डॉ. रितेश गुप्ता, परियोजना निदेशक और डॉ. राजेंद्र चौधरी उपपरियोजना निदेशक, आत्मा, कृषि विभाग, रिकांगपिओ ने पंचायत सुंगरा, चगांव और सापनी के किसानों व बागवानों को विभिन्न कृषि उत्पादन सरंक्षण व पंजीकरण पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। डॉ. कतना ने बताया कि इन शिविरों में 200 से अधिक किसानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। (अनंत ज्ञान)



किन्नौर में क्षमतावान फसलों के महत्व पर प्रशिक्षण शिविर में मौजूद लोग।

# शिक्षा के साथ मूल्यों व संस्कारों की जानकारी आवश्यक : अवस्थी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि उचित शिक्षा, संस्कार एवं मूल्य ही युवाओं को परिपक्व बनाते हैं। संजय अवस्थी अर्की विधानसभा क्षेत्र की घड़याच स्कूल के वार्षिक समारोह को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने इससे पूर्व पंचायत शहरोल में 12 लाख रुपए की लागत से निर्मित पटवार वृत्त शहरोल का लोकार्पण किया। उन्होंने कुइरु नाला से बजोट-घडयाच सड़क मार्ग पर बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। संजय अवस्थी ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल उत्तीर्ण होना नहीं, बल्कि ज्ञान प्राप्त करना है। स्कूल में प्राप्त शिक्षा ही छात्रों के भविष्य का आधार है और शिक्षा ही आने वाले समय में एक उज्ज्वल भविष्य की नींव बनती है। बच्चों की शिक्षा तब पूरी होगी, जब शिक्षक छात्रों को पढ़ाई के साथ नैतिक मूल्यों का ज्ञान भी दें। युवा समाज को राह दिखाने का सशक्त माध्यम बन सकते हैं और युवाओं का उचित मार्गदर्शन हम सभी का दायित्व है। प्रदेश में शिक्षा को विश्वस्तरीय बनाने के उद्देश्य से प्रदेश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी राजकीय आदर्श डे-बोर्डिंग विद्यालय स्थापित करने की प्रक्रिया जारी है।

स्कूलों के माध्यम से छात्रों को एक ही स्थान पर गुणवत्तायुक्त शिक्षा एवं बेहतर खेल सुविधाएं प्राप्त हो सकेंगी।




संजय अवस्थी शहरोल में 12 लाख से निर्मित पटवार वृत्त शहरोल का लोकार्पण करते हुए।

### 22 लाख से बनेगा घड़याच स्कूल का अतिरिक्त भवन

**उन्होंने** घड़याच स्कूल के अतिरिक्त भवन के निर्माण के लिए 22 लाख देने की घोषणा की। उन्होंने औपचारिकताएं पूर्ण होने के उपरांत सामुदायिक भवन घड़याच के निर्माण के लिए 2 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने विद्यालय में पुस्तकालय भवन के निर्माण तथा दिओथल संपर्क मार्ग के कार्य को जल्द पूर्ण करवाने का आश्वासन दिया। संजय अवस्थी ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनी और इनके जल्द निपटारे के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार भी वितरित किए। उन्होंने आयोजन समिति को 21 हजार रुपए देने तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को 2100 रुपए देने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि विकास की विचारधारा ही आमजन की सोच है। सुविधा से वंचित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए यथासंभव प्रयास किए जा रहे हैं। अर्की में विकास की अनेक योजनाएं आरंभ की गई हैं। पिपलूघाट के समीप सवावा गांव से बाड़ीधार तक रोप-वे की स्थापना पर लगभग 150 करोड़ रुपए व्यय होंगे। इसकी शीघ्र ही विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनकर तैयार हो जाएगी। यह परियोजना रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगी और अर्की को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करेगी।

# क्योरटेक परिसर में 31वें रक्तदान में 111 ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बद्दी के निकटवर्ती काठा स्थित क्योरटेक ग्रुप द्वारा आयोजित अमित सिंगला सोशल वेलफेयर सोसायटी के अमित सिंगला की पुण्यतिथि पर 31वां रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें करीब 111 रक्तदानियों ने रक्तदान कर इस पुनीत कार्य में हिस्सा लिया।

शिविर का शुभारंभ क्योरटेक ग्रुप ऑफ कंपनीज के एमडी सुमित सिंगला ने किया। उन्होंने सभी रक्तदाताओं का आभार जताते हुए कहा कि ग्रुप द्वारा हर वर्ष कंपनी परिसर में कम से कम चार रक्तदान शिविर लगाए जाते हैं, जब भी किसी ब्लड बैंक में रक्त की आवश्यकता पड़ती है तो और रक्तदान शिविर भी लगा देते हैं। क्योरटेक फार्म्युलेशन और आईबीएन हर्ब्स जुड्डी कलां कंपनी के तमाम कामगारों और स्टाफ ने विशेष सहयोग दिया। शिविर में रोटरी एंड ब्लड बैंक सोसायटी रिसोसिस सेंटर सेक्टर 37 चंडीगढ़ की टीम ने डॉक्टर रोहली अग्रवाल के नेतृत्व में रक्त एकत्रित किया।

डॉ. रोहली अग्रवाल ने सभी आए हुए रक्तदानियों को रक्त के प्रति जागरूक किया और बताया कि जिन लोगों के शरीर में रक्त की कमी पाई, उन्हें आवश्यक सलाह दी तथा कहा कि मनुष्य को अपने रक्त के प्रति जागरूक होना जरूरी है। करीब चार दर्जन लोग रक्त की कमी या अन्य कारणों से वापस गए। शिविर में कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए।



अमित सिंगला की पुण्यतिथि पर क्योरटेक कंपनी में रक्तदान करते रक्तदाता और डॉक्टर रोहली अग्रवाल, सुमित सिंगला और अन्य।

### इन्होंने दिया रक्त

**शिविर** में रक्तदान करने वालो में प्रदीप धीमान, सुरेंद्र शर्मा, शांति गौतम, निशांत ठाकुर, अनुभव अग्रवाल, भगवान दास, हेमराज वशिष्ठ, सुनील कौंडल, मोहन सिंह, जीवन बंसल, सुरभि, अंशुल, ध्रुव, विजय कुमार, रोहित, करण लामा, रमेश कुमार, जगतार सिंह, सोहन लाल, श्यामजी वर्मा, राहुल, नेत्र पाल, श्रीराम राणा, प्रिंस, अरविंद कुमार, गुरनामसिंह, शिवेंद्र राज, चंदन सिंह, सुमित सिंगला, मान सिंह, हुस्न चंद, मुकेश सैनी, यशपाल, मनोज, कुलदीप सिंह, सचिन, मोहनसिंह, निशांत गुप्ता, ज्वाला पांडे, राहुल, अमरजीत,आदर्श, प्रवीण कुमार, अमनदीप, हैप्पी, मुकेश शर्मा, मोहित शर्मा, मुस्तफा, संदीप कुमार आदि ने रक्तदान किया।

# स्वयंसेवियों ने मायापुरी धाम छमकड़ी मंदिर पाठशाला परिसर में कार्य कर जीता दिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शिक्षा खंड पट्टा महलोग के अंतर्गत, राजकीय वरिष्ठ वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोयला का राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर में पाठशाला के वरिष्ठ प्रवक्ता लायक राम ठाकुर ने बताया कि शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवियों ने मायापुरी धाम छमकड़ी मंदिर, राजकीय प्राथमिक व माध्यमिक पाठशाला छमकड़ी के परिसर की साफ-सफाई की।

इसके उपरांत चरण गुप्ता ने स्वयंसेवियों के कार्य से प्रसन्न होकर उनको फल, मिठाई व नमकीन व चायपान करवाया, बौद्धिक सत्र में विमल शर्मा ने स्वयंसेवियों के जीवन के लिए कॉउंसलिंग की व नैतिक मूल्यों पर विस्तार से रोशनी डाली। शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवियों ने गोयला से सुआ पैदल मार्ग पर व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गोयला, बस स्टैंड, माता मनसा देवी परिसर बड्डुल गोयला व पंचायत भवन में झाड़ी कटान व साफ-सफाई की, उसके उपरांत स्वयंसेवियों ने कुछ समय पाठशाला परिसर को संवारने के लिए दिया। संध्या में स्वयंसेवियों ने रोजाना की तरह संकीर्तन किया।



एनएसएस के सात दिवसीय शिविर में सफाई अभियान चलाते गोयला स्कूल के स्वयंसेवी।

# डगशाई स्कूल में मनाया एनसीसी दिवस, 50 कैडेट्स ने किया मार्च पास्ट



**अनंत ज्ञान, सोलन**

सीनियर सेकेंडरी स्कूल डगशाई में प्रिंसिपल कमल किशोर की अध्यक्षता में एनसीसी दिवस मनाया गया।

इस दौरान करीब 50 कैडेट्स ने मार्च पास्ट की। इसके अलावा कैडेट्स ने शपथ, एनसीसी सांग और लोगो प्रदर्शन में बढ़-चढ़ कर हिसा लिया। इस दौरान एनसीसी हेड अनीता ठाकुर के मार्गदर्शन से अन्य गतिविधियों भी हुईं। प्रिंसिपल कमल किशोर ने सभी को एनसीसी दिवस की बधाई दी।

**इंतजार** शुष्क ठंड की चपेट में आया किन्नौर, बीमारियों का बढ़ा खतरा, ग्रामीण इलाकों में पीने के पानी के जल स्रोत जमने लगे

# मलिंग नाला जाम, सूखे की मार से बागवान और किसान परेशान

**अनिल नेगी, रिकांगपिओ**

किन्नौर जिले में नवंबर माह शुष्क ठंड की चपेट में आया है। ऐसे में जिले के ऊंचाई वाले क्षेत्रों के सभी नदी-नाले ठंड के कारण जमने लगे हैं और जिले में शुष्क ठंड लोगों को घर पर दुबकने पर मजबूर कर रही है।

लंबे समय से बागवानों व किसानों को बारिश का इंतजार है क्योंकि जिले में लंबे समय से सूखे की मार झेल रहे किसान त्राहि माम कर रहे हैं। जिले में सेब, मटर व अन्य फसलों के सीजन समाप्त होते ही खेतों को नमी की खासी आवश्यकता होती है, लेकिन बारिश न होने के कारण खेतों से उड़ती धूल बागवानों व किसानों के चेहरों की खुशी छीन रही है। जिले के सबसे ऊंचे मलिंग नाले में नवंबर माह में अधिक शुष्क ठंड के कारण नाला पूरी तरह जाम हुआ है और नाले में बहने वाला पानी शीशे में तब्दील हो गया है, जिस कारण मौके पर वाहनों के टायर भी फिसल रहे हैं। वही, जिले के छितकुल, रकछम, कल्पा, आसरंग, लिप्पा हांगरंग घाटी के सभी ग्रामीण इलाकों में पीने के पानी के जल स्रोत भी जमने लगे हैं, जिस कारण लोगों को पीने के पानी की समस्याएं शुरू हुई हैं और अधिक ठंड के कारण लोग घर से बाहर निकलते हुए गर्म वस्त्रों का प्रयोग कर रहे हैं। जिले में सूखे की मार और शुष्क ठंड से लोगों को दिक्कतें पेश आने के साथ-साथ कई प्रकार के वायरल बीमारियों का शिकार होने का खतरा भी बढ़ा है।

प्रशासन की ओर से डीसी किन्नौर ने जिले के ऊंचे पहाड़ों के तालाब, छोटे-बड़े नाले जमने व बर्फबारी के खतरे को देखते हुए पहाड़ों पर ट्रैकिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है, जिसको लेकर हालही में एक आदेश भी डीसी किन्नौर की तरफ से जारी किए गए हैं, ताकि पहाड़ों पर ट्रैकिंग के दौरान किसी के जान-माल का नुकसान न हो।

सूखे की मार झेल रहे बागवानों व किसानों के अलावा जंगलों में आगजनी का खतरा भी बढ़ा है। ऐसे में वन विभाग ने भी लोगों को सूखाग्रस्त जंगलों व खेतों में आगजनी की घटना को अंजाम देने से परहेज करने का आग्रह किया है, ताकि जंगलों की संपदा को जलने से बचाया जा सके। (अनंत ज्ञान)



शुष्क ठंड से मलिंग नाले में बहने वाला पानी शीशे में तब्दील।

### प्रशासन आपदाओं से निपटने के लिए तैयार

**डीसी** किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने बताया कि जिले में विंटर सीजन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां की हैं और प्रशासन आपदाओं से निपटने के लिए भी तैयार है। साथ ही साथ उन्होंने पर्यटकों को जिले के पहाड़ों पर ट्रैकिंग न करने का आग्रह किया। लोगों को जंगलों में आगजनी की घटना को अंजाम देने से परहेज करने का आग्रह किया है।

## न्यूज ब्रीफ


### जांबियन छात्र ने पुलिस लॉकअप में दी जान

**मोहाली।** चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जहां एक जांबियन छात्र ने अपनी तंजानियाई बैचमेट की हत्या के बाद पुलिस लॉकअप में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, तंजानियाई छात्रा नूरू मारी की हत्या उसके बैचमेट 24 वर्षीय जांबियन छात्र सैवियर चिकोपेला ने की थी। हत्या के बाद आरोपी को मोहाली के खरड़ स्थित सनी एन्क्लेव पुलिस चौकी में हिरासत में रखा गया था। बुधवार रात पुलिस लॉकअप में सैवियर ने कथित तौर पर नायलॉन की पतली रस्सी का इस्तेमाल कर लॉकअप की सलाखों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने बताया कि रात करीब 12:10 बजे उसे खरड़ के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने इस मामले में अभी तक कोई विस्तृत जानकारी साझा नहीं की है। घटना के बाद वीरवार सुबह पुलिस चौकी के गेट बंद रखे गए, जिससे मीडिया और आम जनता को अंदर जाने से रोका गया।



### उपचुनाव : 63.91 प्रतिशत हुआ मतदान

**चंडीगढ़।** पंजाब की चार विधानसभा सीटों के लिए बुधवार को हुए उपचुनाव में करीब 63.91 प्रतिशत मतदान हुआ, जिसमें गिद्दड़बाहा सीट पर सबसे अधिक 81.90 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। राज्य की गिद्ददड़बाहा, डेरा बाबा नानक, चब्बेवाल (आरक्षित) और बरनाला विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनाव के लिए बुधवार को मतदान हुआ। मौजूदा विधायकों के लोकसभा के लिए चुने जाने के बाद इन सीटों पर उपचुनाव आवश्यक हो गया था। अधिकारियों के अनुसार इन चार विधानसभा क्षेत्रों में कुल 6.96 लाख मतदाता हैं, जिनमें से 2.15 लाख महिलाओं समेत 4.45 लाख मतदाताओं ने मतदान किया। उन्होंने बताया कि गिद्दड़बाहा में 81.90 प्रतिशत, डेरा बाबा में 64.01 प्रतिशत, बरनाला में 56.34 प्रतिशत और चब्बेवाल में 53.43 प्रतिशत मतदान हुआ।



### हरियाणा में सुशासन पुरस्कार योजना शुरू

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने एक पुरस्कार योजना शुरू की है जिसका उद्देश्य उन कर्मचारियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत कर शासन में उत्कृष्टता को बढ़ावा देना है जिनके अभिनव कार्य और असाधारण प्रयास राज्य भर में बेहतर शासन में योगदान करेंगे। आधिकारिक बयान के अनुसार, सरकार ने 'हरियाणा सुशासन पुरस्कार योजना 2024' को अधिसूचित कर दिया है। इस आशय की अधिसूचना बुधवार को मुख्य सचिव विवेक जोशी द्वारा जारी की गई। बयान में कहा गया कि यह योजना राज्य के सभी सरकारी विभागों, बोर्ड, निगमों और सार्वजनिक क्षेत्र उप मों के कर्मचारियों के लिए लागू होगी। इन पुरस्कारों में एक ट्रॉफी और हरियाणा के मुख्य सचिव द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र शामिल होगा, जिसे संबंधित प्रशासनिक सचिव के माध्यम से प्रत्येक सम्मानित कर्मचारी के सेवा रिकॉर्ड में जोड़ा जाएगा। इसके अतिरिक्त , प्रत्येक प्रमुख योजना के लिए 51,000 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### दुष्कर्म के प्रयास में दक्षिण सूडान का छात्र गिरफ्तार

**देहरादून।** देहरादून पुलिस ने यहां पढ़ाई कर रही एक विदेशी छात्रा के साथ दुष्कर्म की कोशिश के आरोप में दक्षिण सूडान के रहने वाले एक छात्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को यहां बताया कि आरोपी मूसा उर्फ मोजेज लाडू जेम्स (24) को यहां क्लेमेंटाउन क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि 15 नवंबर को दिल्ली पुलिस के माध्यम से थाना क्लेमेंटाउन को एक शून्य प्राथमिकी प्राप्त हुई थी। उनके मुताबिक, इस प्राथमिकी में देहरादून के एक शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत विदेशी छात्रा ने उसके साथ पढ़ाई करने वाले मूसा पर दुष्कर्म का प्रयास करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने बताया कि शून्य प्राथमिकी मिलते ही थाना क्लेमेंटाउन में मूसा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया और कार्रवाई शुरू की गई।



### केजरीवाल के आवास के बाहर भाजपा का प्रदर्शन



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने वीरवार को आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के खिलाफ प्रदर्शन किया और आरोप लगाया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के तौर पर उनके द्वारा पहले इस्तेमाल किए गए आधिकारिक बंगले के नवीनीकरण में 'अत्यधिक आलीशान वस्तुओं' का इस्तेमाल किया गया।

### उत्तर कोरिया-रूस आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर सहमत

**सियोल।** उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग में उच्च स्तरीय वार्ता के बाद उत्तर कोरिया और रूस आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर सहमत हो गए हैं। उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने उत्तर कोरिया के वरिष्ठ व्यापार अधिकारियों और रूस के प्राकृतिक संसाधन एवं पारिस्थितिकी मंत्री एलेक्जेंडर कोजलोव के नेतृत्व वाले रूसी प्रतिनिधिमंडल के बीच हस्ताक्षरित समझौते के बारे में विस्तार से नहीं बताया।

### मिजोरम में 86 करोड़ की हेरोइन सहित दो गिरफ्तार

**आइजोल।** असम राइफल्स ने मिजोरम पुलिस के साथ मिलकर चंफाई जिले में दो अलग-अलग अभियानों में 86 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य की प्रतिबंधित 'मेथामेफ्टामाइन' गोलियां और हेरोइन जब्त की तथा एक अभियान में म्यांमार के दो नागरिकों को गिरफ्तार किया है। सुरक्षाबलों को भारत-म्यांमार सीमा पर तियाउ नदी के पार मादक पदार्थ की एक संदिग्ध खेप ले जाए जाने के बारे में सूचना मिली थी, जिसके बाद असम राइफल्स और राज्य पुलिस की एक संयुक्त टीम ने बुधवार को एक गांव में अभियान शुरू किया।



### के. संजय मूर्ति ने ली कैग पद की शपथ



**नई दिल्ली।** पूर्व उच्च शिक्षा सचिव के. संजय मूर्ति को वीरवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) के रूप में शपथ दिलाई। हिमाचल प्रदेश काडर के 1989 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी मूर्ति, गिरीश चंद्र मुर्मू का स्थान लेंगे।

### मंत्री साजी की टिप्पणी पर जांच के आदेश

**कोच्चि।** केरल की हाईकोर्ट ने मंत्री साजी चेरियन की संविधान का अपमान करने वाली कथित टिप्पणी की जांच के आदेश दिए। हाईकोर्ट ने पुलिस की अंतिम रिपोर्ट को खारिज कर दिया, जिसमें मंत्री को क्लीन चिट दी गई थी। साथ ही कोर्ट ने मजिस्ट्रेट अदालत के आदेश को भी खारिज कर दिया, जिसमें पुलिस की अंतिम रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया गया था। कोर्ट ने कहा कि शुरुआती जांच में कमियां पाई गईं। जांच जल्दबाजी में पूरी की गई। ऐसे में पुलिस की अपराध शाखा इसकी फिर से जांच करे।

# अमृतसर से हेरोइन के साथ पांच नशा तस्कर गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से 32 बोर का देसी पिस्तौल, एक मैगजीन और चार कारतूस बरामद

**एजेंसी, चंडीगढ़**

अमृतसर पुलिस ने अलग-अलग मामलों में पांच नशा तस्कर गिरफ्तार किए हैं, जिनमें एक आरोपी अंतरराष्ट्रीय हेरोइन तस्कर भी है। पुलिस जिला अमृतसर देहाती की तरफ से लगातार अपराधियों और नशा तस्करों के खिलाफ अभियान जारी है। पुलिस ने गांव बल लंबे दरिया से फरेको मसीह पुत्र लाली मसीह और अर्ष मसीह निवासी गांव कुरालिया को गिरफ्तार किया है।

पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 32 बोर का देसी पिस्तौल, एक मैगजीन और चार कारतूस बरामद किए गए हैं। आरोपियों के तार हथियारों की अवैध तौर पर तस्करी करने वाले गिरोह के साथ जुड़े हुए हैं। थाना रमदास में केस दर्ज कर पूछताछ जारी है। इस मामले में और भी कई खुलासे होने की संभावना है।

पकड़ा गया हथियार तस्कर फरेको मसीह के खिलाफ पहले अमृतसर सिटी के थाना मजीठा रोड में वाहन चोरी का केस



दर्ज है। जेल में उसकी मुलाकात अपराधियों के साथ हुई और जेल से बाहर आते ही हथियारों का तस्कर बन गया। एसएसपी अमृतसर देहाती चरणजीत सिंह ने बताया कि उनकी टीम ने सूचना के अधिकार पर अलग-अलग गांव में नाशक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की है।

इसी तरह थाना लोपोके पुलिस ने सूचना के आधार पर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्कर मलकीत सिंह निवासी गांव बच्चीविंड और बलजिंदर सिंह उर्फ तोता निवासी गांव मक्खनपुरा से 2 किलो हेरोइन बरामद की गई है।

एक अन्य मामले में थाना लोपोके पुलिस द्वारा गुरभेज सिंह निवासी गांव कक्कड़ कलां को गिरफ्तार किया है। आरोपी अंतरराष्ट्रीय हेरोइन तस्कर है। पाकिस्तान से हेरोइन मंगवाकर सप्लाई करता है। उसके कब्जे से 3 किलो हेरोइन, दो मोबाइल बरामद किए गए हैं।

बरामद किए गए मोबाइल से नशा तस्करी में शामिल भारत और पाकिस्तान के कई तस्करों का खुलासा हो सकता है। थाना घरिंडा की पुलिस ने भी तस्कर जगरूप सिंह उर्फ साजन निवासी गांव धन्नोए कला नजदीक अटारी बॉर्डर को गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान एक किलो 498 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। एसएसपी चरणजीत सिंह के अनुसार पुलिस द्वारा पकड़े तस्कर बलजिंदर सिंह उर्फ तोता के खिलाफ एक साल पहले थाना रोपड़ में नशा तस्करी का केस दर्ज है।

गुरभेज सिंह के खिलाफ स्पेशल टास्क फोर्स के मोहाली स्थित थाने में 2 साल पहले नशा तस्करी का केस दर्ज किया गया था। इसके अलावा हथियार तस्कर फरेको मसीह के खिलाफ भी एक केस दर्ज है।

# जैन भगवती दीक्षा महोत्सव में पहुंचे सीएम भगवंत सिंह मान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान वीरवार को मोहाली के डेराबस्सी के मुबारिकपुर में आयोजित जैन भगवती दीक्षा महोत्सव में पहुंचे थे। यह कार्यक्रम जैन समुदाय की तरफ से आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में सीएम मान ने कहा कि राज्य सरकार महान गुरुओं, संतों, ऋषियों, पैगंबरों और शहीदों के दिखाए मार्ग का अनुसरण करते हुए जनता के कल्याण और राज्य के विकास के लिए कार्य कर रही है। इस कार्यक्रम में पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और उनकी पत्नी भी मौजूद रहीं।



मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब के गर्वनर गुलाब चंद काटिया ने जब से प्रदेश के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक का कार्यभार संभाला है, तब से प्रदेश में बहुत अच्छी तरह से सरकार चल रही है और चंडीगढ़ प्रशासन भी चल रहा है। राज्यपाल काफी तजुर्बे वाले इंसान हैं। इसलिए वह वह डिसिजन मेकर भी हैं और उनके पास बहुत अनुभव है। क्योंकि राज्यपाल मंत्री रहे हैं, एमपी और एमएलए भी रहे हैं। सीएम मान ने कहा कि राज्यपाल के तजुर्बे का मुझे भी फायदा मिल रहा है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि राज्य का मुखिया होने के नाते वह सभी निवासियों के हितों की रक्षा करना अपना कर्तव्य समझते हैं। पंजाब एक पवित्र और धन्य भूमि है, जहां सभी धर्मों, भाषाओं और वर्गों के लोग शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से रहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें इस भूमि की सेवा के लिए जनता का अपार समर्थन मिला है और इस पवित्र कार्य में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है।

## मत्स्य पालन में उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार




**अनंत ज्ञान, देहरादून**

उत्तराखंड में मत्स्य पालन के क्षेत्र में किए गए अभिनव प्रयोगों के लिए राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड हैदराबाद की ओर से, उत्तराखंड को हिमायली और उत्तर पूर्व के राज्यों की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार प्रदान किया गया है।

गुरुवार को विश्व मत्स्य पालन दिवस पर नई दिल्ली में आयोजित समारोह में केंद्रीय मत्स्य, पशुपालन, डेयरी, पंचायतीराज राज्यमंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन सिंह द्वारा, उत्तराखंड के सचिव पशुपालन, मत्स्य विभाग डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम को यह पुरस्कार सौंपा गया। उत्तराखंड मत्स्य पालन विभाग ट्राउट फार्मिंग के लिए राज्य में 1400 से अधिक ट्राउट रेसवेज का निर्माण कर चुका है, साथ ही मत्स्य सम्पदा योजना के तहत उधमसिंह नगर में राज्य स्तरीय एक्वापार्क और एक होल सेल मार्केट का भी निर्माण किया जा चुका है।

## एमसी टैक्स को बढ़ाएगा नगर निगम चंडीगढ़

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ वासियों को बिजली के दाम बढ़ने का दूसरा झटका लग सकता है। बिजली के बिल में लगने वाले एमसी टैक्स को नगर निगम बढ़ाने जा रहा है। प्रस्ताव के अनुसार हर यूनिट पर लगने वाले 10 पैसे एमसी टैक्स को नगर निगम 16 पैसे करने जा रहा है। यह 60 फीसदी की बढ़ोतरी है। 23 नवंबर को सदन की बैठक में एमसी टैक्स की बढ़ोतरी का प्रस्ताव लाया जाएगा।

अगर पार्षद इसे पास करते हैं तो एक साल में दूसरी बार बिजली का बिल लोगों का बढ़ जाएगा, क्योंकि एक अगस्त से बिजली विभाग ने भी अधिकतम 16 फीसदी तक दाम बढ़ाए हैं। शहर के लोगों के घरों में जो बिजली का बिल आता है, उसमें प्रति यूनिट 10 पैसा एमसी टैक्स लगता है।

## सौंग बांध विस्थापितों को शीघ्र उपलब्ध कराई जाए भूमि : धामी

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सौंग बांध पेयजल परियोजना पर कार्य शुरू करने के लिए विस्थापन की कार्यवाही जल्द की जाए। जिन प्रभावित परिवारों को विस्थापित किया जाना उनकी यथासंभव सहमति के आधार पर शीघ्र भूमि उपलब्ध कराई जाए जिन परिवारों को विस्थापन किया जाएगा, उनके लिए सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

प्रभावित परिवारों से बातचीत कर सहमति के आधार पर सामुदायिक भवन, मंदिर, सड़क एवं अन्य कोई निर्माण करने की आवश्यकता हो तो किए जाएं।



जमरानी बांध परियोजना पर कार्यों में और तेजी लाने के भी मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए।

सौंग बांध पेयजल परियोजना से देहरादून शहर की लगभग 11 लाख आबादी को प्रतिदिन 150 एमएलडी पेयजल की आपूर्ति होगी, जिससे भू-जल स्तर में भी सुधार होगा। बांध के डाउनस्ट्रीम में स्थित 10 गांवों की लगभग 15 हजार आबादी की बाढ़ से सुरक्षा भी होगी। बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, सचिव शैलेश बगोली, विनय शंकर पाण्डेय, एसएन पाण्डेय, डॉ. आर. राजेश कुमार, प्रमुख वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन, अपर सचिव रणवीर सिंह चौहान, ललित मोहन रयाल, सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर जयपाल सिंह एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# देश-विदेश

## संघर्षों के समाधान के लिए शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के बौद्ध सिद्धांतों को अपनाना जरूरी : राजनाथ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वीरवार को लाओस में क्षेत्रीय सुरक्षा सम्मेलन में कहा कि दुनिया को अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के समक्ष जारी संघर्षों और चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए बौद्ध सिद्धांतों को अपनाना चाहिए। उन्होंने सम्मेलन में चीन के डोंग जून सहित कई देशों के उनके समकक्षों की उपस्थिति में कहा कि भारत ने जटिल अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के समाधान के लिए हमेशा से संवाद की वकालत की है और सीमा विवादों से लेकर व्यापार समझौतों तक, अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों की एक विस्तृत श्रृंखला को लेकर अपना दृष्टिकोण जाहिर किया है। रक्षा मंत्री ने लाओस की राजधानी विएंतियान में 10 देशों के संगठन आसियान समूह और उसके कुछ वार्ता साझेदारों के सम्मेलन में ये टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि विश्व तेजी से गुटों और खेमों में बंटता जा रहा है, जिससे स्थापित विश्व व्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है, इसलिए समय आ गया है कि शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के बौद्ध सिद्धांतों को सभी लोग और अधिक गहराई से अपनाएं।



## महाकुंभ मेले में लगेंगी 485 डिजाइनर स्ट्रीट लाइटें

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अगले वर्ष जनवरी में आयोजित महाकुंभ मेले में आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अद्भुत अनुभव प्रदान करने के लिए पूरे मेला क्षेत्र को आठ करोड़ रुपए की लागत से 485 डिजाइनर स्ट्रीट लाइट से सजाया जा रहा है। अधीक्षण अभियंता महाकुंभ मनोज गुप्ता ने बताया कि उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की इस पहल से संगम जाने वाली हर प्रमुख सड़क पर ये अलौकिक पोल और लाइटें श्रद्धालुओं का स्वागत करती नजर आएंगी। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में लाल सड़क, काली सड़क, त्रिवेणी मार्ग और परेड के सभी मुख्य मार्गों को आकर्षक सजावटी लाइटों से रोशन किया जा रहा है।

## रूस ने यूक्रेन में पहली बार दागीं बैलिस्टिक मिसाइलें

**एजेंसी, कीव**

**रूस** ने पहली बार यूक्रेन पर इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) से हमला किया है। आईसीबीएम5,500 किलोमीटर से ज्यादा की रेंज तक हमला कर सकती है। इसे खासकर न्यूक्लियर हथियार लांच करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

यूक्रेन एयरफोर्स ने वीरवार को हमले की पुष्टि की। यह हमला यूक्रेन के रूस पर ब्रिटिश और अमेरिकी मिसाइलों से हमले के बाद किया गया है। बुधवार को यूक्रेन ने रूस पर ब्रिटिश मिसाइल स्टॉर्म शैडो क्रूज से हमला किया था। एक रूसी सैनिक ने ऑनलाइन दावा किया कि कम से कम 12 मिसाइलें कुर्स्क इलाके में दागी गईं। इससे पहले मंगलवार को यूक्रेन ने अमेरिकी लंबी दूरी की एटीएसीएमएस बैलिस्टिक मिसाइल से रूस पर हमला किया गया था। इसके बाद से ही कयास लगाए जा रहे थे कि यूक्रेन ब्रिटिश मिसाइलों का भी इस्तेमाल कर सकता है।



## जमानत मिलने के कुछ घंटों बाद इमरान खान विरोध-प्रदर्शन मामले में गिरफ्तार

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में जमानत मिलने के कुछ ही घंटों बाद विरोध प्रदर्शन के सिलसिले में गिरफ्तार कर लिया गया।

इस गिरफ्तारी से खान के रिहा होने की संभावना समाप्त हो गई है।



इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने बुधवार को खान को तोशाखाना से जुड़े दूसरे मामले में जमानत दे दी थी, जिसके बाद उनकी रिहाई की उम्मीदें बढ़ गई थीं। यह मामला महंगे बुलगारी आभूषण सेट को बहुत कम कीमत पर खरीदने से जुड़ा हुआ है।

## ओडिशा में मुठभेड़ में माओवादी ढेर

**मलकानगिरि (ओडिशा)।** ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा के निकट जिनेलिगुडा जंगल में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ में एक माओवादी को मार गिराया गया और एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभियान के दौरान दो माओवादियों को भी गिरफ्तार किया गया।

## अलीगढ़ में यमुना एक्सप्रेस-वे पर बस-ट्रक की टक्कर, पांच लोगों की मौत, 16 जख्मी

**एजेंसी, अलीगढ़ (उप्र)**

**उत्तर** प्रदेश के अलीगढ़ में यमुना एक्सप्रेस-वे पर एक निजी बस और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि 16 अन्य घायल हो गए।

टप्पल थाने के प्रभारी निरीक्षक शिशुपाल वर्मा ने बताया कि 20/21 नवंबर की बुधवार रात एक बजे दिल्ली से आजमगढ़ जा रही एक डबल डेकर बस की टप्पल क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस:वे पर एक ट्रक से टक्कर हो गई। इस भीषण हादसे में 21 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए थे, जिनमें से पांच की मौत हो गई।



## सेंसेक्स 422 अंक गिरकर 77,155 पर बंद

### अडानी एंटरप्राइजेज का शेयर 23 फीसदी गिरा, निफ्टी में 168 अंक की गिरावट

**एजेंसी, मुंबई**

**शेयर** बाजार में वीरवार को गिरावट देखने को मिली है। सेंसेक्स 422 अंक की गिरावट के साथ 77,155 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 168 अंक की गिरावट रही, यह 23,349 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में गिरावट और 10 में तेजी देखने को मिली है।

एफएमसीजी और ऑटो शेयर्स में ज्यादा गिरावट है। अडानी एंटरप्राइजेज का शेयर 23.44 फीसदी की गिरावट के साथ निफ्टी का टॉप लूजर रहा। वहीं आईटी शेयर्स में आज बढ़त है। एशियाई बाजार में जापान के निक्कई में 0.85 फीसदी और कोरिया के कोस्पी में 0.06 फीसदी की गिरावट रही। वहीं, चीन के शंघाई कम्पोजिट में 0.07 फीसदी की तेजी देखने को मिली है। 20 नवंबर को अमेरिका का डाओ जोंस 0.32 फीसदी चढ़कर 43,408 पर बंद हुआ। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के आईपीओ का दूसरा दिन है। पहले दिन यानी 19 नवंबर को टोटल 0.36 गुना सब्सक्राइब हुआ है। रिटेल कैटेगरी में यह आईपीओ 1.47 गुना, क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स कैटगरी में 0 गुना और नॉन-इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स कैटगरी में 0.17 गुना सब्सक्राइब हो चुका है।




## ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष और इसरो एजेंसी में समझौता

**बेंगलुरु।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अंतरिक्ष गतिविधियों में सहयोग को और मजबूत बनाने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने ऑस्ट्रेलियाई अंतरिक्ष एजेंसी (एएसए) के साथ एक 'इंप्लीमेंटेशन एग्रीमेंट' (आईए) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत दोनों अंतरिक्ष एजेंसियों के बीच गगनयान मिशन के लिए चालक दल और चालक दल (क्रू) 'मॉड्यूल' वापसी पर सहयोग संभव होगा। गगनयान देश का पहला मानव मिशन है। इसरो मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र के निदेशक डीके सिंह और कैनबरा में एएसए की तरफ से स्पेस कैपेबिलिटी ब्रांच के महाप्रबंधक जारोड पॉवेल ने हस्ताक्षर किए।

## दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 400 के पार



**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली**-एनसीआर में वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर ने एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में (सीपीसीबी) के मुताबिक, वीरवार सुबह 7:15 बजे तक राजधानी दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 389 पर बना हुआ था, जो कि गंभीर श्रेणी में आता है। दिल्ली के 12 इलाकों में एक्यूआई 400 से ऊपर पहुंच चुका है, जो बेहद गंभीर श्रेणी में आता है। अलीपुर में 408, आनंद विहार में 405, अशोक विहार में 414, बवाना में 418, द्वारका सेक्टर 8 में 401, जहांगीरपुरी में 435, मुंडका में 413, नेहरू नगर में 411, पंजाबी बाग में 407, रोहिणी में 407, शादीपुर में 412 और वजीरपुर में 436 है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम ने जीत के साथ किया 'मिशन लॉस एंजल्स' का आगाज

**एजेंसी, राजगीर ( बिहार )**

पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाने के गम को भुलाते हुए भारत की युवा और पहले से फिट महिला हॉकी टीम ने एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी खिताब बरकरार रखकर 'मिशन 2028 लॉस एंजल्स' अभियान का आगाज किया।

भारत की पुरूष जूनियर टीम को लखनऊ में 2016 में विश्व कप जिता चुके अनुभवी कोच हरेंद्र सिंह और इस टीम के लिए यह नई शुरूआत है। अप्रैल में टीम के साथ फिर जुड़ने के बाद से हरेंद्र का एक ही लक्ष्य है लॉस एंजल्स ओलंपिक 2028 के लिये क्वालीफाई करना।

उनका मानना था कि एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर विश्व कप 2026 और ओलंपिक 2028 की तैयारियों की सही शुरूआत की जा सकती है। चीन पर फाइनल में 1–0 से मिली जीत के बाद कप्तान सलीमा टेटे ने कहा ,'' मुझे पूरा विश्वास है कि इस जीत से अधिक से अधिक लड़कियों को हॉकी खेलने की प्रेरणा मिलेगी। मुझे खुशी है कि हम अपने देश को और प्रशंसकों को इस जीत का तोहफा दे सके।''

हरेंद्र का फोकस भारतीय टीम की फिटनेस का स्तर सुधारने पर रहा है और इस टूर्नामेंट में उसकी बानगी भी देखने को मिली कि खिलाड़ियों ने वाकई इस पर काफी मेहनत की है। कप्तान सलीमा ने कहा ,'' हम इस जीत का जश्न मना रहे हैं, लेकिन हमारे लक्ष्य दीर्घकालिन है। हमें रोज कड़ी मेहनत करनी है और हर टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। हम भारत का परचम हर टूर्नामेंट में लहराना चाहते हैं।''

भारतीय टीम ने टूर्नामेंट में सभी सात मैच जीते। सबसे अच्छी बात दोनों फ्लैंक से आपसी तालमेल रही है। रक्षापंक्ति ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिर्फ दो गोल गंवाए जबकि भारत ने टूर्नामेंट में 29 गोल किए, जिसमें से 15 फील्ड गोल थे।


एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के साथ भारतीय महिला हॉकी टीम।

इस टूर्नामेंट से कई सितारों का जन्म हुआ, जिनमें 20 वर्ष की युवा स्ट्राइकर दीपिका शामिल है। दीपिका ने 11 गोल किए, जिसमें चार फील्ड गोल थे। संगीता कुमारी ने चार, प्रीति दुबे, नवनीत कौर और लालरेम्सियामी ने 3–3 गोल दागे। सत्रह वर्ष की सुनेलिता टोप्पो ने शानदार ड्रिबलिंग और फ्लैंक से दौड़ते हुए विरोधी डिफेंस को तहस नहस कर डाला ।

उदिता, सुशीला चानू, ज्योति और नेहा गोयल ने दमदार प्रदर्शन किया। गोलकीपर सविता पूनिया और बिछू देवी खारीबम को ज्यादा मेहनत करनी ही नहीं पड़ी, लेकिन टीम के प्रदर्शन की एक कमजोर कड़ी पेनल्टी कॉर्नर रही। भारत को हर मैच में बेशुमार पेनल्टी कॉर्नर मिले, लेकिन तब्दीली की दर बहुत कम रही। जापान के खिलाफ सेमीफाइनल में 16 पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए लिहाजा इस पर मेहनत करनी होगी।

भारतीय महिला हॉकी के नए युग का सूत्रपात 12 से 26 जनवरी तक रांची में होने वाली चार टीमों की पहली महिला हॉकी लीग के जरिए होने वाला है। उससे ठीक पहले इस खिताबी जीत से देश में खेल को अच्छा प्रचार मिला है ।

### प्रत्येक सदस्य को 10 लाख का पुरस्कार

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को भारतीय महिला हॉकी टीम को एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी (एसीटी) जीतने पर बधाई दी और टीम की प्रत्येक खिलाड़ी को 10 लाख रुपए का नकद पुरस्कार देने की घोषणा की।

एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार भारतीय महिला हॉकी टीम की सभी खिलाड़ियों और मुख्य कोच को 10-10 लाख रुपए का नकद पुरस्कार मिलेगा जबकि सहयोगी स्टाफ को पांच-पांच लाख रुपए मिलेंगे।

भारतीय महिला हॉकी टीम ने बुधवार को राजगीर में फाइनल में मौजूदा ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन को 1-0 से हराकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती।

## स्पोर्ट्स विंडो

### कप्तानी को एक पद नहीं, जिम्मेदारी के रूप में देखता हूं : जसप्रीत बुमराह


**पर्थ।** जसप्रीत बुमराह को हमेशा से जिम्मेदारी लेना और चुनौतियों का सामना करना पसंद है और यही वजह है कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में भारतीय टीम की कप्तानी को लेकर वह रोमांचित हैं । इंग्लैंड के खिलाफ 2022 के एडबस्टन टेस्ट के बाद वह दूसरी बार रोहित शर्मा की गैर मौजूदगी में कप्तान होंगे । उन्होंने पहले टेस्ट से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' मैं कप्तानी को एक पद के तौर पर नहीं देखता । मुझे हमेशा से जिम्मेदारियां उठाना पसंद रहा है ।'' उन्होंने कहा ,'' मैं बचपन से कठिन काम करने का शौकीन रहा हूं । कठिन हालात में काम करना मुझे पसंद है और यह एक नयी चुनौती है ।'' उन्हें पता है कि यह जिम्मेदारी एक टेस्ट के लिए ही है लेकिन इससे इनकार नहीं है कि वह भविष्य में कप्तानी करना चाहेंगे ।

### भारत के खिलाफ सीरीज पर बोले कमिंस-यह बेहद प्रतिस्पर्धी होगी

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने कहा कि चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी काफी प्रतिस्पर्धी होने वाली है क्योंकि क्रिकेट के दोनों दिग्गज चार की बजाय पांच टेस्ट मैच खेलेंगे। उनका यह भी मानना है कि यह सीरीज इतनी बड़ी है कि खिलाड़ियों का ध्यान जेद्दा में रविवार को होने वाली आईपीएल की मेगा नीलामी पर नहीं होगा। ऑस्ट्रेलिया की नजरें पिछली दो सीरीज में मिली हार का बदला चुकता करने पर लगी होंगी। कमिंस ने पहले मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,''बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी हमेशा से काफी चुनौतीपूर्ण होती है। पांच टेस्ट मैचों की सीरीज तो और भी प्रतिस्पर्धी होगी।''

### नासरा संधू की खूबसूरती के फैंस दिवाने

**नई दिल्ली ।** पाकिस्तानी महिला क्रिकेट टीम से नासरा संधू वह नाम है, जिसे देखने के लिए फैन्स उत्सुक रहते हैं। संधू पाकिस्तान क्रिकेट टीम की सबसे खूबसूरत महिला खिलाड़ी हैं। 26 साल की संधू दाएं हाथ से बल्लेबाजी करती हैं और बाएं हाथ से लेफ्ट आर्म ऑर्थोडॉक्स गेंदबाजी करती हैं।



### एरिगेसी की गुकेश को सलाह स्वयं को प्रबल दावेदार मत समझो

**नई दिल्ली।** ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने विश्व चैंपियनशिप के हमवतन भारतीय प्रतिद्वंद्वी डी गुकेश को चीन के डिंग लिरेन के



खिलाफ होने वाले मुकाबले से पहले सलाह देते हुए कहा कि सिर्फ अपनी तैयारी पर ध्यान दो और खिताबी मुकाबले में उतरते हुए स्वयं को प्रबल दावेदार मत समझो। सिंगापुर में 25 नवंबर से होने वाली विश्व चैंपियनशिप से पहले लिरेन प्रभावी प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं, जिससे गुकेश को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। हालांकि एरिगेसी का मानना है कि अगर लिरेन अपनी क्षमता के अनुरूप खेलते हैं तो यह कड़ा मुकाबला होगा।

### आईपीएल में दाम घटने के संजय मांजरेकर के बयान पर भड़के शमी

**नई दिल्ली।** मोहम्मद शमी ने पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर संजय मांजरेकर को इस बयान के लिए आड़े हाथों लिया है कि इंडियन



प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मेगा नीलामी में भारत के इस तेज गेंदबाज पर ज्यादा बोली नहीं लगेगी। आईपीएल में 2013 में पदार्पण के बाद से शमी ने 110 मैचों में 127 विकेट लिए हैं। उन्होंने टखने की चोट के कारण सर्जरी के बाद करीब एक साल में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में हाल ही में वापसी की है। शमी को मेगा नीलामी से पहले गुजरात टाइटंस ने रिलीज कर दिया। नीलामी में उनका बेस प्राइज दो करोड़ रुपए है। शमी ने इंस्टाग्राम पर लिखा ,'' बाबा की जय हो। थोड़ा सा ज्ञान अपने फ्यूचर के लिएभी बचा लो, काम आएगा संजय जी। किसी को फ्यूचर जानना हो तो सर से मिले।'' मांजरेकर ने कहा था कि शमी के लिए कई टीमें बोली लगा सकती है, लेकिन उन्हें नहीं लगता कि टीमों के बीच उनके लिए जोर आजमाइश होगी।

## पर्थ टेस्ट

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट आज से

# वाका में टीम इंडिया के सामने कठिन चुनौती

**एजेंसी, पर्थ**

अपनी धरती पर न्यूजीलैंड के हाथों टेस्ट सीरीज में सफाए के बाद भारी दबाव का सामना कर रही भारतीय क्रिकेट टीम शुक्रवार से यहां शुरू हो रही पांच टेस्ट मैचों की बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के पहले मैच में जब ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी तो यह मुकाबला खराब फॉर्म से जूझ रहे बल्लेबाजों का भी होगा।

भारत ने 2018–19 और 2020–21 दौरों पर ऑस्ट्रेलिया को हराया, लेकिन जिस तरह से हाल ही में न्यूजीलैंड ने भारत को उसकी धरती पर टेस्ट सीरीज में 3– 0 से हराया, इससे भारतीय टीम का मनोबल जरूर गिरा होगा।

असलियत यह भी है कि भारतीय टीम के आधार रहे कुछ सितारे अपने कैरियर के आखिरी पड़ाव पर हैं। पैट कमिंस के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज उनके भावी कैरियर की दशा और दिशा तय करेगी। भारत का न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले रिकॉर्ड तीसरी बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में प्रवेश लगभग तय लग रहा था, लेकिन अब मंजिल काफी दूर नजर आ रही है। भारत को इसके लिए ऑस्ट्रेलिया को हर हालत में 4–0 से हराना होगा। यह उतना ही मुश्किल लग रहा है जैसे भारतीय फुटबॉल टीम का फीफा के दोस्ताना मैच में ब्राजील या अर्जेंटीना को हराना। वैसे मौजूदा टीम को करीब से जानने वालों को पता है कि यह टीम दबाव में भी किस तरह वापसी कर सकती है। टीम की क्षमता पर जब भी सवाल उठे हैं, इसने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर दिखाया है। दूसरी ओर आस्ट्रेलिया पिछले पांच साल में भारत से मिली करारी हार का बदला चुकता करने के लिए तैयार है ।



बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी के साथ पोज देते ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस और भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह।

पहले मैच में उसके सामने भारत के नियमित कप्तान (रोहित शर्मा), रिवर्स स्विंग के महारथी (मोहम्मद शमी) और भावी कप्तान (शुभमन गिल) नहीं होंगे। रोहित पिता बनने के कारण पहले टेस्ट से बाहर हैं जबकि शमी पूरी तरह से फिट नहीं हैं और गिल के अंगूठे में फ्रैक्चर है।

विराट कोहली, रोहित शर्मा और आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन कैरियर के उस मुकाम पर हैं जहां खराब प्रदर्शन भारी पड़ सकता है। भारत के शीर्ष छह बल्लेबाजों में से तीन ने ऑस्ट्रेलिया में कभी नहीं खेला है और दो के पास चार मैचों का ही टेस्ट अनुभव है।

### आमने–सामने

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच टेस्ट इतिहास में अब तक 107 मुकाबले खेले जा चुके हैं। इन मैचों में 45 बार ऑस्ट्रेलियाई टीम को जीत हासिल हुई है, जबकि 32 बार भारत ने सफलता हासिल की। एक मैच टाई रहा और 29 मैच ड्रॉ भी रहे।

**मैच : सुबह 7 : 50 बजे से**

### संभावित टीमें

**भारत।** जसप्रीत बुमराह ( कप्तान , यशस्वी जायसवाल, लोकेश राहुल, देवदत्त पड्डिकल, विराट कोहली, ऋषभ पंत, ध्रूव जुरेल, रवींद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, नीतिश कुमार रेड्डी, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, हर्षित राणा, प्रसिद्ध कृष्णा, अभिमन्यु ईश्वरन, वॉशिंगटन सुंदर में से।

**ऑस्ट्रेलिया :** पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिशेल मार्श, नाथन मैकस्वीनी, स्टीवन स्मिथ, मिशेल स्टार्क में से।

### एडीलेड में रोहित की वापसी से व्यवधान की संभावना : पोंटिंग

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज रिकी पोंटिंग ने बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी में मेजबान टीम की 3–1 से जीत की अपनी भविष्यवाणी को दोहराते हुए कहा कि एडीलेड टेस्ट में कप्तान रोहित शर्मा की भारतीय टीम में वापसी से व्यवधान की संभावना है।



रोहित पिता बनने के कारण पहले टेस्ट से बाहर है, जिसमें तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह कप्तानी करेंगे। पोंटिंग ने कहा ,'' मेरा मानना है कि उनके अभियान में और व्यवधान की संभावना है जब रोहित शर्मा दूसरे टेस्ट से लौटेगा। मैं अभी भी कहता हूं कि ऑस्ट्रेलिया 3 . 1 से जीतेगा।''

उन्होंने कहा ,'' मार्नस लाबुशेन और स्टीवन स्मिथ को रन बनाने होंगे। ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी बहुत अच्छी है लिहाजा मैं अपनी भविष्यवाणी पर कायम हूं ।''

दूसरा टेस्ट छह दिसंबर से शुरू होगा जो दिन रात का मैच होगा। पोंटिंग का मानना है कि न्यूजीलैंड से घरेलू सीरीज में मिली हार के बावजूद भारतीय टीम काफी संतुलित है।

## पीवी सिंधू चीन मास्टर्स से बाहर

**एजेंसी, शेनझेन ( चीन )**

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अभियान थम गया, जब उन्हें गुरुवार को यहां महिला एकल के दूसरे दौर में सिंगापुर की यिओ जिया मिन के खिलाफ कड़े मुकाबले में शिकस्त झेलनी पड़ी। पहले दौर में अपने से बेहतर रैंकिंग वाली बुसानन ओंगबैमरुंगफान को हराने वाली दुनिया की 19वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू को दूसरे दौर में जिया मिन को कड़ी चुनौती देने के बावजूद एक घंटे नौ मिनट में 16–21, 21–17, 21–23 से हार का सामना करना पड़ा।



महिला एकल में अनुपमा उपाध्याय और मालविका बंसोड़ को भी एकतरफा मुकाबलों में हार मिली। अनुपमा को जापान की नात्सुकी निदाइरा के खिलाफ 7–21, 14–21 से हार का सामना करना पड़ा जबकि मालविका को 8वीं वरीय थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग के खिलाफ 9–21, 9–21 से शिकस्त मिली।

त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी के पास भी ल्यू शेंग शू और टेन निंग की चीन की दूसरी वरीय महिला युगल जोड़ी का कोई जवाब नहीं था।

## कबड्डी में मौवीसरी स्कूल प्रथम, गोहर दूसरे स्थान पर रहा

**अनंत ज्ञान, गोहर**

उपमंडल स्तरीय रेडक्रॉस मेले के आयोजन पर गोहर स्कूल में दो दिवसीय खेल प्रतियोगिताओं का वीरवार को समापन हुआ। 'नशा मुक्त गोहर–स्वस्थ गोहर' की थीम पर आधारित खेल प्रतियोगिताओं में बैडमिंटन, वॉलीबॉल, कबड्डी के के मुकाबले खेले गए

लड़कियों के वर्ग में बैडमिंटन में बस्सी स्कूल प्रथम व चच्योट स्कूल दूसरे स्थान पर रहा। वॉलीबॉल में बस्सी स्कूल प्रथम व चैलचौक स्कूल दूसरे स्थान पर रहा और कबड्डी में बस्सी स्कूल प्रथम व गोहर स्कूल दूसरे स्थान पर रहा। लड़कों के वर्ग में बस्सी स्कूल, चच्योट स्कूल, गोहर स्कूल, चैलचौक स्कूल, डीएवी स्कूल, ट्रिनिटी स्कूल व मौवीसेरी स्कूल के छात्रों ने भाग लिया।


खेल प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी में अपनी प्रतिभा दिखाते हुए खिलाड़ी

लड़कों के वर्ग में बैडमिंटन में गोहर स्कूल प्रथम स्थान, ट्रिनिटी स्कूल दूसरे स्थान पर रहा। वॉलीबॉल में मौवीसरी स्कूल प्रथम स्थान पर व चच्योट स्कूल दूसरे स्थान पर रहा। कबड्डी में मौवीसरी स्कूल प्रथम स्थान पर और गोहर स्कूल दूसरे स्थान पर रहा।

एसडीएम गोहर लक्ष्मण कनेट ने बताया कि खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय स्थान पर आने वाली टीमों को 25 नवंबर को रेडक्रॉस मेला के आयोजन के दिन खयोड़ मेला मैदान में सम्मानित किया जाएगा।

## क्रिकेट

### 2018–19 में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीतने वाली पहली एशियाई टीम बनी थी

# भारत ने 1947 में दी ऑस्ट्रेलिया को पहली चुनौती

**एजेंसी, पर्थ**

भारतीय टीम 1947 से ऑस्ट्रेलिया का दौरा करती आ रही है और दोनों टीमों के बीच क्रिकेट के मैदान पर रोमांचक मुकाबले देखने को मिले हैं। भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरों पर एक नजर:–

**1. 1947–48 : ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज 4–0 से जीती**

भारतीय टीम ने आजादी मिलने के करीब चार महीने बाद ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया। उस ऑस्ट्रेलियाई टीम में सर डोनाल्ड ब्रैडमेन (178.75 की औसत से 715 रन) और तेज गेंदबाज रे लिंडवाल (18 विकेट) थे। भारत के लिए विजय हजारे ने सर्वाधिक 429 रन बनाए।

**2. 1967–68 : ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज 4–0 से जीती**

एम एल जयसिम्हा के 101 रन की मदद से भारतीय टीम ब्रिसबेन में 394 रन के लक्ष्य के करीब पहुंच गई थी, लेकिन 35 रन से हार गई। मंसूर अली खान पटौदी की कप्तानी वाली टीम का प्रदर्शन औसत रहा।

**3. 1977–78 : ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज 3–2 से जीती**

भारत ने मेलबोर्न और सिडनी में तीसरा और चौथा टेस्ट जीता। एडीलेड में 493 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मोहिंदर अमरनाथ, गुंडप्पा विश्वनाथ, दिलीप वेंगसरकर और सैयद किरमानी ने शतक जमाया, लेकिन टीम 47 रन से हार गई।


विराट की कप्तानी में जीती ट्रॉफी (फाइल फोटो)।

**4. 1980–81: तीन मैचों की सीरीज 1– 1 से ड्रॉ**

कपिल देव के पांच विकेट और विश्वनाथ के शतक से भारत ने ऑस्ट्रेलिया को मेलबोर्न में तीसरे टेस्ट में हराकर सीरीज ड्रॉ कराई।

**5. 1985–86: तीन मैचों की सीरीज 0–0 से ड्रॉ**

इस सीरीज में सुनील गावस्कर (352 रन) ने सर्वाधिक रन बनाए। भारत का न्यूनतम स्कोर 445 रन था।

**6.1991–92: ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की सीरीज 4–0 से जीती**

**युवा** सचिन तेंदुलकर ने पर्थ में शतक लगाया, लेकिन एलेन बॉर्डर की कप्तानी वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम ने सीरीज आसानी से जीती। पहली बार दुनिया ने महान लेग स्पिनर शेन वॉर्न की गेंदबाजी की झलक देखी।

**7. 1999–2000: ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज 3–0 से जीती**

भारतीय टीम छह पारियों में 300 के पार भी नहीं जा सकी। ग्लेन मैकग्रा ने 18 विकेट लिए।

**8. 2003–04: चार मैचों की सीरीज 1–1 से ड्रॉ**

भारत ने एडीलेड में दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर 1–0 की बढ़त बनाई। अजित अगरकर और राहुल द्रविड़ का शानदार प्रदर्शन। ऑस्ट्रेलिया ने एमसीजी पर दूसरा टेस्ट नौ विकेट से जीतकर बराबरी की।

**9. 2007–08: ऑस्ट्रेलिया ने चार मैचों की सीरीज 2–1 से जीती**

सिडनी टेस्ट में स्टीव बकनर की अंपायरिंग त्रुटियों और हरभजन सिंह तथा एंड्रयू साइमंड्स के बीच 'मंकीगेट' विवाद के बाद भारत ने जज्बात से भरे पर्थ टेस्ट में जीत दर्ज की।

**10. 2011-12 : ऑस्ट्रेलिया ने चार मैचों की सीरीज 4-0 से जीती**

महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में भारतीय टीम में कई उम्रदराज खिलाड़ी थे। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के लिए आतंक का पर्याय रहे द्रविड़ और वीवीएस लक्ष्मण की यह आखिरी सीरीज थी।

**11. 2014–15 : ऑस्ट्रेलिया ने चार मैचों की सीरीज 2–0 से जीती**

धोनी ने मेलबोर्न में तीसरा टेस्ट ड्रॉ रहने के बाद टेस्ट कप्तानी छोड़ दी। विराट कोहली सिडनी में कप्तान बने और बतौर कप्तान पहली ही पारी में 147 रन बनाए।

**12. 2018–19 : भारत ने चार मैचों की सीरीज 2–1 से जीती**

कोहली और कोच रवि शास्त्री के साथ भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज जीतने वाली पहली एशियाई टीम बनी। भारत ने एडीलेड और मेलबोर्न में टेस्ट जीते।

**13. 2020–21 : भारत ने चार मैचों की सीरीज 2–1 से जीती**

भारतीय टीम एडीलेड में अपने न्यूनतम स्कोर 36 रन पर आउट हो गई। इसके बाद मेलबोर्न और ब्रिसबेन में टीम को नया नायक पंत के रूप में मिला जबकि पुजारा और अश्विन ने भी शानदार प्रदर्शन किया।

### अमनदीप और जैस्मीन ने संयुक्त बढ़त हासिल की

**हैदराबाद।** भारतीय गोल्फर अमनदीप द्राल ने गुरुवार को यहां हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर (डब्ल्यूपीजीटी) के 15वें और अंतिम चरण के लगातार दूसरे दिन दो अंडर 70 का कार्ड खेलकर संयुक्त बढ़त बनाई।



इस सत्र में एक खिताब जीतने वाली अमनदीप ने अपने अंतिम 10 होल में पार का स्कोर बनाया। पहले चार होल में वह दो बोगी कर बैठी, लेकिन 5वें से 8वें होल के बीच तीन बर्डी से वह 70 का कार्ड बनाने में कामयाब रहीं। इससे दो दिन में उनका कुल स्कोर चार अंडर 140 हो गया है। जैस्मीन शेखर ने एक अंडर 71 का कार्ड खेला जिससे वह चार अंडर 140 के कुल स्कोर से अमनदीप के साथ संयुक्त बढ़त बनाए है।

जैस्मीन ने पहले तीन होल में दो बोगी की। उन्होंने दूसरे दौर में चार बर्डी लगाई और तीन बोगी की। स्नेहा सिंह (71) और नयनिका सांगा (73) संयुक्त तीसरे जबकि 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' में शीर्ष पर चल रही हिताशी बख्शी 69–73 के कार्ड से अकेले 5वें स्थान पर बनी हुई हैं।